ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित

www.rastriyanaveenmail.com • रांची • चैत्र शुक्ल पक्ष 06 • विक्रम संवत 2080 • सोमवार, 27 मार्च 2023 • वर्ष-24 • अंक-54 • पृष्ठ-12 • मूल्य ₹ 1.50



कावेरी प्रियम ने किया खुलासा... पेज 12 पर

## वासंतिक नवरात्र

**षष्टम : कात्यायनी**



नवरात्रि का छठा दिन मां कात्यायनी की उपासना का दिन होता है। इनके पूजन से अद्भुत शक्ति का संचार होता है व दुश्मनों का संहार करने में ये सक्षम बनाती हैं। इनका ध्यान गोधुली बेला में करना होता है। मां कात्यायनी का स्वरूप अत्यंत चमकीला और भास्वर है। इनकी चार भुजाएं हैं। माताजी की दाहिनी तरफ का ऊपरवाला हाथ अभयमुद्रा में तथा नीचेवाला वरमुद्रा में है। बायीं तरफ के ऊपरवाले हाथ में तलवार और नीचेवाले हाथ में कमल-पुष्प सुशोभित है। इनका वाहन सिंह है।

चन्द्रहासोज्ज्वलकरा शार्दूलवरवाहन।
कात्यायनी शुभं दद्याद्देवी दानवघातिनी।।

मां दुर्गा की छठी शक्ति को कात्यायनी के रूप में जाना जाता है। कात्यायन ऋषि की पुत्री के रूप में जन्म लेने के कारण उनके इस स्वरूप का नाम कात्यायनी पड़ा। इस दिन साधक का मन 'आज्ञा' चक्र में स्थित होता है। योग साधना में इस आज्ञा चक्र का अत्यंत महत्त्वपूर्ण स्थान है। इस चक्र में स्थित मनवाला साधक मां कात्यायनी के चरणों में अपना सर्वस्व निवेदित कर देता है। परिपूर्ण आत्मदान करनेवाले ऐसे भक्तों को सहज भाव से मां के दर्शन प्राप्त हो जाते हैं। मां कात्यायनी अमोघ फलदायिनी हैं।

## विश्व मुक्केबाजी चैम्पियनशिप

# निकहत जरीन ने जीता दूसरा स्वर्ण

**एजेंसी। नई दिल्ली**

भारत की मुक्केबाजी स्टार निकहत जरीन ने वियतनाम की एनगुएन थी ताम को रविवार को 5-0 से हराकर अपना दूसरा विश्व चैम्पियनशिप स्वर्ण पदक जीत लिया। निकहत ने आक्रामक अंदाज में मुकाबले की शुरुआत की और थी ताम को संभलने का कोई मौका नहीं दिया। निकहत ने पहला राउंड 5-0 से जीता। दूसरा राउंड भी भारतीय मुक्केबाज के पक्ष में गया। तीसरा राउंड मुश्किल था। थी ताम ने अपना पूरा जोर लगाया, लेकिन जब निकहत ने थी ताम के चेहरे पर पंच लगाया तो वियतनामी मुक्केबाज को काउंटिंग से गुजरना पड़ा। थी ताम ने निकहत के चेहरे पर एक पंच लगाया जिससे पूरा स्टेडियम स्तब्ध रह गया। रेफरी ने निकहत के लिए काउंट गिना। लेकिन मैच जारी रहा और निखत विजेता बन कर उभरीं।

इस जीत के साथ निकहत भारत की महान मुक्केबाज एमसी मैरी कॉम की बराबरी पर आ गई हैं। मैरी कॉम ने भी विश्व चैम्पियनशिप में लगातार दो स्वर्ण जीता है। मैरी ने हालांकि इस वैश्विक प्रतियोगिता में रिकॉर्ड छह स्वर्ण पदक जीते हैं।

### विश्व चैम्पियन बनकर बेहद खुश हूं : निकहत



**निकहत** ने दूसरा स्वर्ण पदक जीतने के बाद कहा : मैं दूसरी बार विश्व चैम्पियन बनकर बेहद खुश हूं, खासकर एक अलग वेट कटेगरी में। पूरे टूर्नामेंट में आज का मुकाबला मेरा सबसे कठिन मुकाबला था और चूंकि यह टूर्नामेंट का आखिरी मैच था इसलिए मैं अपनी ऊर्जा का पूरी तरह से उपयोग करना चाहती थी।

# मां दिउड़ी के दरबार में सपरिवार पहुंचे मुख्यमंत्री



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन चैत्र नवरात्र के पावन अवसर पर रविवार को सपरिवार मां दिउड़ी के दरबार में पहुंचे। उन्होंने मंदिर में पूरे विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर राज्य की उन्नति, सुख, समृद्धि, शांति और सद्भाव की कामना की। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस ऐतिहासिक मंदिर के प्रति श्रद्धालुओं की गहरी आस्था है। यहां मां के दर्शन और आशीर्वाद के लिए देशभर से श्रद्धालु आते हैं। सरकार ने मंदिर परिसर को विकसित करने की कार्य योजना बनाई है। मुख्यमंत्री ने उम्मीद जताई कि मंदिर के सौंदर्यीकरण का कार्य जल्द पूरा हो जाएगा और श्रद्धालु भव्य मंदिर का दर्शन करेंगे।

# देवघर-पटना के बीच उड़ान शुरू

## यात्रियों को पहनाई गई फूलों की माला, यात्रियों ने बयां की खुशी

**नवीन मेल संवाददाता। देवघर**

रविवार को देवघर से पटना के लिए उड़ान सेवा शुरू हो गई। रविवार को बाबा नगरी से पहली बार पटना के लिए हवाई जहाज ने उड़ान भरी। पहले दिन यहां से जो यात्री गए उनमें से कुछ को पटना, कुछ को पटना के रास्ते देश के दूसरे शहरों में जाना था। वहीं, एक व्यक्ति ऐसे भी थे जिन्हें यहां से पटना के रास्ते दुबई जाना था। पहली बार पटना के लिए सफर कर रहे यात्रियों में खासा उत्साह देखा गया। एयरपोर्ट पहुंचने पर इन यात्रियों का एयरपोर्ट के कर्मियों वे इंडिगो एयरलाइंस के कर्मियों द्वारा भव्य स्वागत किया गया। यात्रियों को फूलों की माला पहनाई गई और मिठाई भी खिलाई गई।

जानकारी हो कि पटना के लिए हवाई जहाज सप्ताह में चार दिन चलेगी। यह फ्लाइट सोमवार, बुधवार, शुक्रवार और रविवार हो होगा। 76 सवारी की क्षमता वाला यह हवाई जहाज कोलकाता से यहां आएगा और यहां से पटना जाएगा। वहां से वापस देवघर आएगा और फिर कोलकाता लौट जाएगा। देवघर से पटना तक का सफर करीब एक ▸▸ शेष पृष्ठ 11 पर

### 15 मिनट की देरी से पहुंचा प्लेन



**देवघर** से पटना जाने वाला हवाई जहाज कोलकाता से यहां पहुंचा। इसे सुबह 10:55 मिनट पर देवघर एयरपोर्ट पर उतरना था। कोलकाता से फ्लाइट ने सही समय पर उड़ान भरी। रास्ते में भी यह समय पर ही चल रही थी। इस दौरान दुमका जिला अंतर्गत नोनीहाट के पास पहुंचने पर प्लेन हवा में चक्कर काटने लगी। यहां प्लेन ने हवा में पांच चक्कर काटा। इस कारण यह देवघर एयरपोर्ट पर करीब 15 मिनट की देरी से 11.10 मिनट पर पहुंची। एयरपोर्ट सूत्रों के मुताबिक एटीसी से तकनीकी क्लीयरेंस नहीं मिलने के कारण यह देर हुई। इस कारण प्लेन करीब 15 मिनट की देरी से पटना के लिए रवाना हुई। लोग एयरपोर्ट पर फ्लाइट के लैंड करने का बेसब्री से इंतजार करते नजर आए।




*भगवान सूर्य की उपासना के चार दिवसीय चैती छठ महापर्व के दूसरे दिन रविवार को श्रद्धालुओं ने खरना अनुष्ठान कर प्रसाद ग्रहण किया। इस दौरान व्रतियों और श्रद्धालुओं ने सूर्य देवता की आराधना कर उन्हें खीर, पूरी और फलों का प्रसाद अर्पित किया। छठ व्रत करनेवाले लोग खरना प्रसाद ग्रहण करने के बाद 36 घंटे का निर्जला उपवास रखते हैं जो मंगलवार सुबह उदीयमान सूर्य को अर्घ्य देने के साथ सम्पन्न होगा।*

## एयर इंडिया और नेपाल एयरलाइंस के विमान टकराने से बचे

**एजेंसी। नई दिल्ली**

नेपाल में एयर ट्रैफिक कर्मचारियों की लापरवाही की वजह से एक बड़ा विमान हादसा टल गया। एयर इंडिया और नेपाल एयरलाइंस के विमान एक-दूसरे के काफी करीब आ गए थे। अगर समय रहते दोनों विमानों के पायलटों ने सतर्कता नहीं बरती होती तो दोनों विमान आपस में टकरा सकते थे। एयर ट्रैफिक कर्मचारी की इस लापरवाही को देखते हुए द सिविल एविएशन अथॉरिटी ऑफ नेपाल ने तीन कर्मचारियों को सस्पेंड कर दिया है। इसकी जानकारी सीएएन के प्रवक्ता ने दी। उन्होंने कहा कि हम फिलहाल इस पूरे मामले की जांच कर रहे हैं। घटना शुक्रवार सुबह की है। तब नेपाल एयरलाइंस का विमान एयरबस ए-320 क्वालालंपुर से काठमांडू आ रहा था और एयर इंडिया का विमान नई दिल्ली से काठमांडू जा रहा था। दोनों विमान आसमान में एक-दूसरे से टकराने से बाल-बाल बचे। एयर इंडिया का विमान 19 हजार फीट की ऊंचाई से नीचे उतर रहा था जबकि नेपाल एयरलाइंस का विमान उस समय 15 हजार फीट पर उड़ रहा था।

## चाईबासा में आईईडी विस्फोट में महिला की मौत, एक घायल



**नवीन मेल संवाददाता। चाईबासा**

जिले के नक्सल प्रभावित मुफसिल थाना क्षेत्र के अंजदबेड़ा गांव के चिड़ियाबेड़ा टोला जंगल में नक्सलियों के आईईडी विस्फोट में शनिवार को एक महिला की मौत हो गई जबकि एक अन्य महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। मृतका की पहचान चिडियाबेड़ा टोला निवासी गुरबारी तामसोय (62) के रूप में हुई है जबकि चांदु तामसोय (62) गंभीर रूप से जख्मी हो गई। घटना के समय दोनों महिलाएं जंगल में पत्ता तोड़ने गई थी। ग्रामीणों ने रविवार को घटना की जानकारी पुलिस को दी। सूचना के बाद जिला पुलिस, झारखंड जगुआर, सीआरपीएफ के जवान मौके पर पहुंचे। ग्रामीणों के सहयोग से पुलिस ने जख्मी महिला को सदर अस्पताल में भर्ती कराया। उसकी हालत स्थिर है। मृत महिला गुरवारी तामसाय का शव पोस्टमार्टम के लिए शीतगृह में रखा गया है।

एसपी आशुतोष शेखर ने बताया कि नक्सलियों के खिलाफ झारखंड पुलिस व सीआरपीएफ के लगातार अभियान चलाये जाने से नक्सली बौखलाए हुए हैं। आये दिन आईईडी ब्लास्ट कर रहे हैं। शनिवार को भी सुरक्षा बलों को नुकसान पहुंचाने के लिए नक्सलियों ने चिरियाबेड़ा जंगल में आईईडी लगाये थे। जंगल में पत्ता तोड़ने गयी दो महिलाएं इसकी चपेट में आ गयी। घटना शनिवार दोपहर के बाद घटी है। उन्होंने बताया कि रविवार सुबह ग्रामीणों के माध्यम से इसकी जानकारी मिली। उल्लेखनीय है कि नक्सलियों के आईईडी ब्लास्ट में अब तक कई जवान और ग्रामीण मारे जा चुके हैं।

## भोजपुरी अभिनेत्री आकांक्षा दुबे ने की आत्महत्या



**वाराणसी।** भोजपुरी अभिनेत्री आकांक्षा दुबे ने वाराणसी में सारनाथ थाना क्षेत्र के एक होटल में आत्महत्या कर ली। पुलिस सूत्रों ने बताया कि रविवार सुबह सारनाथ इलाके के सोमेंद्र होटल में अभिनेत्री का शव पंखे से फंदे से लटका मिला। होटल के कर्मचारियों ने पुलिस को इसकी सूचना दी। वर्ष 1996 में भदोही जिले के चौरी थाना क्षेत्र स्थित पेरिसपुर में जन्मी आकांक्षा तीन साल की उम्र में अपने माता-पिता के साथ मुंबई आ गई थी। वह शनिवार की रात सोमेंद्र होटल में रहने आई थी। पुलिस उपायुक्त ने उसका मोबाइल फोन और अन्य सामान अपने कब्जे में ले लिया। अभिनेत्री के फोन की कॉल डिटेल भी चेक की जा रही है। अभी तक उसके कमरे से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। पुलिस उसकी आत्महत्या के कारणों का पता लगाने का प्रयास कर रही है।


## NEWS इन ब्रीफ

### झारखंड कैबिनेट की बैठक आज

**रांची।** झारखंड कैबिनेट की बैठक मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में 27 मार्च को प्रोजेक्ट भवन में होगी। मंत्रिमंडल सचिवालय एवं निगरानी विभाग (समन्वय) की ओर से सूचित किया गया है कि मंत्रिपरिषद् की बैठक 27 मार्च को 3:30 बजे से प्रोजेक्ट भवन स्थित मंत्रिपरिषद कक्ष में होगी। बैठक में राज्य के विकास से संबंधित महत्वपूर्ण योजनाओं पर विमर्श के बाद निर्णय लिया जायेगा।

### आईएएस एक्का से ईडी आज करेगी पूछताछ

**रांची।** आईएएस अधिकारी राजीव अरुण एक्का से ईडी सोमवार को पूछताछ करेगी। उन्हें दिन के 11 बजे हिनू स्थित प्रवर्तन निदेशालय के क्षेत्रीय कार्यालय बुलाया गया है। ईडी ने उन्हें दूसरी बार समन भेजकर हाजिर होने को कहा है। इससे पहले उन्हें 15 मार्च को हाजिर होने को कहा गया था, तब उन्होंने विधानसभा सत्र चलने का हवाला देकर ईडी से समय मांगा था। ईडी ने उनके अनुरोध को स्वीकार करते हुए 27 मार्च की तारीख तय की थी। ब्लैक मनी और मनी लांड्रिंग के आरोपित विशाल चौधरी के साथ राजीव अरुण एक्का के संबंध की पुष्टि होने के बाद वे ईडी की राडार पर आए थे।




# भाजपा पर विपक्ष का प्रहार

### विपक्ष ने पार की एकता की राह की पहली बाधा पार

**एजेंसी। नई दिल्ली**

राहुल गांधी को संसद से अयोग्य करार दिए जाने के बाद विपक्ष ने एकता की पहली परीक्षा पास कर ली है। अब तक कांग्रेस से दूरी बनाकर चलने वाली बीआरएस, टीएमसी व आप ने भी इस मामले में राहुल को समर्थन दिया है। राहुल गांधी ने विपक्ष को उनके समर्थन के लिए धन्यवाद दिया और कहा कि यह सरकार से लड़ने के लिए एक हथियार साबित होगा। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने कहाः आज यह नोट किया गया कि कई विपक्षी दलों ने राहुल गांधी को अयोग्य घोषित करने के लिए सरकार द्वारा की गई एकतरफा कार्रवाई की निंदा की है।



### कांग्रेस क्षेत्रीय दलों का समर्थन करे : अखिलेश



समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कांग्रेस से कहा है कि अगर वह 2024 के आम चुनावों में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को हटाना चाहती है, तो वह क्षेत्रीय दलों का समर्थन करे। उन्होंने सुझाव दिया कि भाजपा विरोधी सभी क्षेत्रीय राजनीतिक दलों को एक साथ आना चाहिए।

अखिलेश ने कहाः कई क्षेत्रीय पार्टियां अपने-अपने राज्यों में बीजेपी का कड़ा मुकाबला कर रही हैं। इन सभी क्षेत्रीय दिग्गजों को एक साथ आना चाहिए और कांग्रेस पार्टी को राष्ट्रीय स्तर पर अपनी भूमिका तय करनी चाहिए। कांग्रेस को क्षेत्रीय पार्टियों का समर्थन करना चाहिए।

### सत्याग्रह में प्रियंका गांधी ने साधा बीजेपी पर निशाना



**कांग्रेस** महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने रविवार को राजघाट पर 'संकल्प सत्याग्रह' को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री पर हमला बोला और जम कर निशाना साधा। प्रियंका गांधी ने कहाः यह समय जागने और एकजुट होकर सरकार का मुकाबला करने का है। सरकार अपने खिलाफ उठ रही हर उस आवाज को खामोश करने की कोशिश कर रही है। उन्होंने सरकार को चुनौती दी कि उन्हें जेल में डाल दिया जाए, लेकिन मैं नहीं झुकूंगी। उन्होंने अपने भाई राहुल गांधी का बचाव किया और कहाः जो व्यक्ति भारत जोड़ो यात्रा के दौरान सद्भाव, एकता की बात कर रहा था, वह ऐसी बात नहीं कर सकता जो देश के हित में नहीं है।

**जज्बा** न कभी सरकारी मदद की चाहत रखी, न किसी से सहायता मांगी

# 'जलयोद्धा' ने अकेले दम पर खोद डाला तालाब

### 72 साल के चुम्बरू तामसोय के बनाए तालाब से पूरे गांव के पानी की जरूरतें होती हैं पूरी



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड के पश्चिम सिंहभूम के कुमरिता गांव में रहने वाले चुम्बरू तामसोय ने अकेले दम पर 100 गुणा 100 फीट वाला 20 फीट गहरा तालाब खोद डाला। न कभी सरकारी मदद की चाहत रखी और न किसी और से सहायता मांगी। उनके बनाए तालाब से पूरे गांव के पानी की जरूरतें पूरी होती हैं।

72 साल के चुम्बरू तामसोय ने अपनी पूरी उम्र इस तालाब की खुदाई और उसके विस्तार में खपा दी। उम्र के थपेड़ों ने उन्हें शारीरिक तौर पर कमजोर जरूर कर दिया है, लेकिन उन्होंने पानी बचाने और हरियाली फैलाने के अपने जुनून और हौसले में कोई कमी नहीं आने दी।

चुम्बरू तामसोय के जिद-जुनून का यह सफर तकरीबन 45 साल पहले शुरू हुआ। वह 1975 का साल था। इलाके में सूखा पड़ा था। घर में दो वक्त के लिए अनाज तक का संकट था। तभी उत्तर प्रदेश से इस इलाके में आया एक ठेकेदार गांव के कई युवकों को मजदूरी के लिए अपने साथ रायबरेली ले गया। इनमें चुम्बरू तामसोय भी थे। वहां उन्हें नहर के लिए मिट्टी खुदाई के काम में लगाया गया। पूरे दिन काम करने के एवज में ठेकेदार जो मजदूरी देता, वह बहुत कम थी। डांट और प्रताड़ना भी झेलनी पड़ती। करीब दो-ढाई महीने बाद ही चुम्बरू गांव लौट आए। यहां उन्होंने अपनी जमीन पर बागवानी शुरू की, लेकिन जब सिंचाई के लिए पानी की जरूरत हुई तो पास स्थित तालाब के मालिक ने साफ मना कर दिया। यह बात चुम्बरू के दिल पर लगी और उसी रोज उन्होंने अकेले तालाब खोदने की जिद ठान ली।

### लोग कहते थे 'मूर्ख'

**खेती-बाड़ी** के साथ हर रोज चार-पांच घंटे का वक्त निकालकर तालाब के लिए मिट्टी खुदाई करने लगे। वह बताते हैं कि अगर किसी रोज दिन में समय नहीं मिला तो रात में ढिबरी जलाकर खुदाई किया करते थे। गांव के लोग हंसते। कुछ लोग उन्हें मूर्ख कहा करते थे।

### पत्नी छोड़ कर चली गई

चुम्बरू गृहस्थी की डोर से बंधे। शादी हुई और इसके बाद एक संतान हुई। उन्हें आस थी कि कम से कम पत्नी उसके तालाब खोदने के अभियान में साझीदार बनेगी, लेकिन गांव के बाकी लोगों की तरह वह भी इसे चुम्बरू का पागलपन समझती थी। पर इससे बेरपवाह चुम्बरू की आंखों में एक ही सपना था कि एक ऐसा तालाब हो, जिससे गांव के हर आदमी को जरूरत भर पानी मिल सके। एक रोज ऐसा भी हुआ कि पत्नी उनके इस 'पागलपन' से खीझकर उन्हें छोड़कर चली गई। उसने किसी और के साथ ▸▸ शेष पृष्ठ 11 पर

## एलवीएम 3 रॉकेट से वनवेब के 36 उपग्रहों का प्रक्षेपण



**एजेंसी। श्रीहरिकोटा**

भारत के एलवीएम3 रॉकेट ने रविवार को श्री हरिकोटा उपग्रह प्रक्षेपण स्थल से ब्रिटेन स्थित 'वनवेब' के 36 उपग्रहों को प्रक्षेपित किया। 643 टन वजनी 43.5 मीटर लंबे एलवीएम 3 रॉकेट ने 5,805 किलोग्राम या लगभग 5.8 टन वजन के 36 उपग्रहों को प्रक्षेपित किया। इसे रविवार सुबह 9 बजे सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र से लॉन्च किया गया।

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने मिशन को एलवीएम3-एम3/वनवेब इंडिया-2 नाम दिया है। एलवीएम3 (जीएसएलवी-एमके तीन) तीन चरणों वाला रॉकेट है, इसमें पहले चरण में तरल ईंधन, ठोस ईंधन द्वारा संचालित दो स्ट्रैप ऑन मोटर, दूसरा तरल ईंधन द्वारा और तीसरा क्रायोजेनिक इंजन है। इसरो के हैवी लिफ्ट रॉकेट की लो अर्थ ऑर्बिट (एलईओ) में 10 टन और जियो ट्रांसफर ऑर्बिट (जीटीओ) तक चार टन की वहन क्षमता है। एलवीएम 3 ने अब तक चंद्रयान-2 मिशन सहित लगातार पांच सफल मिशन संचालित किया।

# अन्नपूर्णा भंडारे का प्रसाद वितरण किया गया

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

रविवार को 79 वें निःशुल्क श्री कृष्ण प्रणामी अन्नपूर्णा भंडारे का संचालन अपनी स्व. धर्म पत्नी शैला सर्राफ की स्मृति में संस्था के वरिष्ठ सदस्य श्री पुर्णमल सर्राफ और उनके परिवार के सौजन्य से की गई। रांची की सुप्रसिद्ध समाजिक एव धार्मिक संस्था एमआरएस श्री कृष्ण प्रणामी सेवा धाम ट्रस्ट एवं स्वामी सदानंद प्रणामी चैरिटेबल ट्रस्ट (रजि.) दिल्ली शाखा रांची शहर की जानी मानी समाजिक संस्था है। इस संस्था के द्वारा समय- समय गरीब असहाय जरूरतमंदों के बीच सेवा के कार्य किए जाते रहते हैं। गुरू महाराज के जनसेवा को समर्पित जीवन के 51 वर्ष पुरे होने के उपलक्ष्य में रांची शहर के पुंदाग स्थित संस्था के निमार्णाधीन श्री कृष्ण प्रणामी (राधा-कृष्ण) मंदिर के प्रांगण मे रांची शहर के प्रतिष्ठित समाजसेवी पुर्णमल सर्राफ संस्था के अध्यक्ष डुंगरमल अग्रवाल सचिव मनोज कुमार चौधरी पवन पोद्दार एव विष्णु सोनी के द्वारा वहां के जरूरतमंद ग्रामीण मंदिर के आस पास के रहने वाले श्रद्धालुओं, जरुरतमंद परिवारों के सदस्यों मंदिर के सामने के गुजरने वाले राहगीरों एवं बच्चों के बीच 79 वां निःशुल्क श्री कृष्ण प्रणामी अन्नपूर्णा भोजन भंडारे का विधिवत उद्घाटन कर वितरण शुरू किया गया। आज संस्था के सदस्यों ने श्री राज श्यामा जी (राधा-कृष्ण) भगवान एव गुरू महाराज की फोटो पर चंदन वंदन कर अन्नपूर्णा भंडारे का प्रसाद अर्पित कर वहा उपस्थित महिलाओ और पुरूष श्रद्धालुओं को चंदन का तिलक करने भजन संकीर्तन कर आज के 79 वें निःशुल्क श्री कृष्ण प्रणामी अन्नपूर्णा भंडारे का वितरण शुरू किया गया। रविवार को संस्था की ब्रह्मलीन वरिष्ठ सदस्या स्वङ्शैला सर्राफ की स्मृति मे आयोजित निःशुल्क श्री कृष्ण प्रणामी अन्नापूर्णा भंडारे मे 900 से ज्यादा श्रद्धालुओं राहगीरों एव जरूरतमंदों ने श्री कृष्ण प्रणामी भंडारे का प्रसाद अर्पित कर सेवा की गई। प्रत्येक सप्ताह श्री कृष्ण प्रणामी अन्नपूर्णा भोजन प्रसाद भंडारे में समाज के लोग बढ़-चढ़कर अपनी भागेदारी निभा रहे है।अन्नपूर्णा भोजन प्रसाद भंडारे का प्रसाद ग्रहण करने वालो की संख्या भी प्रत्येक सप्ताह बढती जा रही है। प्रणामी निःशुल्क अन्नपूर्णा भोजन प्रसाद भंडारे की सेवा प्रत्येक रविवार को दोपहर 12:30 बजे से पुंदाग स्थित संस्था के निमार्णाधीन मंदिर के प्रांगण में संस्था के द्वारा की जाती है। आज के अन्नपूर्णा भोजन सेवा का आयोजन अपनी स्व. धर्म पत्नी शैला सर्राफ की स्मृति में श्री पुर्णमल सर्राफ उनके पुत्र अंमोल सर्राफ एवं उनकी पुत्री पिर्या, पायल सर्राफ और उनके परिवार के सौजन्य से की गई। आज के अन्नपूर्णा भोजन प्रसाद भंडारे की सेवा के महान कार्य में विशेष रूप संस्था के अध्यक्ष डुंगरमल अग्रवाल उपाध्यक्ष निर्मल जालान राजेन्द्र प्रसाद अग्रवाल, सचिव मनोज कुमार चौधरी, पुर्णमल सर्राफ, अनमोल सर्राफ,ओम प्रकाश सरावगी, सज्जन पाड़िया,विष्णु सोनी, मनीष सोनी,मनीष जालान,सुरेश भगत,शिव भगवान अग्रवाल, ज्ञान प्रकाश शर्मा, पवन पोद्दार (ताउ), धीरज कुमार गुप्ता, आलोक सिंह,चन्द्रदिप साहु महिला समिति की शकुन्तला केजरीवाल, सुधा सुल्तानिया, शारदा खंडेलवाल, पिर्या सर्राफ, पायल सर्राफ,अमिता जालान एव इनके अलावा संस्था के और भी बहुत से सदस्य उपस्थित थे।



## हॉकीः महिला और पुरुष दोनों वर्गों में हुआ चैंपियन



**रांची।** फाइनल मैच के मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित झारखंड सरकार के खेल मंत्री हफीजुल हसन अंसारी पदक प्राप्त करने वाले खिलाड़ियों को मेडल पहनाकर सम्मानित किया। फाइनल मैच में झारखंड की स्टार बेतिया ओलंपियन सलीमा टेटे और निक्की प्रधान आयोजन स्थल का शोभा बढ़ा रही थी। फाइनल मैच में खेल निदेशक सरोजनी लकड़ा,उपायुक्त खूंटी, एसपी खुटी सहित कई पदाधिकारी उपस्थित थे। महिला वर्ग में प्रथम हॉकी झारखंड,द्वितीय हॉकी मिजोरम और तृतीय स्थान हॉकी एसोसिशन ऑफ ओडिसापुरुष वर्ग में प्रथम हॉकी झारखंड,द्वितीय हॉकी एसोसियशन ऑफ ओडिसा तथा तृतीय स्थान हॉकी बिहार की टीम प्राप्त की।

## गायत्री मंदिर में निःशुल्क चिकित्सा जांच शिविर




**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

रविवार को धुर्वा गायत्री मंदिर परिसर में महायज्ञ एवं निःशुल्क चिकित्सा जांच शिविर एवं रक्तदान शिविर लायंस क्लब रांची ग्रेटर एवं लायंस क्लब एकलव्य ग्रेटर के संयुक्त तत्वावधान मे आयोजन किया गया।जिसमे 30 यूनिट रक्त संग्रह हुआ एवं 500 लोगों की मधुमेह जांच हुई।कार्यक्रम की अध्यक्षता क्लब के अध्यक्ष लायन प्रेमशंकर मिश्रा एवं लायन सुबोध चौधरी एवं संचालन प्रोजेक्ट चेयर पर्सन पीएमजेएफ लायन सुजीत कुमार,लायन श्रवण वर्णवाल, लायन दिनेश वर्णवाल,लायन सीमू रवि दास ने किया।इस मौके पर समाजसेवी शिव किशोर शर्मा विशेषरूप उपस्थित थे।पीएमजे एफ लायन सुजीत कुमार इस पुनीत कार्य के लिए सभी को बधाई दी एवं कहा रक्तदान महा दान है वहीं लायन प्रेमशंकर मिश्रा ने कहा मानव सेवा सबसे बड़ा धर्म है। कार्यक्रम को सफल बनाने मे मुख्यरुप से क्लब के अध्यक्ष लायन प्रेमशंकर मिश्रा, लायन सुजीत कुमार, सचिव लायन श्रवण वर्णवाल, कोषाध्यक्ष कनैया भालोटिया, लायन गणेश सिंह, लाइफ केयर पैथोलॉजी के कर्मचारियों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

# 2100 कुंडीय विश्व शांति विहंगम शोभायात्रा संपन्न

**नवीन मेल संवाददाता। सिल्ली**

रविवार को सिल्ली प्रखंड अंतर्गत ग्राम विकास स्कूल से विहंगम योग समारोह 2100 कुंडीय विश्व शांति वैदिक महायज्ञ तथा गूंज परिवार सिल्ली के तत्वाधान में यज्ञ को सफल बनाने के उद्देश्य से भव्य शोभायात्रा निकाली गई। शोभा यात्रा ग्राम विकास से पदयात्रा करते हुए सिल्ली स्टेडियम के यज्ञ स्थल पर पहुंचकर पूजा अर्चना के साथ समाप्त हुई। आज के इस शोभायात्रा में सिल्ली विधायक सुदेश कुमार महतो तथा गोमिया विधायक लंबोदर महतो भी पद यात्रा में शामिल हुए। संत प्रवर श्री विज्ञान देव जी महाराज और सद्गुरु आचार्य श्री स्वतंत्र देव जी महाराज भी रथ पर विराजमान होकर शोभायात्रा में शामिल रहे। शोभायात्रा के आगे आगे छऊ नृत्य के कलाकार भी अपनी कला का प्रदर्शन कर रहे थे। सभी कलाकार सभी देवी देवताओं का मुकुट पहन काफी आकर्षक दिख रहे थे। ढोल नगाड़े की आवाज से पूरा शोभायात्रा भक्तिमय हो गया था। इस शोभायात्रा में महिला एवं पुरुष पीला वस्त्र धारण कर हाथ में धार्मिक झंडे के साथ जय जयकारा लगा रहे थे। वही यज्ञ स्थल पर आज शाम संत प्रवर श्री विज्ञान देव जी महाराज का दिव्य वाणी संध्या 6 बजे से शुरू होगी तथा सद्गुरु आचार्य श्री स्वतंत्र देव जी महाराज की अमृतवाणी रात्रि 8 बजे से शुरू होगी। इस पूरे कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सिल्ली विधानसभा के वर्तमान विधायक सुदेश कुमार महतो उपस्थित रहेंगे। आज की इस शोभायात्रा में हजारों की संख्या में भक्तगण शामिल हुए।



## कांग्रेस पार्टी को अब अलग कानून चाहिए : दीपक प्रकाश

**रांची।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सह सांसद दीपक प्रकाश ने राहुल गांधी की सदस्यता समाप्त होने के बाद कांग्रेस पार्टी द्वारा जा रहे सत्याग्रह को पूरी तरह नाटक बताया है। उन्होंने कहा कि देश की जनता समझ नहीं पा रही कि आखिर कांग्रेस पार्टी किस लिए आंदोलन, सत्याग्रह कर रही है। जनता को ऐसा लगने लगा है कि कांग्रेस पार्टी को भारत की न्यायपालिका, कानून व्यवस्था और संसद पर भरोसा नहीं है। इसलिए इन्हें अब अलग न्यायालय, अलग कानून और अलग संसद चाहिए क्योंकि ये परिवार विशेष से आते हैं। दीपक प्रकाश ने कहा कि कही कल को कांग्रेस के लोग राहुल गांधी के समर्थन में अलग देश की मांग न कर बैठें। उन्होंने कहा कि दरअसल कांग्रेस को जैसे जैसे देश की जनता नकार रही है, कांग्रेस की बौखलाहट बढ़ती जा रही है।

# सरहुल बागान में सरहुल सह मिलन समारोह का आयोजन

**नवीन मेल संवाददाता। मुरी**

रविवार को रेलवे जंक्शन के समीप रेलवे सरहुल बागान में आदिवासी रेलवे परिवार के द्वारा सरहुल पूजा धूमधाम से सम्पन्न हुआ। इसके मुख्य आयोजक रेलवे स्वास्थ्य केंद्र के डॉक्टर जे कच्छप की अगुवाई में सारा कार्यक्रम संपन्न हुआ। आदिवासी परिवारों के द्वारा पारंपरिक विधि विधान से साल के गाछ को गीत गाते हुए मांदर के ताल पर सरहुल बगान में लाया गया। जहां गोन्दुरा उरांव पहान के द्वारा विधिवत रूप से पेड़ को गाढ़ा गया । सभी लोगों ने लोटे से जल अर्पित किया और अगरबत्ती दिखाया। आज के कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सिल्ली के वर्तमान विधायक सुदेश कुमार महतो उपस्थित रहे। मंच पर डॉ जे कच्छप के द्वारा माननीय विधायक को उपहार स्वरूप पौधा दिया गया। कार्यक्रम के दौरान वर्तमान विधायक ने सरहुल के बारे में बताया कि खेती-बाड़ी का काम शुरू करने से पहले सामूहिक रूप से आदिवासी समुदाय के लोग प्रकृति की पूजा करते हैं क्योंकि यह त्योहार प्राकृतिक और सांस्कृतिक का मेल है। इसके बाद प्रसाद का वितरण सभी लोगों के बीच किया गया। प्रसाद वितरण के कार्यक्रम के बाद आदिवासी सरहुल का नृत्य से लोग झूम उठे। काफी देर तक युवक, युवतियां, बड़े बुजुर्ग, बच्चे इस नृत्य में भाग लेकर सरहुल का माहौल को चार चांद लगाया। इस सरहुल पूजा में रेलवे के सभी समुदाय के लोगों ने हिस्सा लिया। इस मौके पर मुरी पूर्वी के मुखिया कन्हैया लोहरा, पूर्व जिला परिषद सदस्य सुशील महतो, पूर्व पंचायत समिति सदस्य अरविंद कुमार, धीरेंद्र मोदी, कुसुम मुंडा, नरेश घासी, मेराजुद्दीन, अमृत साहू, रामाकांत सिंह, गोरखनाथ सिंह, ए के मिश्रा समेत दर्जनों रेलकर्मी मौजूद रहे।



# रांची नगर निगम सिटीजन फोरम ने समस्या को लेकर की बैठक

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

रविवार को रांची नगर निगम सिटीजन फोरम की एक बैठक संयोजक दीपेश कुमार निराला की अध्यक्षता में वार्ड-52 के डॉन बॉस्को स्कूल के पास स्थित जतरा टांड मैदान, हेसाग, राँची में हुई, जिसमें उपस्थित लोगों ने क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं को सामने रखा, जिसमें से प्रमुख समस्याएं सड़क-नाली का अभाव, बिजली पोल नहीं होने से विद्युत कनेक्शन का नहीं होना, तालाब का सूखा होना एवं इसके जीर्णोद्धार की आवश्यकता, जतरा टांड मैदान का लगातार अतिक्रमण होना, और शाम होते ही शराबी एवं असामाजिक तत्वों का यहां पर जमावड़ा होना, जिसके वजह से विभिन्न तरह की समस्याओं का लगातार सामने आना बताया गया। चार्ल्स नगर की नारकीय स्थिति से फोरम के सदस्यों को अवगत कराया और उपस्थित लोगों ने स्थल का भ्रमण कराया। उपस्थित स्थानीयों ने बताया कि उन्होंने इन सभी समस्याओं को लिखित रूप से स्थानीय जनप्रतिनिधियों और संबंधित पदाधिकारियों को दिया है, बावजूद इसके अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है। उक्त बैठक में संयोजक दीपेश कुमार निराला के साथ-साथ कोर कमेटी सदस्य रेणुका तिवारी, स्वामी दिव्यज्ञान, विनोद जैन बेगवानी, उमाशंकर सिंह, विवेक कुमार महारथी, के अलावा स्थानीय कृष्ण प्रसाद, रमेश सिंह, बाल्मीकि चिंतन, संतोष सिंह, सदन कुमार, श्रीनाथ महतो, बिरेंद्र कुमार श्रीवास्तव, दीपक बैठा, संजय कुमार, शक्ति मिंज, बासेल मिंज, बालमुकुंद सिंह, शांति लकड़ा, कुँवर सिंह, विजय उराँव, बुधवा उराँव, किशोर कमल और संदीप कुमार सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित हुए।




## दो किमी तक सड़क के किनारे जमे कचरों को किया गया साफ

**रांची।** स्वच्छ मुरहू-सुंदर मुरहू के निर्माण की दिशा में स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने सकारात्मक कदम उठाया है। मुरहू में शनिवार को वृहद पैमाने पर स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस दौरान मुरहू चौक से प्रखंड कार्यालय परिसर तक नेशनल हाईवे के किनारे लगभग दो किमी तक जगह-जगह जमे कचरों को अर्थदान और श्रमदान के माध्यम से हटा दिया गया है। जिसके बाद मुरहू की सड़क अब सुंदर लगने लगी है। इसके साथ ही सड़क के किनारे जमें कचरों के कारण संभावित दुर्घटनाएं भी टल गई है। स्वच्छता के इस अभियान में जेसीबी और ट्रैक्टर भी लगाए गए। इस कार्य को मुरहू में लोग यहां के विकास में एक सकारात्मक कदम बता रहे हैं। इस अभियान का नेतृत्व मुरहू के उप प्रमुख अरूण साबू, राजद के जिलाध्यक्ष शहजादा खां, युथ कांग्रेस नेता शिब्लू खां समेत स्थानीय युवाओं ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया।

# बिरसा स्टेडियम बुढ़मू में सरहुल मिलन समारोह का आयोजन



**नवीन मेल संवाददाता। बुढ़मू**

सोमवार को प्रखंड के बिरसा स्टेडियम बुढ़मू में सरहुल मिलन समारोह का आयोजन किया गया है। सरहुल मिलन समारोह सफल आयोजन को लेकर कमेटी के लोगों के द्वारा सारी आवश्यक तैयारी रविवार को कर लिया गया है। सरहुल मिलन समारोह में प्रखंड के आसपास गांव के 111 खोड़ा मंडली शामिल होंगे। सरहुल मिलन समारोह के सफल आयोजन को लेकर प्रखंड के चेड़ी सरना सिदरोल में कमेटी एवं ग्रामीणों का बैठक आयोजित किया गया। बैठक की अध्यक्षता आदिवासी सरना समिति के अध्यक्ष सोनू मुंडा ने किया। बैठक में उपस्थित लोगों को सोनू मुंडा ने सरहुल मिलन समारोह को सफल बनाने को लेकर कई जानकारी, और आवश्यक दिशा निर्देश दिए। बैठक के बाद अध्यक्ष सोनू मुंडा ने कहा कि सरहुल मिलन समारोह में सभी जगह के 111 खोड़ा मंडली को समय से आने का आग्रह किया गया है। मौके पर कमेटी के उपाध्यक्ष धर्मेश भगत, कोषाध्यक्ष आकाश मुंडा, रामेश्वर पाहन, राजू उरांव, मनोज पाहन, बालदेव मुंडा, सहित सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

## खेत पटवन कर रहे किसान की कुएं में डूबने से मौत

**रांची।** तोरपा प्रखंड के मरचा गांव में शनिवार को कुएं में डूबने से किसान की मौत हो गई। बताया जाता है कि किसान नियरन तोपनो (42वर्ष ) दोपहर में कुएं से पानी भरकर अपने खेत में पटवन कर रहा था। इसी क्रम में पैर फिसल जाने से वह कुएं के अंदर गिर गया। गांव वालों ने उसे कुएं से निकालकर बेहोशी की हालत में रेफरल अस्पताल तोरपा लेकर आए। जहां जांच के बाद चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में कर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल खूटी भेज दिया। इसकी मौत से परिवार वालों का रो-रोकर बुरा हाल है। लोगों का कहना है कि श्री तोपनो अपने स्वभाव को बहुत बेतहर लड़का था। वह घर का कमासूत था। इसकी मौत गांव में मातम पसरा हुआ है।

**प्रशिक्षण** उन्नत कृषि एवं बकरीपालन पर प्रशिक्षण का समापन

# प्रशिक्षण में कुल 60 किसानों ने लिया भाग

नवीन मेल संवाददाता। रांची

बिरसा कृषि विश्वविद्यालय के प्रसार शिक्षा निदेशालय द्वारा बिहार के रोहतास एवं मधुबनी जिले के किसानों के लिए आयोजित 5 दिवसीय दो प्रशिक्षण कार्यक्रमों का समापन रविवार को हुआ। आत्मा, रोहतास के सौजन्य से बकरीपालन की उन्नत तकनीकी तथा आत्मा, मधुबनी के सौजन्य से उन्नत कृषि तकनीकी विषयक दो प्रशिक्षण कार्यक्रमों में कुल 60 किसानों ने भाग लिया। दोनों कार्यक्रमों का आयोजन बीएयू परिसर स्थित किसान भवन में किया गया। 5 दिवसीय प्रशिक्षण के दौरान मधुबनी जिले के 30 किसानों को उन्नत कृषि तकनीकी विषयक के तहत एकीकृत कृषि प्रणाली, प्रमुख सब्जियों, फलों एवं मक्का की वैज्ञानिक विधि से खेती, ड्रिप सिंचाई एवं पॉली हाउस तकनीकी, मधुमख्खी पालन, कृषि यंत्र, जैव उर्वरक तथा फसलों का रोग एवं कीट प्रबंधन विषयों की प्रौद्योगिकी से अवगत कराया गया। किसानों को हार्प, पलांडू में एकदिवसीय प्रक्षेत्र भ्रमण भी कराया गया। प्रशिक्षण पूर्व किसानों का मूल्यांकन एवं अपेक्षाओं की विवेचना केवीके, सिमडेगा के वैज्ञानिक डॉ बन्धनु उरांव ने किया। किसानों को प्रशिक्षण डॉ सीएस सिंह, डॉ अब्दुल माजिद अंसारी, डॉ मिंटू जॉब, डॉ प्रमोद राय, डॉ रविन्द्र कुमार एवं डॉ एचसी लाल प्रदान किया। 5 दिवसीय दुसरे प्रशिक्षण के दौरान रोहतास जिले 30 किसानों को बकरीपालन की उन्नत तकनीकी के अधीन ग्रामीण क्षेत्रों में बकरीपालन पालन का महत्व, बकरी के विभिन्न उन्नत नस्ल, पोषक आहार एवं दाना मिश्रण, आवास, दैनिक कार्य एवं फार्म प्रबंधन, गर्भवती बकरी का देखभाल, मेमनों की देखभाल, प्रजनन तकनीक, प्रमुख बीमारियों की पहचान, निदान एवं टीकाकरण एवं अन्य समस्याएं और निदान विषयों की जानकारी दी गयी। किसानों को वेटनरी संकाय स्थित बकरी प्रायोगिक फार्म, मुर्गी एवं सुकर फार्म का एकदिवसीय प्रक्षेत्र भ्रमण भी कराया गया। इस प्रशिक्षण के पूर्व किसानों का मूल्यांकन एवं अपेक्षाओं की विवेचना केवीके, सिमडेगा के वैज्ञानिक डॉ बन्धनु उरांव ने किया।



## फसल पर दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन

रांची। बिरसा कृषि विश्वविद्यालय के प्रसार शिक्षा निदेशालय द्वारा सोमवार से तेलहनी, दलहनी एवं मिलेट फसलों की खेती को बढ़ावा देने के लिए दो दिवसीय प्रशिक्षण-सह- कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा। इस कार्यक्रम में राज्य के सभी 24 जिलों के केवीके वरीय वैज्ञानिक, प्रधान एवं वैज्ञानिक भाग लेंगे। कार्यक्रम का आयोजन बीएयू परिसर स्थित किसान भवन में होगा। निदेशक प्रसार शिक्षा डॉ जगरनाथ उरांव ने बताया कि कुलपति डॉ ओंकार नाथ सिंह के निर्देश पर जिलों में स्थित कृषि विज्ञान केन्द्रों के माध्यम से राज्य में तेलहनी, दलहनी एवं मिलेट फसलों की खेती को बढ़ावा देने पर जोर दिया जा रहा है। कार्यक्रम के दौरान झारखंड राज्य में तेलहनी, दलहनी एवं मिलेट फसलों के आच्छादन, उत्पादन एवं उत्पादकता में बढ़ोतरी विषय पर भावी रणनीति एवं तकनीकी विषयों पर फसल विशेषज्ञ एवं केवीके वैज्ञानिकों से रणनीतिक चर्चा से आगामी खरीफ मौसम की रणनीति तय की जायेगी।

## रमजान एक ऐसी इबादत है जिसका बदला अल्लाह है



**रांची।** रमजान एक ऐसी इबादत है जिसका बदला अल्लाह खुद है। हर इबादत का बदला कुछ न कुछ है। लेकिन रोजा का बदला अल्लाह है। और जिसने अल्लाह को पा लिया उसने सब कुछ पा लिया। रोजा वो सर्वशक्तिमान इबादत है जिसको अल्लाह ने अपने जिम्मे लिया है। और कयामत के दिन, अल्लाह रोजा रखने वाले को बिना किसी द्वारा खुद सवाब देंगे। है। रमजान में तरावीह का बहुत महत्व है। तरावीह में दो सुन्नतें हैं। पहला है पूरा कुरान सुनना। दूसरा पूरे रमजान कुरान को सुनना है।

# रांची में बेल्ट ग्रेडेशन टेस्ट का आयोजन किया गया



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

शोतोकान कराटे डो फेडरेशन ऑफ इंडिया के तत्वावधान में रविवार को श्री अरबिंदो सोसाइटी कराटे सेंटर, देवी मंडप रोड, रातु रोड, रांची में बेल्ट ग्रेडेशन टेस्ट का आयोजन किया गया। जिसमे शोतोकान कराटे डो फेडरेशन ऑफ इंडिया, रांची के 148 कराटेकारो ने विभिन्न बेल्टो में सफल घोषित किए गए।बेल्ट ग्रेडेशन शोकफ के मुख्य टेक्निकल डायरेक्टर शिहान मानस सिन्हा के द्वारा लिया गाया। ग्रेडेशन में सहयोग कराटे प्रशिक्षक सेंसी संजय मिश्रा, सेंसी अमर वर्मा, सेंसी राज किशोर गुप्ता, सेंसी उमेश रजक, संजीव रंजन, सुमीत गोस्वामी ने किय। ग्रेडेशन के संचालन में प्रच्छित पाठक, हर्सिका मुंडा में सहयोग किया।ग्रेडेशन में व्हाइट बेल्ट से ब्राउन बेल्ट तक में निम्नलिखित कराटेकर बेस्ट के रूप में चुने गए शशांक कुमार, जानवी केजरीवाल, काव्य कुमारी, आदित्या तिवारी, भूमिका कुमारी, ईशा कुमारी, अंसिका, गौरव कुमार यादव, आयुष कुमार वर्मा,रिया रंजन, समृद्ध कुमार, अर्चित कुमार। बेस्ट कराटेकारो को शिहान मानस सिन्हा एवम श्री रमेश भाई द्वारा मेडल प्रदान किया गया।

# परमात्मा पवित्र प्रेम और दिव्य विवेक के स्रोत हैं



### 50 हजार किलोमीटर की यात्रा तय की जो अपने आप में एक विश्व रिकार्ड है

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय के स्थानीय सेवा केन्द्र चौधरी बगान, हरमू रोड रांची में प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय के पूर्व अन्तर्राष्ट्रीय प्रमुख प्रशासिका दादी जानकी जी के पुण्य तिथि को वैश्विक आध्यात्मिक जागृति दिवस के रूप में मनाया गया। कार्यक्रम में उपस्थित भुवनेश प्रताप सिंह (भा.प्र.से.), निदेशक, झारखंड एड्स कन्ट्रोल सोसाईटी कहा एक आध्यात्मिक नेता के रूप में विश्व विख्यात दादी जी के जीवन का केंद्र बिंदु था- ईश्वरीय कार्य और ईश्वरीय इच्छा के प्रति दिल और दिमाग से सम्पूर्ण समर्पण दादी जी का मानना था कि परमात्मा पवित्र प्रेम और दिव्य विवेक के स्रोत हैं और इन्हीं दोनों गुणों को उन्होंने अपने जीवन का आधार बनाया। इस आध्यात्मिक शक्ति ने दादी जी को विश्वभर की आत्माओं के लिए प्रकाश स्तंभ बना दिया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए केएल अग्रवाल, निदेशक विमानपत्तन, रांची ने कहा कि दादी जानकी जी ने दादी प्रकाशमणि जी के बाद संस्था की प्रमुख प्रशासिका के रूप में विश्व परिवर्तन एवं आध्यात्मिक पुनरूत्थान का कार्य किया है। दादी जानकी जी को वैज्ञानिकों द्वारा विश्व भर सर्वोच्च स्थिर मन महिला' की उपाधि दी गई है। दादी जानकी जी 103 वर्ष की आयु में इतनी ऊजार्वान थीं कि एक वर्ष में भारत सहित दुनिया के कई देशों की यात्रा करते हुए 50 हजार किलोमीटर की यात्रा तय की जो अपने आप में एक विश्व रिकार्ड है। उनमें अंतिम समय तक युवाओं जैसा उत्साह देखा गया है। भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोद ने दादी जी को स्वच्छ भारत मिशन का ब्रांड एम्बेसडर नियुक्त किया। सुधीर प्रसाद समाजसेवी एवं व्यवसायी ने कहा दादी जी की प्रेरणा से आज ब्रिटेन में अनेक ईश्वरीय सेवा केन्द्र स्थापित किये जा चुके हैं तथा दुनिया के करीब 140 देशों में भी ईश्वरीय केन्द्रों की स्थापना हो चुकी है। संस्थान के विद्यार्थी एवं शिक्षक-शिक्षिकाएं अस्पतालों, विद्यालयों, जेलों, शरणार्थी शिविरों, बेसहारा बच्चों, वेश्याओं एवं व्याचिग्रस्त लोगों के आवासों में जाकर उनकी सेवा करते हैं तथा व्यसनियों को भी व्यसन मुक्त करने की कोशिश करते हैं। अंतर्राष्ट्रीय कार्यक्रमों, मूल्यों एवं योजनाओं के क्रियान्वयन के लिए जमीनी स्तर पर दादीजी ने शुरूआत की, परिणामस्वरूप अनेक लोगों एवं समुदायों के लोगों के जीवन स्तर में सुधार आया। सुमन सिंह, पूर्व निदेशक इनर व्हील क्लब एवं समाजसेवी ने कहा ब्रह्माकुमारी संस्था में समर्पित 46 हजार से भी अधिक बहनों की अभिभावक के साथ-साथ मां भी रहीं। दादी जी ने अकेले ही सौ देशों में ईश्वरीय पैगाम दिया। ये सब दादी जी के कर्मठ सेवा के प्रति लगन और अथक परिश्रम का कमाल है। दादी जी ब्रह्माकुमारी संस्था का कुशलता पूर्वक नेतृत्व करते हुए लाखों लोगों की प्रेरणापुंज बनी। दादी जी को देश तथा विदेशों द्वारा कई राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय अवार्डो से नवाजा जा चुका है।

## राजीव अरुण एक्का से ईडी आज करेगी पूछताछ

**रांची।** आईएएस अधिकारी राजीव अरुण एक्का से ईडी सोमवार को पूछताछ करेगी। उन्हें दिन के 11 बजे हिनू स्थित प्रवर्तन निदेशालय के क्षेत्रीय कार्यालय बुलाया गया है। ईडी ने उन्हें दूसरी बार समन भेजकर हाजिर होने को कहा है। इससे पहले उन्हें 15 मार्च को हाजिर होने को कहा गया था, तब उन्होंने विधानसभा सत्र चलने का हवाला देकर ईडी से समय मांगा था। ईडी ने उनके अनुरोध को स्वीकार करते हुए 27 मार्च की तारीख तय की थी।ब्लैक मनी और मनी लांड्रिंग के आरोपित विशाल चौधरी के साथ राजीव अरुण एक्का के संबंध की पुष्टि होने के बाद वे ईडी की राडार पर आए थे। उल्लेखनीय है कि पांच मार्च को भाजपा कार्यालय में आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में भाजपा विधायक दल के नेता व पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव और गृह सचिव राजीव अरुण एक्का पर गंभीर आरोप लगाते हुए एक वीडियो क्लिप जारी किया।

# गवर्नमेंट रिसिप्ट अकाउंटिंग सिस्टम को मिला सम्मान




**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड इलेक्ट्रॉनिक गवर्नमेंट रिसिप्ट अकाउंटिंग सिस्टम को 20वें कंप्यूटर सोसाइटी ऑफ इंडिया (उरक), स्पेशल इंटरेस्ट ग्रुप ई-गवर्नेंस अवाड्र्स द्वारा 25-मार्च 2023 को नई दिल्ली में आयोजित एक राष्ट्रीय कार्यशाला में मान्यता का पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। जीग्रास को झारखंड सरकार के संपूर्ण कर और गैर-कर राजस्व के केंद्रीकृत संग्रह के लिए स्टेट ऑफ आर्ट इंटीग्रेटेड टेक्निकल प्लेटफॉर्म के लिए सम्मानित किया गया है। वित्त विभाग, झारखंड सरकार के लिए इस सॉफ्टवेयर के निर्माण के लिए राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र, झारखंड द्वारा आईटी शूलूशन प्रदान किया गया है। जीग्रास पर राजस्व संग्रहण हेतु विभिन्न बैंकिंग प्रणाली (एसबीआई/पीएनबी/जीबीएसएस ) एवं आरबीआई के ई-कुबेर प्लेटफॉर्म के साथ एकीकृत है। ऑनलाइन मोड में संपूर्ण सरकारी राजस्व के संग्रह के लिए JeGRAS के माध्यम से ई-चालान प्रणाली को लागू करने वाले अग्रणी राज्यों में से झारखंड राज्य भी शामिल हो गया है।

प्रधान सचिव, वित्त विभाग के निर्देश पर श्री चंद्र भूषण प्रसाद, संयुक्त सचिव, वित्त विभाग, झारखंड सरकार एवं राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र, झारखंड के वरीय पदाधिकारी द्वारा नई दिल्ली में यह पुरस्कार प्राप्त किया गया।

# सत्याग्रह के जरिए राहुल की आवाज करेंगे बुलंद : राजेश




### लोकतंत्र को उखाड़ने की व्यवस्था चल रही

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

कांग्रेस नेता राहुल गांधी की लोकसभा सदस्यता रद्द होने के विरोध में झारखंड कांग्रेस के पदाधिकारी और कार्यकर्ता राजधानी रांची सहित विभिन्न जिलों में आंदोलन कर रहे हैं। मोरहाबादी मैदान स्थित बापू वाटिका में रविवार को प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर के नेतृत्व में संकल्प सत्याग्रह किया गया। इससे पहले कांग्रेस के नेताओं और कार्यकताओं ने बापू वाटिका में स्थित राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के चरणों पर पुष्प अर्पित किया और राहुल गांधी के मिशन को आगे बढ़ाने और उन्हें न्याय दिलाने का संकल्प लिया। कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कहा कि हमलोग महात्मा गांधी के बताए रास्ते का पालन करते हुए सत्याग्रह कर रहे हैं। एक लंबी लड़ाई है, जिसे लड़ने के लिए आज हम धरना पर बैठे हुए हैं। हमारा प्रयास होगा कि राहुल गांधी ने अडाणी के खिलाफ जो आवाज उठाई है, उसे अंजाम तक पहुंचाएं। उन्होंने कहा कि जिस तरह की कार्रवाई राहुल गांधी पर की गयी है। इससे तो लगता है कि देश में लोकतंत्र खतरे में है। इस लोकतंत्र को बचना हमारी जिम्मेदारी है। बाबा साहेब ने जो संविधान देश को दिया, उसे कुचलने का काम किया जा रहा है। आज हम गांधी जी के चरणों में बैठेंगे। पूरे दिन धरना देंगे। हम तय करेंगे कि जिस लड़ाई को राहुल गांधी ने शुरू किया है।

स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने कहा कि देश में जिस तरह लोकतंत्र को उखाड़ने की व्यवस्था चल रही है, वह कहीं न कहीं देश के लिए सही नहीं है। इस तरह की चीजों को देश कभी स्वीकार नहीं करेगी। अडाणी ने एलआईसी का पैसा नहीं लूटा है, उसने लाखों लोगों की उम्मीदों को लूटा है। लोग थोड़ा-थोड़ा कर अपने भविष्य के लिए, अपने बच्चों के भविष्य के लिए पैसे जमा करता है। एलआईसी का सौदा कर लोगों की उम्मीदों का सौदा कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी ने दुनिया के सबसे बड़े घोटाले के खिलाफ आवाज उठाई तो ये लोग डरने लगे। ये इस तरह की हरकत करने लगे हैं। हम कांग्रेस के लोग हैं। हम जुल्म से डरने वाले लोग नहीं हैं। हमारा इतिहास देश की आजादी के साथ जुड़ा हुआ है। हमने अंग्रेजों को भगाया है। जुल्म तो जुल्म है। बढ़ता है, मिट जाता है। ये जितना जुल्म करेंगे हम उतना ही मजबूत होंगे।

## विकास के मुद्दों पर 20 सूत्री और पंचायत समिति की हुई बैठक

**रांची।** अड़की प्रखंड के सभागार में शनिवार को पंचायत समिति सदस्य एवं प्रखंड स्तरीय 20 सूत्री क्रियान्वयन समिति के बीच पदाधिकारियों के संग दो चरणों में एक दिवसीय बैठक संपन्न हुई। इस अवसर पर प्रखंड प्रमुख कृष्णा सिंह मुंडा एवं विश्वरी अध्यक्ष भोलानाथ लाल के द्वारा क्षेत्र के सभी पंचायतों में पेयजल, सड़क, बिजली, सहकारिता, शिक्षा, बाल विकास एवं अन्य योजनाओं पर विभागीय समीक्षा किया गया। इस दौरान जनप्रतिनिधियों के द्वारा बाड़ीनिजकेल पंचायत के तुबिद ऊपर टोला में बिजली की व्यवस्था एवं हड़ामसेरेंग के बेड़ाडीह में शेड, पानी की व्यवस्था हेतु मांग रखी गई। मौके पर अपूर्ति विभाग के द्वारा जानकारी दिया गया कि सिंजुरी, कोचांग एवं साकेसाली में सोमवार को धोती, साड़ी वितरण किया जाएगा।

# सत्ता का हो रहा दुरुपयोग : मरांडी



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

भाजपा विधायक दल के नेता बाबूलाल मरांडी ने रविवार को ट्वीट करके कहा कि विपक्षियों पर जांच एजेंसियों की कार्रवाई को जुल्म बता न्यायालय की शरण में जाने वाले विपक्षी दलों में झामुमो भी शामिल हैं। राजनैतिक कंपनी के मालिक एवं एक्सीडेंटल उत्तराधिकारी हेमंत सोरेन अपने दिल पर हाथ रखें और यह बताएं कि उनके राज में विरोध करने वालों के साथ सत्ता के दम पर पुलिस का दुरुपयोग और जुल्म करने में उन्होंने क्या मिल रहा है। उन्होंने कहा कि सिर्फ सोशल मीडिया टिप्पणी को लेकर 160 से भी ज्यादा भाजपा कार्यकर्ताओं, समर्थकों पर मुकदमा करवा दिया गया। जेल भिजवाने, धारा 107 में लोगों को जेल में बंद कराने का भी काम राज्य में हुआ है। यहां तक कि विरोध में आवाज उठाने वाले आदिवासी युवाओं, सांसदों, विधायकों के सहयोगियों, परिवार वालों तक पर झूठे मुकदमे कर जेल भिजवाने का रिकॉर्ड मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने बनाया है। जब झारखंड की जनता ने हेमंत सरकार घेरा तब उस पर अन्याय किये गये। जब से हेमंत की सरकार आई सीएम यह बता दें कि जनता के हित में अब तक कितना काम किया है। झारखंड में बेरोजगारों की संख्या बढ़ती जा रही है, छात्र-छात्राएं आत्महत्या करने को विवह हो रहे हैं और सरकार को इसकी कोई चिंता नहीं है। शहर के नाले और सड़की की बुरी स्थिति है जो बरासत आते ही लोगों के घरों में पानी भर जाता है जो लोगों को घरों से निकाला काफी मुश्किल होता है। शहर में कुड़ उठाव की स्थिति काफी कमी है, जो हर समय दुर्गंध देता रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार अपने कार्यो में अब तक कोई सुधार नहीं किया जो जनता के लिए फायदे की बात हो। मरांडी ने कहा कि न्यायालय से दो साल की सजा हो जाने पर सदन की सदस्यता समाप्त हो जाने के विषय पर 2013 में ही राहुल गांधी ने अपनी मुहर लगा दी थी। इसमें संशोधन का बिल फाड़ दिया था। फिर आज ये कांग्रेसी किस मुंह से इसके विरोध का स्वर निकाल रहे हैं। देश में अलग-अलग लोगों के लिये अलग-अलग नियम थोड़े न है? बेहतर होगा कि कांग्रेस देश के किसी भी न्यायिक कानून, जांच एवं सजा के प्रावधान से राहुल गांधी राज परिवार एवं वंशवादी सत्ताधारियों को अलग रखने का कानून बनाने के लिये आंदोलन करे।

# पुरुष वर्ग में अर्जुन टुडू, महिला वर्ग में हरियाणा की सोनिका ने मारी बाजी



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

कोल इंडिया लिमिटेड (सीसीएल) के तत्वावधान में रविवार को रांची में कोल इंडिया मैराथन का आयोजन किया गया। मोरहाबादी स्थित बिरसा मुंडा फुटबॉल स्टेडियम से फुल मैराथन दौड़ शुरू हुई और पिठोरिया से वापस बिरसा मुंडा स्टेडियम आई। फुल मैराथन 42.195 किमी पुरुष वर्ग में जमशेदपुर के अर्जुन टुडू ने जीत दर्ज की। उन्हें तीन लाख प्राइज मनी दिया गया। महिला वर्ग में हरियाणा की सोनिका ने प्रथम स्थान प्राप्त कर तीन लाख कैश मनी जीता। उल्लेखनीय है कि कोल इंडिया मैराथन में दौड़ प्रतिस्पर्धा की 4 श्रेणियां निर्धारित थीं। सीसीएल मैराथन के लिए कुल 5714 लोगों ने रजिस्ट्रेशन कराया था। इसमें 1035 महिला और 4679 पुरुषों शामिल है। फुल मैराथन में 403 पुरुष और 53 महिलाओं ने भाग लिया। हाफ मैराथन में 492 पुरुष और 72 महिलाएं, 10 किलोमीटर दौड़ के लिए 1698 पुरुष और 307 महिलाएं और पांच किलोमीटर के लिए 2086 पुरुष और 603 महिलाओं ने रजिस्ट्रेशन कराया था। पूर्ण मैराथन 42.195 किमी और हाफ मैराथन 21.098 किमी का था। **फुल मैराथन में महिला और पुरुष को इतनी मिली प्राइज मनी:** पहला स्थान-3 लाख, दूसरा स्थान-2 लाख, तीसरा स्थान-1 लाख, चौथा स्थान-60 हजार, पांचवा स्थान-40 हजार, छठा स्थान-30 हजार, सातवां स्थान-20 हजार। **हाफ मैराथन में महिला और पुरुष को इतना दिया गया कैश प्राइज :** पहला-2 लाख, दूसरा-1 लाख, तीसरा-50 हजार, चौथा-40 हजार, पांचवां-30 हजार, छठा-20 हजार, सातवां-10 हजार।

## यूथ कांग्रेस के यंग इंडिया के बोल सीजन-3 का विमोचन

**रांची।** पथ निर्माण विभाग के निरीक्षण भवन में रविवार को युवा कांग्रेस द्वारा यंग इंडिया के बोल सीजन- 3 प्रतियोगिता का विमोचन किया गया। इसके तहत आम और सामान्य पृष्ठभूमि के प्रतिभाशाली युवाओं को राजनीतिक मंच मुहैया कराया जाता है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्थित यूथ कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रवक्ता युवराज सिंह यादव ने कहा कि यंग इंडिया के बोल कार्यक्रम राहुल गांधी का अति महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट है। इसका उद्देश्य अंतिम पायदान में खड़े युवाओं को राजनीतिक मंच प्रदान करना है। इस कार्यक्रम में कोई भी युवा भाषण, वाद-विवाद प्रतियोगिता, व्यंग्य एवं कविता के जरिए अपनी सहभागिता कर सकता है। पूरा प्रोग्राम जिला, स्टेट और नेशनल लेवल में तीन स्तर पर होगा।

# मैट्रिक-इंटर के स्टेट टॉपरों को मुख्यमंत्री करेंगे पुरस्कृत



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन 2023 के मैट्रिक-इंटर (10वीं व 12वीं) के स्टेट टॉपरों को सोमवार को पुरस्कृत करेंगे। धुर्वा स्थित प्रोजेक्ट भवन में आयोजित समारोह में मुख्यमंत्री विद्यार्थियों को पुरस्कृत करेंगे। वर्ष 2023 की 10वीं व 12वीं बोर्ड परीक्षा में राज्य में प्रथम तीन स्थान पर रहनेवाले विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया जायेगा। पहले स्थान पर रहने वाले विद्यार्थी को तीन लाख, दूसरे स्थान पर रहने वाले को दो लाख और तीसरे स्थान पर रहने वाले विद्यार्थी को एक लाख रुपये पुरस्कार राशि दी जायेगी। स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग की ओर से इस संबंध में सभी जिलों को पत्र जारी कर दिया गया है। पत्र में संबंधित जिलों के पदाधिकारियों को 27 मार्च को 10 बजे तक प्रोजेक्ट भवन सभागार में संबंधित विद्यार्थी व अभिभावक के साथ उपस्थित रहने का निर्देश दिया गया है। विद्यार्थी के समारोह में भाग नहीं लेने की स्थिति में अभिभावक समारोह में शामिल होंगे। तीनों बोर्ड के 68 विद्यार्थी होंगे पुरस्कृत : झारखंड एकेडमिक काउंसिल, सीबीएसई और आईसीएसई बोर्ड मिला कर कुल 68 विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया जायेगा। 10वीं के कुल 30 विद्यार्थी को पुरस्कृत किया जायेगा। इसमें सबसे अधिक 14 विद्यार्थी जैक बोर्ड के हैं। जबकि, सीबीएसई के नौ एवं आईसीएसई बोर्ड के सात विद्यार्थी हैं। 12वीं कला में तीनों बोर्ड से टॉप तीन में तीन-तीन विद्यार्थी शामिल हैं। कुल नौ विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया जायेगा। 12वीं विज्ञान संकाय में जैक बोर्ड के तीन, सीबीएसई के पांच और आईसीएसई बोर्ड के सात विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया जायेगा। वाणिज्य संकाय में जैक बोर्ड के पांच, सीबीएसई के तीन और आईसीएसई बोर्ड के छह विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया जायेगा।

## झारखंड में एक अप्रैल तक होगी बारिश

**रांची।** राज्य के लोगों को फिलहाल बारिश से राहत नहीं मिलने वाली है। एक अप्रैल तक राज्य के लगभग सभी इलाकों में गरज के साथ बारिश का अनुमान है। 27 मार्च को वज्रपात और ओलावृष्टि भी होगी। दिनभर आसमान में बादल भी छाए रहेंगे। रांची में एक अप्रैल तक हर दिन बारिश होगी। रविवार को भी सुबह से बादल घिरे हैं। इसके मद्देनजर मौसम विभाग ने अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग के अनुसार 28, 29 और 30 मार्च को राज्य में आंशिक बादल के साथ गर्जन वाले बादल भी बन सकते हैं। राज्य में अगले तीन से चार दिनों के दौरान उच्चतम तापमान में कोई बड़े बदलाव की संभावना नहीं है। इस दौरान कई इलाकों में गर्जन, वज्रपात होने की संभावना है। मौसम विभाग ने लोगों को सतर्कता बरतने की नसीहत दी है और सुरक्षित स्थान पर रहने की सलाह दी है। झारखंड के दक्षिणी तथा निकटवर्ती मध्य भागों में कहीं-कहीं गर्जन के साथ वर्षा, वज्रपात और ओलावृष्टि की भी आशंका है।

**प्रशिक्षण** | बिहार के किसानों ने कृषि यंत्र संग्रहालय देखा

# मिली उपकरणों की जानकारी



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

बिहार के आत्मा, रोहतास संस्थान के सौजन्य से 30 प्रगतिशील किसानों के दल ने बिरसा कृषि विश्वविद्यालय के कृषि अभियंत्रण विभाग एवं कृषि अभियंत्रण महाविद्यालय का भ्रमण किया। मौके पर अध्यक्ष एवं एसोसिएट डीन ई डीके रुसिया ने किसानों को हस्तचालित, बैलचालित, विद्युत शक्ति चालित एवं सौर चालित कृषि यंत्र एवं उपकरणों का प्रयोग एवं उपयोगिता की विस्तृत जानकारी प्रदान की। इस दौरान उन्होंने बीएयू द्वारा हाल में विकसित ग्यारह कृषि यंत्र एवं यूजी छात्रों द्वारा निर्मित छोटे कृषि यंत्रों के बारे में बताया। सभी किसानों ने बीएयू निदेशालय प्रसार शिक्षा के मार्गदर्शन में भ्रमण कार्यक्रम में शामिल हुए। किसानों ने कहा कि इस यंत्र के माध्यम से कृषि में काफी उन्नति होगी और किसान खुशहल भी बनेंगे। किसानों के लिए यह बेहतर जरिया है।

# कॉलेज के छात्रों ने सिफेस्ट में तृतीय पुरुस्कार जीता

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

आईसीएआर-केन्द्रीय मात्स्यिकी शिक्षा संस्थान, मुंबई द्वारा राष्ट्रीय स्तर पर चौथा स्टूडेंट कन्वेंशन सिफेस्ट झ 2023 आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में जलवायु परिवर्तन पर विद्यार्थियों के सुझाव शीर्षक पर विचार, मॉडल एवं अवधारणा का प्रस्तुतीकरण के साथ-साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रतियोगिता में मात्स्यिकी विज्ञान महाविद्यालय, गुमला के छात्रों ने भी भाग लिया। कार्यक्रम में देश भर से कुल 25 मात्स्यिकी विज्ञान महाविद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। मत्स्यिकी विज्ञान महाविद्यालय, गुमला से तृतीय वर्ष के छात्रों में साम्भवी कुमारी मिश्रा, उत्तम नारायण, देबाशीश पॉल, अभिषेक कुमार, अनुप कुजूर, नम्रता बख्ला, पंकज कुमार एवं प्रथम वर्ष के छात्र प्रसन्न पाण्डेय ने भाग लिया। जलवायु परिवर्त्तन पर विद्यार्थियों के सुझाव के प्रस्तुतीकरण में महाविद्यालय के साम्भवी कुमारी मिश्रा एवं उत्तम नारायण ने तृतीय स्थान हासिल किया। इन छात्रों को तृतीय पुरस्कार के रूप में प्रमाण-पत्र एवं 2000 रुपए नगद राशि प्रदान किये गए।

## सड़क किनारे महिला का प्रसव, जच्चा-बच्चा दोनों स्वस्थ हैं

**रांची।** शहर के पुंदाग ओपी के जोहार नगर में रविवार सुबह करीब 7.30 बजे कचरा चुनने निकली महिला ने सड़क किनारे बच्चे को जन्म दिया। आसपास के लोगों ने महिला को प्रसव पीड़ा में देखकर मानवता दिखायी और महिलाओं ने सड़क किनारे ही महिला की डिलीवरी करायी। जच्चा-बच्चा दोनों स्वस्थ हैं। प्रसव के बाद पुलिस ने एम्बुलेंस बुलाकर जच्चा-बच्चा को सदर अस्पताल भेजा। स्थानीय महिलाओं के अनुसार महिला बिरसा चौक की रहने वाली है। वह पुंदाग ओपी क्षेत्र में कचरा चुनने गयी थी। तभी उसे प्रसव पीड़ा होने लगी। इसके बाद महिला ने मदद के लिए आवाज लगाई। आवाज सुनकर आसपास की महिलाएं आईं और प्रसूता को थोड़ी दूर लेकर गयी। महिलाओं ने साड़ी से घेरकर सड़क किनारे महिला की सुरक्षित डिलीवरी करायी।

# बाजे गाजे के साथ नारी सेना निकालेगी शोभायात्रा व झांकी




**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

विगत शनिवार को नारी सेना श्री महावीर मंडल की महत्वपूर्ण बैठक नारी सेना के केंद्रीय कार्यालय में कमला शर्मा की अध्यक्षता में संपन्न हुई। इस अवसर पर काफी संख्या में महिलाएं, सेना के प्रदेश अध्यक्ष पूनम सिंह, सागर वर्मा, शिव किशोर शर्मा, संस्थापक सुरज सिंह भवानी, महेश चंद्र, राज वर्मा, हरिनाथ साहू, राजू साहू, नमन भारतीय आदि गणमान्य लोग उपस्थित थे। बैठक में महापर्व रामनवमी पूजा के शुभ अवसर पर धुमधाम से शोभायात्रा झांकी निकालने का निर्णय लिया गया। साथ ही नारी सेना श्री महावीर मंडल की पुरानी कमेटी भंगकर सर्वसम्मति से नई कमिटी की गठन कि गई, जिसमें **संरक्षक :** शंकर सिन्हा, मुन्ना शर्मा, संजय सिंह लल्लू एवं यूवराज पासवान, संस्थापक संयोजकः सागर वर्मा, अध्यक्षः पुनम सिंह, कार्यकारी अध्यक्ष किरण देवी, प्रवक्ताः शिव किशोर शर्मा, **संगठन मंत्रीः** गीता देवी,रानी राणा,शांति देवी, **मंत्रीः** कमला शर्मा, **सह मंत्रीः** सुचित्रा देवी, कुमारी अनिता, उपाध्यक्ष :रूपा देवी, रेणु सिंह, पुष्पा सिंह, रूपा देवी, **मीडिया प्रभारीः** कामिनी सिंह बनीं। **कार्यकारिणी सदस्य :** सोनी कुमारी,ममता कुमारी, आदिति सिंह, अनुपमा सिंह, शोभा देवी, सरिता देवी, पूजा देवी, संध्या देवी, कुमकुम, सुमन देवी, उमा देवी, मोनी देवी, पुतुल देवी, रीना देवी, लक्ष्मी देवी, सोना कुमारी, ललिता देवी, रागिनी देवी, मुन्नी देवी, मिंटू देवी, संगीता देवी, मीरा देवी, तारा देवी, दुर्गा देवी, तारा देवी, रितिका कुमारी, वेदिका कुमारी, प्रीति कुमारी, बबीता कुमारी, राखी राय, ममता यादव, नीला खालको,कल्याणी देवी, अनिता देवी आदि शामिल हैं।

## NEWS इन ब्रीफ

### हटिया-पुणे ट्रेन 27 को प्रभावित रहेगी

**रांची।** मध्य रेलवे के अंतर्गत चितली एवं पुनतांबा में नॉन इंटरलॉकिंग कार्य किया जायेगा। इस कारण ट्रेन संख्या 22846 हटिया-पुणे एक्सप्रेस ट्रेन 27 मार्च को अपने निर्धारित मार्ग के स्थान पर परिवर्तित मार्ग नागपुर, बल्हारशाह, सिकंदराबाद, वाड़ी, दौंड, पुणे होकर चलेगी। वहीं ट्रेन संख्या 22845 पुणे-हटिया एक्सप्रेस ट्रेन 29 मार्च को अपने निर्धारित प्रस्थान समय सुबह 10.45 बजे के स्थान पर सात घंटे 10 मिनट विलंब से शाम 5.55 बजे पुणे से प्रस्थान करेगी।

### गांधीनगर अस्पताल में 29 को निःशुल्क हृदय रोग जांच शिविर

**रांची।** सीसीएल के केंद्रीय अस्पताल, गांधीनगर, कांके रोड में 29 मार्च की सुबह नौ बजे से निःशुल्क हृदय रोग संबंधी चिकित्सीय शिविर का आयोजन किया जायेगा। शिविर में यशोदा अस्पताल, हैदराबाद के प्रसिद्ध चिकित्सक डॉ प्रमोद कुचलाकांति हृदय रोग से ग्रसित मरीजों की जांच करेंगे एवं चिकित्सीय सलाह देंगे। निःशुल्क हृदय संबंधी चिकित्सीय सलाह का राज्य के सभी लाभ उठा सकते हैं।

### विधायक स्वास्थ्य चिकित्सा देने में प्रयासरत

**सिमडेगा।** पाकर टांड प्रखंड मुख्यालय में प्रखंड स्तरीय स्वास्थ्य मेला का आयोजन किया गया। मेला का उद्घाटन जिला परिषद सदस्य जोसिमा खाखा ने किया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व में विधायक भूषण बाड़ा और महागठबंधन सरकार समाज के अंतिम पायदान पर खड़े लोगों तक स्वास्थ्य की सुविधा देने के लिए लगातार कोशिश कर रही है। प्रखंड स्तरीय स्वास्थ्य मेला का आयोजन उन महत्वाकांक्षी योजनाओं की पहल का बस एक माध्यम है। उन्होंने कहा कि हेमंत सरकार की ओर से सर्वजन पेंशन योजना से राज्य के सभी वर्गों के अहतार्धारी लाभुकों को सामाजिक सुरक्षा पेंशन से जोड़ा जा रहा है।

### ईटा गांव में भव्य सरहुल शोभायात्रा निकाली गई

**बेड़ो।** बेड़ो प्रखंड के सरना पाहन विकास समिति ईटा के तत्वाधान में रविवार को ढोल नगाड़ा व मांदर की थाप पर पारम्परिक संस्कृति और वेशभूषा में झांकी के रूप में हजारों सरना आदिवासियों ने प्रकृति पर्व सरहुल की भव्य शोभा यात्रा निकाली। सरना पाहन विकास समिति ईटा के संरक्षक सोमरा उरांव, अध्यक्ष महावीर खाखा सचिव दिलु मिंज,कोषाध्यक्ष रवि उरांव, ग्राम प्रधान बुधराम बाड़ा तथा कार्यसमिति के सदस्य जगन्नाथ उरांव के संयुक्त नेतृत्व में ईटा गांव के अखरा से भव्य शोभायात्रा का शुभारंभ किया गया। इस मौके पर जन सैलाब उमड़ पड़ा। सरहुल शोभायात्रा जुलूस में युवक व युवतियों ने परंपरागत वेशभूषा में ढोल नगाड़ा के साथ परंपरागत नृत्य किया। सरहुल शोभायात्रा जुलूस के दौरान बतौर मुख्य अतिथि मुखिया अनिता बाड़ा भी शामिल हुई।

### एक भारत-श्रेष्ठ भारत का दर्शन है मन की बात कार्यक्रम

**रांची।** प्रदेश भाजपा के कार्यकर्ताओं और आम लोगों ने रविवार को प्रधानमंत्री के मन की बात कार्यक्रम के 99वें संस्करण को सुना। प्रदेश भाजपा ने कार्यक्रम का बूथ स्तर पर आयोजन किया था, जिसमें प्रदेश के नेता भी शामिल हुए। रांची विधानसभा क्षेत्र के सुखदेवनगर मंडल स्थित बूथ संख्या 121 पर भाजपा अध्यक्ष अध्यक्ष एवं सांसद दीपक प्रकाश ने मन की बात कार्यक्रम को सुना। दीपक प्रकाश ने कहा कि प्रधानमंत्री के मन की बात कार्यक्रम में पूरा भारत समाया हुआ रहता है। यह कार्यक्रम एक भारत-श्रेष्ठ भारत का दर्शन कराता है।

# रामनवमी जुलूस को लेकर थाना में अखाड़ाधारियों के साथ बैठक



**नवीन मेल संवाददाता। मांडर**

मांडर थाना परिसर में मांडर अंचल इंस्पेक्टर अवधेश ठाकुर की अध्यक्षता में रामनवमी जुलूस को लेकर विभिन्न अखाड़ेधारियों के साथ बैठक किया गया।बैठक में अखाड़े का लाइसेंस, रुट चार्ट, संवेदनशील क्षेत्र सहित अन्य गंभीर बिंदुओं पर विचार विमर्श किया गया और रामनवमी का पर्व शांति एवं सौहार्दपूर्ण संपन्न हो इसके लिए हर पहलू पर प्रशासन व अखाड़ेधारियों की भूमिका पर थाना प्रभारी विनय कुमार यादव ने प्रकाश डाला।उन्होंने कहा कि श्रद्धा और भक्ति का महत्वपूर्ण त्योहार रामनवमी है, राम भक्तों के लिए बजरंगबली की पूजा आराधना मुख्य उद्देश्य होता है।हम सभी को अपने अपने अखाड़ेधारियों को गंतब्य तक शांति के साथ ले जाना है और अस्त्र शस्त्र चालन सावधानी से करवा कर सकुशल वापसी करना है। डीजे का प्रयोग खरनाक साबित होता है इससे बच कर रहना चाहिए। सरकारी गाइड लाइन आपके हित व सुरक्षा के लिए बनाया गया है उसका पालन अवश्य करें। रांची पुलिस आपके साथ सदा आपके सहयोग के लिए तत्पर रही है आप भी अपना सहयोग सजग नागरिक के रुप में देते रहे।जुलूस या आयोजन में किसी की भावना को ठेस ना पहुंचे इसका हमेशा ध्यान रखना है। आप सभी राम भक्तों को राँची पुलिस मांडर की ओर से रामनवमी की हार्दिक शुभकामनाएं। अखाड़ाधारियों ने प्रशासन को पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया है कि वे सभी पूर्व की वर्षो की तरह ही शांति व सौहार्द की मिशाल है। इस त्यौहार में भी पेश करेंगे।

### सरयू राय के निर्देश पर नाली का किया गया निर्माण

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर पूर्वी के विधायक सरयू राय ने शनिवार को भुइयांडीह के ब्राह्मण टोला, बाबुडीह और लालभट्ठा में चल रहे विकास कार्यों का निरीक्षण किया। विधायक के निर्देश पर ब्राह्मण टोला में जुस्को द्वारा अंडरग्राउंड नाली का निर्माण किया जा रहा है। नाली का निर्माण हो जाने से ब्राह्मण टोला के निवासियों को बरसात में होने वाले जल जमाव की समस्या से मुक्ति मिलेगी। ब्राह्मण टोला के निवासी वर्षों से जल जमाव की समस्या से झेलने के मजबूर हैं। बरसात में ब्राह्मण टोला जलमग्न हो जाता है। विधायक सरयू राय के पूर्वी से विधायक बनने के बाद उन्होंने जुस्को और जमशेदपुर अक्षेस के साथ ब्राह्मण टोला का भ्रमण कर हर हाल में समस्या का निदान करने की बात कही थी। स्थानीय निवासियों ने सरयू राय के प्रति आभार जताया है। यहां जारी विज्ञप्ति के अनुसार, विधायक की पहल पर नगर विकास विभाग द्वारा भुइयांडीह लिट्टी चैक से लालभट्ठा तक बड़े नाले का निर्माण कार्य तेजी से चल रहा है।

# आचार्यकुलम विद्यालय में ओरियंटेशन




**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

रविवार को आचार्यकुलम विद्यालय परिसर में कक्षा एलकेजी से लेकर कक्षा आठवीं तक के नए नामांकित छात्र - छात्राओं के अगले सत्र (2023-24) में बेहतरीन शिक्षा निर्धारण के लिए ओरियंटेशन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्ज्वलित एवं मंत्रोच्चारण के साथ हुआ। इस अवसर पर लगभग आठ सौ (800) अभिभावक उपस्थित थे। विद्यालय की प्राचार्या श्रीमती सुजाता कौरा जी ने सभी का स्वागत करते हुए कहीं कि अच्छी शिक्षा के मुख्य स्त्रोत - माता - पिता, परिवार शिक्षक एवं विद्यालय हैं। ले अपने माता - पिता से सीखते हैं, उसके बाद विद्यालय में, माता - पिता और परिवार की अहम भूमिका होती है। अभिभावक और विद्यालय दोनों एक दूसरे के पूरक हैं। एक-दूसरे के बिना अधूरें है। अतः आप सभी अभिभावक कोई ऐसा कार्य ना करें जिससे बच्चों में नकारात्मक सोच उत्पन्न हो। जैसे - अत्यधिक मोबाइल देखना, अपशब्द बोलना और एक-दूसरे पर चिल्लाना इत्यादि बातों पर विशेष ध्यान दें । ये छोटी-छोटी बातें हैं जो बच्चों को नकारात्मक बनाती हैं। आप ऐसा काम करें जिसे देखकर आपके बच्चे आपसे प्रेरित हों। बच्चों में शिक्षा के साथ संस्कार भी आवश्यक है। स्वयं भी सभ्य बने और बच्चों को भी संस्कारी बनाएं ।बच्चों के आदर्श आप स्वयं बनें।

गायत्री मंत्र एवं महामृत्युंजय मंत्र का उच्चारण प्रतिदिन स्वमं करें और बच्चों से भी करवाएं। विद्यालय की शिक्षिका - वंदना, वैशाली और श्रीमती प्रियंका ने भी उन्हें संबोधित किया तथा स्कूल से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी दी। छात्र-छात्राओं को स्कूल डायरी और आई कार्ड प्रदान किए गए। विद्यालय के प्रबंधक पूज्य स्वामी दिव्य देव जी ने बच्चों के उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएँ दिए।

# अखंड हरी कीर्तन का हुआ समापन



**नवीन मेल संवाददाता सिमडेगा/कोलेबिरा-**

जिला के कोलेबिरा प्रखंड लचरागढ़ देवी गुड़ी में चैती दुर्गा पूजा समिति के द्वारा चैती नवरात्र पूजा के अवसर पर अष्ट प्रहरी अखंड हरी कीर्तन सह यज्ञ पूजन का आयोजन किया गया।तीन दिवसीय धार्मिक कार्यक्रम 23 मार्च 2023 को भव्य कलश यात्रा के साथ प्रारंभ हुई।रात्रि में रांची से आए कलाकारों के द्वारा भक्ति गीतों से जागरण कार्यक्रम हुआ।माता के भक्तजन रात भर भक्ति गीतों से झुमते-नाचते नजर आए। एवं प्रातः सुबह 6बजे से 24 मार्च 2023 शुक्रवार को नामकरण के साथ अष्ट प्रहरी अखंड हरिनाम यज्ञ प्रारंभ किया गया।अखंड हरी संकीर्तन में लचरागढ़, चैती दुर्गा पूजा समिति के आयोजन मंडली, लचरागढ़ महिला मंडल, रामजड़ी, टूटीकेल, कोम्बाकेरा,चटकटोली, बरसलोया, बानो के बांकी, उकौली, परबा, सियारमुंडा, उड़ीसा, माता के भजन और उपस्थित श्रद्धालुओं के साथ विभिन्न गांवों के कीर्तन मंडली द्वारा हरे राम,हरे राम, राम राम हरे हरे, हरे कृष्ण, हरे कृष्ण,कृष्ण कृष्ण हरे हरे के नाम की जाप करते हुए भजन कीर्तन किया गया। उड़ीसा कीर्तन मंडली ने भव्य कीर्तन प्रस्तुत कर लोगों का मनोरंजन किया।भक्त विभिन्न प्रकार के राग छंद में हरे राम हरे राम हरे कृष्ण हरे कृष्ण की धुन में झूमते रहे।वहीं 25 मार्च 2023 को तीन दिवसीय धार्मिक अनुष्ठान सह अष्टप्रहरी अखंड हरिकीर्तन सह यज्ञ कार्यक्रम पूणार्हुति व नगर भ्रमण कार्यक्रम के साथ संपन्न किया गया।पूणार्हुति कार्यक्रम में पंडित भर्तु दुबे जगन्नाथ पंडा और प्रदीप पंडा ने हवन पूजन संपन्न कराया। नगर भ्रमण कार्यक्रम देवी गुड़ी मंदिर परिसर से प्रारंभ होकर टावर चौक,मेन रोड, नीचे चौक, बजरंग बली मंदीर, बाजार टांड तक पहुँच कर धर्मशाला रोड,शिव मंदिर ब्राह्मण टोली, बरसलोया रोड प्रिंस चौक होते हुए पुनः नगर भ्रमण यज्ञ स्थल देवी गुड़ी मंदिर पहुंचकर दधि-भंजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया।नगर भ्रमण के दौरान राधा-कृष्ण के वेशभूषा धारण किए हुए गोपी-गोपीन राधा की सखी सहेली ने कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। ग्रामीण नगर भ्रमण में एक दूसरे पर अबीर-गुलाल लगाते हुए डीजे-साउंड में नाचते -गाते झूमते नजर आए।लचड़ागढ़ की इस अखंड हरिनाम यज्ञ को सफल बनाने में चैती दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष सुरेश द्विवेदी, उपाध्यक्ष संजय मिश्रा, सचिव विनीत पंडा, उप सचिव संतोष साहू, कोषाध्यक्ष अमित कुमार साहू,राजेश अग्रवाल,बिहारी पंडा,चीकू उर्फ आशीष साहू, दीपू पंडा,सुधरो महाराज,अंकित साहू, गोवर्धन दास,प्रमोद साहू, मोतीलाल पंडा,नथन पंडा एवं समस्त लचड़ागढ़ के समस्त ग्रामीणों का सामूहिक रूप से पूजा को सफल बनाने में सभी का सहयोग रहा।

### रिम्स में इलाजरत कैदी की मौत




**रांची।** रिम्स में इलाजरत पॉक्सो एक्ट के विचाराधीन कैदी अमित बारला की रविवार को मौत हो गई। करीब तीन महीने तक बंदी का इलाज रिम्स में किया गया। बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार में तबीयत खराब होने के बाद 27 दिसंबर 2022 को कारा चिकित्सकों की अनुशंसा पर इलाज के लिए उसे रिम्स लाया गया था। अमित खूंटी जिले के मुरहू थानाक्षेत्र के कोडाकेल गांव का रहने वाला था। पॉक्सो एक्ट के तहत बिरसा मुंडा केंद्रीय कारा होटवार में बंद था। जेल अधीक्षक ने रिम्स के अधीक्षक को पत्र लिख पूरे पोस्टमार्टम प्रक्रिया की वीडियोग्राफी कराने का आग्रह किया है।

# अन्नपूर्णा सेवा में दो लोगों ने भोजन प्राप्त किया




**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

रांची जिला मारवाड़ी सम्मेलन द्वारा संचालित पुरुलिया रोड स्थित अन्नपूर्णा सेवा में आज 200 लाभुकों ने भोजन प्राप्त किया। इस अन्नपूर्णा सेवा केंद्र पर स्मृति शेष चंद्रकला मित्तल की द्वितीय पुण्यतिथि पर उनके परिवार द्वारा प्रायोजित था इस अवसर पर मित्तल परिवार के काफी लोग उपस्थित थे। मारवाड़ी सम्मेलन द्वारा संचालित दूसरे केंद्र तिरुपति मंदिर के सामने श्री लक्ष्मी वेंकटेश्वर अन्नपूर्णा सेवा में 130 लाभुकों ने भोजन प्राप्त किया। इस अवसर पर रांची जिला मारवाड़ी सम्मेलन के अध्यक्ष सुरेश चंद्र अग्रवाल ने कहा की माता अन्नपूर्णा लोगों को इसी प्रकार सेवा करने की प्रेरणा प्रदान करें और प्रभु की कृपा सदैव इनके परिवार पर बनी रहे। उन्होंने कहा कि आर्थिक रूप से कमजोर लोगों के लिए अन्नपूर्णा सेवा निरंतर चलती रहेगी। इस अवसर पर- छगन पटेल, प्रमोद अग्रवाल, मनोज रूईया, ललित कुमार पोद्दार, प्रदीप नारसरिया, द्वारका प्रसाद अग्रवाल, रमेश बंका, संजय सर्राफ,अंजनी बुधिया, सहित कई लोग उपस्थित थे।

# कांग्रेस का सत्याग्रह सत्याग्रह कार्यक्रम



**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**

अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी एवं झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर लोहरदगा जिला कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान में लोहरदगा नगर परिषद स्थित महात्मा गांधी की प्रतिमा के समक्ष संकल्प सत्याग्रह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें जिले से आए सैकड़ों कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। मौके पर जिला अध्यक्ष सुखैर भगत ने कहा कि केंद्र की तानाशाह मोदी सरकार द्वारा हम सभी के लोकप्रिय नेता राहुल गांधी की संसद की सदस्यता रद्द करवा दी गई है। इससे यह बात सत्य साबित हो रहा है कि आज देश का लोकतंत्र खतरे में है। अभिव्यक्ति की आजादी को खत्म किया जा रहा है जो देश के लिए दुर्भाग्य है। लोकतंत्र को बचाने के लिए एकजुट होकर के एक लंबी लड़ाई के लिए हमे तैयार रहना होगा। जिस तत्परता के साथ राहुल गांधी के संसद सदस्यता को रद्द किया गया इससे साफ जाहिर होता है केंद्र की मोदी सरकार राहुल गांधी के लोकप्रियता से घबराये एवं डरे हुए हैं। राहुल गांधी की सत्य की लड़ाई और संघर्षों को हम कांग्रेसी आगे लेकर जाएंगे। वर्तमान समय में देश के अंदर बढ़ती महंगाई और बेरोजगारी चरम पर है। आमजन के ज्वलंत मुद्दों से ध्यान भटकाने के लिए मोदी सरकार विपक्षी दलों के नेताओं को सीबीआई और ईडी जैसे संस्थाओं का भय दिखाकर परेशान करना चाहते हैं और उनकी आवाज को दबाना चाहते हैं। दूसरी ओर अपने मित्र अदानी के भ्रष्टाचार पर पर्दा डालना चाहते हैं। कार्यक्रम में मुख्य रूप से कार्यकारी जिलाध्यक्ष शकील अहमद, सांसद प्रतिनिधि अशोक यादव प्रदेश प्रतिनिधि नेसार अहमद विधायक प्रतिनिधि निशीथ जयसवाल, हाजी सिकंदर अंसारी, विशाल डुंगडुंग, विनय उरांव, शंभू प्रजापति, परमेश्वर उरांव समेत सैकड़ों कांग्रेसी उपस्थित थे।

### मन की बात में पीएम ने स्नेहलता के अंगदान को सराहा

**रांची।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को आकाशवाणी के मन की बात कार्यक्रम में सरायकेला के अभिजीत से बात की। उन्होंने अभिजीत के मां के निधन पर उनका अंगदान करने की सराहना की। प्रधानमंत्री ने कहा कि अंगदान के लिए स्नेहलता एक प्रेरक उदाहरण हैं। ऐसे लोग हमारे समाज को आगे बढ़ा सकते हैं। उनके इस महान कार्य के लिए वे उन्हें नमन करते हैं और बधाई देते हैं। इनके जैसे दानवीर हमें और हमारे समाज को अंगदान का महत्व समझा कर जाते हैं। प्रधानमंत्री ने झारखंड के सरायकेला जिले की स्नेहलता चौधरी (65) के परिजनों से बात की। स्नेहलता के पति और बेटे ने अंगदान का फैसला लिया। उल्लेखनीय है कि स्नेहलता चौधरी के पति रमन चौधरी का सरायकेला में कपड़ा का कारोबार है। स्नेहलता 17 सितम्बर को मॉर्निंग वॉक पर निकली थीं। इस बीच एक बाइक सवार ने उन्हें टक्कर मार दिया था।

# सदन में मुखर रहते हैं मथुरा महतो



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड विधान सभा के संपन्न बजट सत्र में टुंडी के विधायक मथुरा प्रसाद महतो ने अपने क्षेत्र के साथ-साथ राज्य के विभिन्न ज्वलंत विषयों को भी सदन में उठाया। 16 दिनों तक चले विधानसभा की कार्यवाही में लगातार भाग लेते रहे। पूरी तैयारी के साथ तथ्यात्मक एवं तर्कपूर्ण तरीके से अपनी बातों को सदन में रखा। अपने गंभीर व शांत स्वभाव के अनुरूप मथुरा प्रसाद महतो ने पूरी गंभीरता व सजगता के साथ जनहित के विषयों को सदन में रखकर सरकार से जवाब भी प्राप्त किया। मुखर रहते हुए अपने विधानसभा क्षेत्र की समस्याओं के साथ- साथ राज्य हित के जुड़े कई विषयों को उठाने में भी आगे रहे हैं। अपनी बातों को पूरी तैयारी के साथ सदन में रखते हैं। मथुरा प्रसाद महतो ने सदन में पूरे झारखंड में अनुसूचित जनजाति के पवित्र पूजा स्थलों की घेराबंदी करने का मामला उठाया। कहा कि जाहेर स्थान, सरना, हडगडी व मसना की घेराबंदी किया जाना आवश्यक है। यह देखा जा रहा है कि जनजातीय संस्कृति एवं परंपराओं के संरक्षण के उद्देश्य से पूजा स्थलों की घेराबंदी में भी कई प्रकार के परेशानियां एवं कठिनाइयां आ रही हैं, जिसको दूर किया जाना अति आवश्यक है। आदिवासियों की जमीन को गैर कानूनी व अवैध तरीके से दलालों की मिलीभगत से कब्जा किए जाने एवं खोरठा व कुरमाली को संविधान की आठवीं अनुसूची में शामिल करने का भी मामला उठाया। उन्होंने झारखंड आंदोलनकारियों के मान सम्मान को लेकर भी सदन में सवाल खड़ा किया और सरकार से जेल जाने की बाध्यता को समाप्त करने का भी आग्रह किया। यही नहीं सदन के बाहर भी क्षेत्र व राज्य से जुड़े विषयों को रखने में आगे रहे।

### वीणापाणि पाठशाला में सीट एंड ड्रॉ प्रतियोगिता आयोजित

**जमशेदपुर।** विधायक सरयू राय के विधानसभा कार्यालय बारिडीह में संचालित निःशुल्क कोचिंग सेंटर वीणापाणि पाठशाला में सीट एंड ड्रॉ चित्रांकन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस आयोजन में जमशेदपुर पूर्वी के विधायक सरयू राय उपस्थित हुए। उन्होंने प्रतियोगी छात्र-छात्राओं का हौसला बढ़ाया। यह प्रत्योगिता कक्षा 7,8 और 9 के विद्यार्थियों के बीच आयोजित की गई। आयोजनकर्ता शिक्षक जगबंधु महतो(विज्ञान शिक्षक), पिंकी पांडेय (अंग्रेजी), दीपिका कुमारी (गणित शिक्षक) ने बताया कि बच्चों ने काफी उत्साह के साथ इस प्रत्योगिता में भाग लिया और विभिन्न प्रकार के मनोरंजक और आकर्षक चित्र बनाए। विजेताओं की घोषणा सोमवार को की जाएगी। इस मौके पर वीणापाणि पाठशाला के देख-रेखकर्ता एसपी सिंह, अशोक कुमार, अमित कुमार सहित आदि मौजूद थे।

## बर्बादी: हाथियों का उत्पात जारी, कराह रहे किसान

# दस किसानों का तैयार फसलें बर्बाद



**नवीन मेल संवाददाता। बेड़ो**


बेड़ो प्रखंड के मासू गांव में नहीं थम रहा हाथी का उत्पात गेहूं व सब्जी की फसलों को खाकर व रौंद कर उत्पात मचा रहा है। जहां शनिवार की रात लगभग साढ़े ग्यारह बजे दो विशालकाय जंगली हाथियों ने जमकर उत्पात मचाया। जिसमें मासू गांव के संजय उरांव, मंगरा उरांव, बंदी उरांव, बंधना टाना भगत, नंदु भगत, लेला उरांव, सुखदेव भगत, भरत महतो, मोहन महतो के तैयार गेहूं के फसल खाकर व रौंद कर बर्बाद कर दिया। इसके बाद हाथी ने आनंद उरांव के फ्रेंचबीन, मिर्चा, प्याज व गेहूं खाकर व रौंदकर बर्बाद कर दिया। खेतों में रौंदे फसल को देखकर किसान कराह रहे है।वही किसानों व ग्रामीणों का कहना है कि विभाग के जिम्मदारों को सूचना देने के बावजूद नहीं आते है। हमें वन विभाग से किसी तरह की मदद नहीं मिल रहा है। जिससे ग्रामीणों के बीच आक्रोश व्याप्त है। मासू गांव पिछले तीन सप्ताह से जंगली हाथीयों का उत्पात लगातार जारी है। जिसके चलते ग्रामीण शाम होते ही अपने घरों में दुबक जा रहे हैं। गांव के ग्रामीण रतजगा करने को विवश हैं। इस हाथी का उत्पात किसानों के लिए मुसीबत बना हुआ है। वहीं सांसद,विधायक व विभाग के अधिकारी कुम्भकर्णी निद्रा में सोए हुए हैं। वही जंगल में डेरा जमाए हाथी खेतों में लगी सब्जियों व फसल को खाकर व रौंदकर हर दिन नुकसान पहुंचा कर तहस नहस कर रहा है। इधर किसानों के तैयार फसल बर्बाद होने से उन्हें चिंता सता रही है कि दुकानदारों व बैंक का कर्ज कैसा चुकता करंगे। गांव के समाज सेवी संजय उरांव का कहना है कि ग्रामीण हाथियों के आतंक से परेशान और भयभीत हैं। लेकिन जिम्मेदारों द्वारा इनकी सुधि नहीं लिया जा रहा है। गांव वालों की मानें तो हाथी ने गांव के पास के जंगलों में ही बसेरा बना लिया है और रात होते ही गांव के घरों व तैयार हो चुके फसल को निशाना और निवाला बनाते हैं। उन्होंने किसानों की नुकसान की भरपाई के लिए प्रशासन द्वारा जल्द क्षतिपूर्ति देने की मांग की है। ज्ञात हो कि मासू गांव में 6 मार्च से जारी है हाथी का उत्पात रुकने का नाम नहीं ले रहा है। गांवों में लगातार जंगली हाथी का उत्पात व उपद्रव जारी है। ग्रामीण इससे बेहद परेशान हैं। ग्रामीण व किसान प्रशासन तथा वन विभाग से जंगली हाथियों को भगाने व इनके उत्पात से निजात दिलाने की मांग कर रहे हैं।

### भव्य सरहुल शोभायात्रा निकाली गई

**बेड़ो।** बेड़ो प्रखंड के सरना पाहन विकास समिति ईटा के तत्वावधान में रविवार को ढोल नगाड़ा व मांदर की थाप पर पारम्परिक संस्कृति और वेशभूषा में झांकी के रूप में हजारों सरना आदिवासियों ने प्रकृति पर्व सरहुल की भव्य शोभा यात्रा निकाली। सरना पाहन विकास समिति ईटा के संरक्षक सोमरा उरांव, अध्यक्ष महावीर खाखा सचिव दिलु मिंज,कोषाध्यक्ष रवि उरांव, ग्राम प्रधान बुधराम बाड़ा तथा कार्यसमिति के सदस्य जगन्नाथ उरांव के संयुक्त नेतृत्व में ईटा गांव के अखरा से भव्य शोभायात्रा का शुभारंभ किया गया। इस मौके पर जन सैलाब उमड़ पड़ा। सरहुल शोभायात्रा जुलूस में युवक व युवतियों ने परंपरागत वेशभूषा में ढोल नगाड़ा के साथ परंपरागत नृत्य किया। सरहुल शोभायात्रा जुलूस के दौरान बतौर मुख्य अतिथि मुखिया अनिता बाड़ा भी शामिल हुई।

मुख्य अतिथि मुखिया अनिता बाड़ा शोभायात्रा के आगे आगे मांदर की थाप पर थिरकते हुए महिलाओं का उत्साहवर्धन किया।

# चयनित खिलाड़ी हुए बंगलोर के लिये रवाना



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

कर्नाटक, बंगलोर मे 29 से 31 मार्च 2023 तक आयोजित 16वीं एरोबिक जिम्नास्टिक राष्ट्रीय चैंपियनशिप (सभी आयु वर्ग-यथा-सीनियर, जूनियर तथा सब-जूनियर प्रतियोगिता) में भाग लेने झारखण्ड जिम्नास्टिक संघ की 34 सदस्यीय टीम हटिया एसएमबीटी एक्सप्रेस ट्रेन से बंगलोर के लिये रवाना हुई। झारखंड राज्य जिमनास्टिक टीम के खिलाड़ियों के अच्छे प्रदर्शन के लिए झारखण्ड खेलकूद एवम युवा कार्य विभाग की निर्देशक सरोजिनी लकड़ा,खेल परामर्शी देवेन्द्र कुमार,झारखंड जिम्नास्टिक संघ के अध्यक्ष आरके आनन्द,झारखंड आॅलंपिक संघ के सचिव मधुकांत पाठक, झारखंड जिम्नास्टिक संघ के महा-सचिव निशिकांत पाठक, कार्यकारी सचिव राजीव रंजन, कोषाध्यक्ष, गोविंद झा,उपाध्यक्ष - तूलिका श्रीवास्तव, प्रशासनिक सचिव दीपक कु० गुप्ता, देवपुजन ठाकुर, आशुतोष द्विवेदी, धनबाद जिला जिम्नास्टिक संघ के अध्यक्ष शशिकांत पाण्डेय तथा अन्य जिला संघों ने टीम के जीत की शुभकामनाएं दीं।ज्ञात हो कि राज्य सरकार के द्वारा राज्य का प्रतिनिधित्व करने वाली टीम को किट भी प्रदान किया गया। झारखण्ड जिमनास्टिक एसोसिएशन के द्वारा चयनित टीम को लगातार आर०के०आनंद लॉन बॉल स्टेडियम, नामकुम मे प्रशिक्षण दिया जा रहा था।

# प्रसव के दौरान मृत बच्चे का जन्म, लापरवाही का आरोप और हंगामा

## जांचोपरांत दोषियों का होगी कार्रवाई : डीएस



**नवीन मेल संवाददाता। बरही**

अनुमंडलीय अस्पताल में मृत बच्चे के जन्म ने शनिवार को विधायक अकेला के दिए वक्तव्य पर प्रश्नचिन्ह खड़ा कर दिया । विधायक ने स्वाथ्यमेला उद्घाटन समारोह में उपस्थित लोगो को बताया था कि अनुमंडलीय अस्पताल में सभी सुविधाए और विशेषज्ञ उपलब्ध है। मरीजों को अब रेफर नही होना पड़ेगा. परंतु महज चंद घंटों में शनिवार की रात्रि महिला चिकत्सक के अभाव में प्रसव के दौरान एक मृत बच्चे के जन्म ने विधायक के दावे पर प्रश्न चिन्ह खड़ा कर दिया है। जानकारी के अनुसार शनिवार की रात्रि ढाई बजे कोनरा तुरी टोला की रानी देवी पति उपेंद्र तुरी को प्रसव हेतु अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती किया गया। परंतु उस समय प्रसव कक्ष में महिला चिकित्सक के रोस्टर ड्यूटी नही होने के कारण पुरुष चिकत्सक डॉ इंद्रजीत कुमार और एएनएम अमृता कुमारी और नीता बाडा मौजूद थे। घंटो प्रयास के बाद जब प्रसव नही हुआ तब परिजनों को मामले को जटिल बताकर रेफर कर दिया गया। रेफर के बाबजूद प्रसव कराने का अंतिम प्रयास किया गया जहां मृत शिशु का जन्म हुआ ।कार्यरत कर्मियों के अनुसार कि यदि ऐसा नही किया जाता तो प्रसव बीच रास्ता में ही हो जाता, जिससे जच्चा और बच्चा दोनो को खतरा था। यह एक दुर्भाग्यपूर्ण घटना है । वही पति का आरोप है कि उनकी पत्नी घंटो पीड़ा से तड़पती रही, परंतु महिला चिकित्सक नही रहने के कारण एएनएम और चिकित्सक ने समुचित इलाज नहीं किया और लापरवाही बरती । इस संबंध में परिजनों सहित पति ने डीएस से रविवार की सुबह लापरवाही का आरोप लगाते हुए उचित करवाई की मांग कर रहे थे।

**क्या कहते है डीएस :** मामले की डीएस डॉ प्रकाश ज्ञानी ने बताया कि यह महिला का पहला प्रसव था, चिकित्सक और नर्सों ने हर संभव प्रयास किया। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए रेफर भी किया गया, परंतु तब तक स्थिति काफी नाजुक हो चुका था, नर्सों ने रिस्क लिया और इशू करने का प्रयास किया । परंतु दुर्भाग्यवाश बच्चे को नही बचाया जा सका। उन्होंने लोगो से अपील किया कि चिकित्सक या स्वास्थ्यकर्मी कभी भी बुरा नही चाहते है। ऐसे वक्त में ट्रीटमेंट हमेशा रिस्क में होते है। फिर भी मामले की जांच की जायेगी और दोषी पाए जाने पर कर्मी दंडित किए जायेगें। उन्होंने बताया कि उनके पास मात्र एक ही महिला चिकत्सक है, जिनका उस रात ड्यूटी नही था ।

### श्री श्री प्राचीन महावीर मंदिर की 100वीं वर्षगांठ को लेकर तीन दिवसीय यज्ञ का आयोजन

# कलश के साथ महायज्ञ शुरू



**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़**

शहर के कोयरी टोला स्थित श्री श्री प्राचीन महावीर मंदिर के 100वें वर्षगांठ सह तीन दिवसीय यज्ञ एवं प्राण प्रतिष्ठा को लेकर 26 मार्च को कलश यात्रा का आयोजन किया गया। कलश यात्रा गाजे बाजे के साथ मंदिर परिसर से आरंभ होकर शहर के मुख्य मार्गों से होते हुए दामोदर नदी तट पहुंची। जहां कलश यात्रा में शामिल श्रद्धालुओं ने वैदिक मंत्रोचार के बीच कलशों में जल भरा। इसके उपरांत श्रद्धालु मंदिर परिसर पहुंचे और वैदिक मंत्रोच्चार के बीच कलशों को विधि पूर्वक स्थापित किया। अनुष्ठान में पुरोहित यज्ञाचार्य गोबर्धन पाण्डेय,आचार्य पालेश्वर पाण्डेय, आचार्य आदित्य पाण्डेय,सहायक आचार्य डब्लू पाण्डेय, संदीप पाण्डेय, श्रीकांत पाण्डेय मुख्य यजमान ब्रजेश्वर महतो सपत्नीक सोनी देवी के हाथों अनुष्ठान संपन्न करवा रहे हैं। कलशों की स्थापना के उपरांत मंडप प्रवेश एवं वेदी पूजन का कार्यक्रम संपन्न हुआ। कार्यक्रम के तहत 27 मार्च को नगर भ्रमण किया जाएगा। जबकि 29 मार्च को महावीर जी का ध्वजारोहण एवं रात्रि में जागरण का आयोजन किया जाएगा। वहीं, 30 मार्च को भंडारे का आयोजन किया जाएगा। अनुष्ठान में सहायक यजमान के रूप में दीपमाला देवी एवं विनोद कुमार ,रत्नी देवी एवं जगत महतो ,रेखा देवी एवं कुलदीप कुमार,अंजली देवी एवं प्रदुमन महतो,फुलवा देवी एवं चंद्रदेव महतो अनुराती देवी एवं सुरेश महतो, रूबी देवी एवं मिथिलेश कुमार, पूनम देवी एवं सुजीत कुमार योगदान दे रहे हैं। कलश यात्रा में मुख्य रूप से राष्ट्रीय स्वयंसेवक के जिला संचालक शत्रुघ्न जी , प्रचारक नितेश जी , गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी, दीनदयाल साव, महेश साव, घनश्याम महतो, विक्रम कुशवाहा विकास महतो, रामू साव, लक्ष्मण महतो, दयालु महतो, नेमचंद प्रसाद, अजित जी, धीरेंद्र जी, केशव जी, राजकुमार जी, दिलीप दांगी, राजेश ठाकुर, हीरा कुमार, गोपाल साव, पताली साव, रघुनंदन साव, अमित कुमार, सुरेंद्र साव, राजदेव कुमार, बबलू कुमार, सनुज, खेमचंद महतो, किरण कुमार, रंजीत कुमार साव, खेमलाल महतो सहित हजारों की संख्या में लोग शामिल हुए।

# कलश यात्रा में शामिल हुईं 1001 महिलाएं



**नवीन मेल संवाददाता। बरकट्ठा**

प्रखंड क्षेत्र के गोरहर में श्री श्री 108 श्री हनुमत प्राण प्रतिष्ठा यज्ञ सह संगीतमय श्री राम कथा को लेकर रविवार को भव्य कलश यात्रा निकाली गई। यात्रा में 1001 महिला व कुमारी कन्याओं ने कलश उठाया तथा उत्तरवाहिनी स्थित नदी से मंत्रोचार के साथ जल भरकर नगर भ्रमण करते हुए कलश को यज्ञ स्थल में स्थापित किया। विदित हो कि गोरहर चौक स्थित नवनिर्मित हनुमान मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा हेतु यज्ञ का आयोजन 26 मार्च से लेकर 30 मार्च तक किया गया है। वहीं अयोध्या धाम से आए यज्ञाचार्य प्रेम प्रकाश शास्त्री, प्रवचनकर्ता पवन द्विवेदी ,वाराणसी से आई कथावाचिका सपना महेश्वरी, सहयोगी पंडित गौतम कुमार पांडेय, चंदन पांडेय के द्वारा यज्ञ संपन्न कराया जाएगा। इस दौरान श्रद्धालुओं ने भगवा वस्त्र धारण कर बजरंग बली व श्री राम का जयकारा करते हुए नगर का भ्रमण किया। वही संपूर्ण गोरहर पंचायत भगवान की भक्ति में डूबता सा लगा। मौके पर यज्ञ कार्यक्रम का उद्घाटन विधायक अमित कुमार यादव,पूर्व विधायक जानकी प्रसाद प्रमुख रेनू देवी,जिप सदस्य कुमकुम देवी आदि ने की ।

### रामगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज

# विमल बुधिया ग्रुप ने किया चुनाव को लेकर जनसंपर्क



**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़**

रामगढ़ चेबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज सत्र 2023-25 चुनाव को लेकर विमल बुधिया गुट के प्रत्याशियों ने 26 मार्च जनसंपर्क अभियान चलाया. चुनाव 2 अप्रैल 2023 को चेंबर भवन में संपन्न होगा. रविवार को विमल बुधिया गुट ने रांची रोड, घाटो, कुजू, सारुबेड़ा सहित रामगढ़ के विभिन्न क्षेत्रों में जनसंपर्क अभियान चलाया। जनसंपर्क अभियान के क्रम में अमित कुमार सिन्हा, अमरेश कुमार सिंह, अरुण कुमार राय, विमल बुधिया, जितेंद्र कुमार अग्रवाल (जीतू) जितेंद्र प्रसाद (डब्लू) जितेंद्र सिंह पवार, मनोज कुमार मंडल, नंद किशोर गुप्ता उर्फ नंदू बाबू, नीरज सिंह, निलेश कुमार गुप्ता, रवि शंकर चौरसिया , विजय कुमार मेवाड़, विकास सेठी (जैन) विनोद कुमार पंकज ने व्यापारियों से मिलकर नम्र निवेदन करते हुए कहा कि रामगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज का सत्र 2023-25 वार्षिक चुनाव में हमारी टीम के सभी सदस्यों को अपना बहुमूल्य वोट देकर विजय बनाएं और सेवा करने का अवसर दें। **वहीं दूसरी ओर** रामगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के सत्र 2023-25 के द्विवार्षिक चुनाव को लेकर रविवार को विनय कुमार अग्रवाल गुट के सभी सदस्यों ने सांडी, रामानगर, वीआरएल गेट, टोटी झरना रोड का दौरा कर व्यवसाईयों से मिलकर विनय कुमार अग्रवाल के गुट के पक्ष में वोट करने की अपील किया। जनसंपर्क के दौरान सदस्यों ने व्यापारियों से कहा कि रामगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स इंडस्ट्रीज के सत्र 2023-25 वार्षिक चुनाव में इस टीम के सभी सदस्यों को अपना वोट देकर विजय बनाएं और सेवा का मौका दें।

## राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन आज हजारीबाग में

**हजारीबाग।** झारखंड के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन 27 मार्च को हजारीबाग आएंगे। उसके बाद चुरचू प्रखंड की बहेरी पंचायत में राज्यपाल के प्रस्तावित भ्रमण के मद्देनजर डीसी नैंसी सहाय, एसपी मनोज रतन चोथे सहित प्रशासनिक टीम ने बहेरी पंचायत का निरीक्षण कर तैयारियों का जायजा लिया। गौरतलब हो कि पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत राज्यपाल 27 मार्च को विनोबा भावे विश्वविद्यालय में कुलपतियों, शिक्षाविदों के सम्मेलन के उपरांत दोपहर बाद बहेरी पंचायत का भ्रमण करेंगे। भ्रमण के क्रम में राज्यपाल स्थानीय ग्रामीणों, कृषक और महिला समूह की ओर से किए जा रहे कार्यों के संबध में संवाद स्थापित कर ग्राम स्वावलंबन के संबंध में जानकारी प्राप्त करेंगे। तैयारियों को लेकर डीसी एवं प्रशासनिक अधिकारियों की ओर से आवश्यक दिशा-निर्देश स्थानीय प्रखंड प्रशासन एवं पंचायत प्रतिनिधियों को दिया गया। साथ ही सुरक्षा के मद्देनजर एसपी ने पुलिस पदाधिकारियों को जरूरी निर्देश दिये।

### हजारीबाग में रामनवमी के रंग

# मुंबई की महिलाओं ने बजाया ढोल, मोहा मन



**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग**

हजारीबाग शहर के झंडा चौक पर जब ढोल बजाती मुंबई की महिलाएं पहुंचीं और आर्ष कन्या गुरुकुल की छात्राओं ने तलवारबाजी और लाठियों का करतब दिखाना शुरू किया, तो पंचमी को ही रामनवमी सरीखा समां बंध गया। वहीं रानी लक्ष्मीबाई के वेश में घुड़सवार लड़कियों और बुलेट सवार महिलाओं को देखने के लिए भी शहरवासी उमड़ पड़े। चौराहे पर महिला सशक्तीकरण की जब अनोखी छटा बिखरी, तो सनराइज ग्रुप की इस पहल और महिलाओं के कला-कौशल को शहरवासियों ने जी भरकर सराहा। दरअसल रविवार से हजारीबाग रामनवमी के रंग में पूरी तरह रंग चुका है। नवमी, दशमी और एकादशी को हजारीबाग में जुलूस निकलने की परंपरा रही है। लेकिन सनराइज ग्रुप पंचमी के दिन ही पिछले चार वर्षों से विशाल जुलूस निकाल रहा है। इसी कड़ी में महिला सशक्तीकरण का बेजोड़ नमूना पेश किया गया। इस पूरे जुलूस का मुख्य आकर्षण केंद्र मुंबई से आयीं महिला ढोल ताशा की सदस्य रहीं। इसके अलावा बुलेट पर सवार महिला नजर आयीं। वहीं रानी लक्ष्मीबाई के रूप में लड़कियां घोड़े पर सवार थीं। ऐसे में यह नजारा हर कोई अपने मोबाइल में कैद कर रहा था.इस जुलूस की खासियत यही है कि यह किसी खास अखाड़े की नहीं, बल्कि उसमें पूरे हजारीबाग के लोग हिस्सा लेते हैं। इसकी अगुवाई सनराइज ग्रुप करता है।

## दिगंबर जैन मंदिर में विश्व शांति महायज्ञ महोत्सव शुरू

**हजारीबाग।** श्री पारसनाथ दिगंबर जैन मंदिर बड़ा बाजार में ध्वजारोहण के साथ तीन दिवसीय विश्व शांति महायज्ञ महोत्सव शुरू हो गया। छिंदवाड़ा से आए प्रतिष्ठाचार्य पंडित सुनील जी शास्त्री, संगीतकार आस्तिक एवं पार्टी चांदपुर व पंडित दीपक जी शास्त्री हजारीबाग के सानिध्य में मांगलिक कार्यक्रम शुरू हुआ। मीडिया प्रभारी विजय जैन लुहाड़िया ने बताया कि विधान पूजन पाठ में सभी का सहयोग मिल रहा है। सहायक मंत्री पिंटू छाबड़ा, संतोष अजमेरा, विपिन छाबड़ा व युवा टीम कार्यक्रम में चार चांद ला रहे हैं। मंदिर व परिसर की साज-सज्जा करते हुए लाइट से जगमगाया गया है। रविवार को प्रातः7:00 बजे आचार्य निमंत्रण हुआ. परम पूज्य विश्व वंदनीय संत शिरोमणि आचार्य श्री 108 विद्यासागर जी महाराज व नगर गौरव शंका समाधान प्रणेता मुनि श्री 108 प्रमाण सागर जी के मंगल आशीर्वाद व जयकारा के साथ कार्यक्रम की शुरूआत हुई। आज तीर्थंकर अजीतनाथ भगवान का मोक्ष कल्याणक भी मनाया गया। प्रातः 7:30 श्री जी का अभिषेक, शांतिधारा, नित्य नियम पूजन व कल्याण मंदिर विधान का कार्यक्रम हुआ. प्रातः 8:00 बजे सकलीकरण, जाप्यानुष्ठान, इंद्र प्रतिष्ठा, मंडप प्रतिष्ठा, कलश स्थापना, अखंड दीप प्रज्वलन और श्री कल्याण मंदिर विधान का कार्यक्रम संपन्न हुआ।

**विवाद खत्म** — हजारीबाग रामनवमी महासमिति को लेकर बढ़ रहे विवाद पर लगा विराम

# महासमिति के तहत ही काम करेगी समिति : कुणाल




**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग**

हजारीबाग की रामनवमी परवान चढ़ रही है, वहीं महासमिति एक बड़े विवाद में घिरती जा रही थी। विवाद को समाप्त करने के लिए रामनवमी महासमिति के अध्यक्ष कुणाल यादव ने नौ पूर्व महासमिति अध्यक्षों के साथ अपनी बात साझा की। हजारीबाग में रामनवमी के अवसर पर महासमिति अध्यक्ष का चुनाव होता है। महासमिति के अध्यक्ष अपनी कमेटी का विस्तार करते हैं। लेकिन रामनवमी महासमिति के चुनाव होने के ठीक दो दिन बाद बड़ा अखाड़ा से ही एक अन्य सांस्कृतिक सेवा समिति का गठन कर आरोग्यम अस्पताल के संचालक हर्ष अजमेरा को अध्यक्ष बना दिया गया. इसे लेकर हजारीबाग में चर्चा का बाजार गर्म हो गया और सोशल मीडिया में कई तरह की बातें वायरल होने लगीं। महासमिति के अध्यक्ष कुणाल यादव ने स्पष्ट किया कि जो भी समिति बनती है, वह महासमिति के अंतर्गत ही काम करती है। चाहे वह सांस्कृतिक सेवा समिति ही क्यों न हो। हर्ष अजमेरा की इच्छा थी कि रामनवमी के दौरान सभी सनातनियों को एक मंच के नीचे लाकर भव्य कार्यक्रम किया जाए। इसी उद्देश्य से यह समिति बनी थी। लेकिन यह समिति भी महासमिति के अंतर्गत काम करेगी। यह समिति आने वाली रामनवमी के दिन रामलीला का कार्यक्रम आयोजित करेगी। इसमें 50 से अधिक स्थानीय कलाकारों को मंच मिलेगा। वहीं विश्वविख्यात कवियित्री कविता तिवारी का आगमन भी नवमी 30 मार्च को होने जा रहा है। वह शाम के 6:00 बजे से लेकर रात 10:00 बजे तक कविता पाठ करेंगी। उन्होंने यह भी जानकारी दी कि यह समिति लोगों से अपील कर रही है कि नवमी और दशमी को अपने घर में एक दीप अवश्य जलाएं और जब एकादशी के दिन जुलूस दो बार रोका जाता है उस वक्त सभी लोग महाआरती करें। सप्तमी को बड़ा अखाड़ा परिसर में अपराह्न 1:00 बजे से अस्त्र-शस्त्र प्रतियोगिता का आयोजन भी होगा। इस अवसर पर महासमिति के पूर्व अध्यक्ष अमरदीप यादव ने भी स्पष्ट किया कि महासमिति के समानांतर कोई भी समिति नहीं बनाई जाएगी। महासमिति ने 10 संयोजक बनाया है, जिसे काम सौंपा गया है और इन्हीं संयोजक में संस्कृति सेवा समिति भी शामिल है। हर्ष अजमेरा ने कहा कि सभी लोग महासमिति के बैनर तले काम कर रहे हैं। उनका एक ही उद्देश्य है रामनवमी को यादगार बनाना. इसे लेकर कई कार्यक्रम का आयोजन हो रहा है. कुणाल यादव की अध्यक्षता में हम लोग सारे कार्यक्रम संपन्न करेंगे।

## भाजपाइयों ने सुनी प्रधानमंत्री की मन की बात

**रामगढ़।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकप्रिय कार्यक्रम मन की बात का 26 मार्च को 99वां संस्करण प्रसारित हुआ। जिसको भाजपाइयों ने प्रत्येक बूथ पर सुना। इसी क्रम में बूथ नंबर 50 के अध्यक्ष सह भाजपा के जिला मीडिया प्रभारी सत्यजीत चौधरी ने इस कार्यक्रम को अपने बूथ के अंतर्गत निवास करने वाले भाजपा के पूर्व विधानसभा प्रत्याशी रणंजय कुमार उर्फ कुंटू बाबू के आवासीय कार्यालय में सुना। प्रधानमंत्री मोदी ने अपने संबोधन में महिला सशक्तिकरण के संबंध में बताया की आज महिलाएं ट्रेन लोको पायलट,वायुसेना पायलट से लेकर भारतीय सेना में शामिल होकर सियाचिन जैसे दुर्गम क्षेत्रों में अपनी सेवाएं देते हुए भारत में महिला शक्ति के बढ़ते प्रभाव का प्रतीक बन चुकी हैं। उन्होंने अपने कार्यक्रम में बताया की अंगदान हेतु 65 वर्षों की उम्र सीमा समाप्त होना एक अच्छा कदम है। जिससे देश में जरूरतमंद बीमार व्यक्तियों को समय पर अंग प्रत्यारोपित करवाने का अवसर प्राप्त होगा। सोलर एनर्जी के क्षेत्र में भारत के बढ़ते प्रभाव के कारण अन्य आयातित संसाधनों पर देश की निर्भरता कम होने को उन्होने एक अच्छा कदम बताते हुए कहा की भविष्य में एनर्जी हेतु सोलर एनर्जी के रूप में देश को एक अच्छा विकल्प प्राप्त हुआ है. जिसमें हम मजबूती से आगे बढ़ रहें हैं। मौके पर मुख्य रूप से प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सह सांसद प्रतिनिधि रणंजय कुमार उर्फ कुंटू बाबू, राजीव पामदत्त, अरविंद सिंह, सुरजीत सिंह, मणिशंकर ठाकुर आदि लोगों ने प्रधानमंत्री के द्वारा देश के नाम प्रसारित संदेश को सुना।

## कोडरमा में तीन घंटे तक रेल यातायात बाधित

**कोडरमा।** ग्रैंड कॉर्ड लाइन स्थित कोडरमा-गोमो रेलखंड पर हादसा के कारण तीन घंटे तक रेलवे यातायात बाधित रहा। इस रेलखंड पर एक मालगाड़ी कोडरमा से रेलवे पटरी लोड कर धनबाद की ओर जा रही थी। इसी दौरान रविवार की सुबह चार बजे लाराबाद ब्लाक हाल्ट और हीरोडीह रेलवे स्टेशन के बीच सीरो फाटक के पास मालगाड़ी पर लदा रेलवे पटरी खिसक कर नीचे गिरने लगा। मालगाड़ी पर लदा पटरी के रेल ट्रैक में फंसने से डाउन लाइन में आवागमन लगभग तीन घंटे तक पूरी तरह बाधित रहा। बाद में घटना की जानकारी धनबाद कंट्रोल को दी गयी। वहीं धनबाद कंट्रोल से घटना की जानकारी मिलते ही आरपीएफ कोडरमा और रेलवे विभाग के तकनीकी कर्मी घटनास्थल पर पहुंचे और रेलवे पटरी को काटकर ट्रैक से हटाया। इसके बाद डाउन लाइन क्लियर हुआ और यातायात सामान्य किया जा सका। घटना के कारण कई ट्रेनें खड़ी रहीं।

## जीटी रोड पर पलटा गैस टैंकर, अनहोनी टली

**गोरहर।** थाना क्षेत्र के जीटी रोड गोरहर पुल के समीप बीते रात गैस टैंकर पलट जाने से आसपास के लोगों में हड़कंप मच गया। जिसके बाद जीटी रोड कई घंटे बाधित रहा। सूचना मिलते ही गोरहर थाना प्रभारी कृष्णा कुमार साहा दल बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचकर राहत कार्य में जुट गए। साथ ही रिसाव हो रहे गैस को विशेष टीम बुलाकर बंद कराया गया। गैस टैंकर पलटने की खबर सुनकर आसपास के लोगों में हड़कंप मच गया। थाना प्रभारी के अथक प्रयास के बाद जीटी रोड पर आवागमन शुरू किया गया।वहीं थाना प्रभारी ने बताया कि इसमें किसी भी प्रकार की जान माल की क्षति नहीं हुई है। गैस का रिसाव पूर्ण रूप से बंद कर दिया गया है तथा क्षेत्र खतरे से बाहर है। क्रेन को बुलाया गया है जल्द ही पलटी गैस टैंकर को उठा लिया जाएगा।

## ट्रक और कंटेनर में भिड़ंत, चालक घायल


**बरकट्ठा।** शनिवार की देर रात जीटी रोड गोरहर स्थित ट्रक और कंटेनर में भिड़त हो गई। जिससे चालक घायल हो गया। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि दिल्ली से कोलकाता जा रही कंटेनर एच आर 38एबी 1910 और फल लदा ट्रक डबलू बी 25जे 9670 में गोरहर के समीप जोरदार टक्कर हो गई। जिससे ट्रक चालक को मामूली चोटें आई। साथ ही इस घटना से जीटी रोड में जाम लग गया। वही चश्मदीदों ने सड़क निर्माण एजेंसी पर निर्माण कार्य में घोर लापरवाही का आरोप लगाया। कहा कि बीते कई माह से सड़क वनवे कर दिया गया है जिससे आए दिन दुर्घटना घटती रहती है।

## कांग्रेस ने किया सत्याग्रह का आयोजन




**रामगढ़।** देशव्यापी कार्यक्रम के तहत जिला कांग्रेस कमेटी ने 26 मार्च को शहर के गांधी चौक के समक्ष राहुल गांधी को 2 वर्ष का सजा सुनाये जाने पर सत्याग्रह का आयोजन किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कांग्रेस जिलाध्यक्ष मुन्ना पासवान ने किया। कार्यक्रम को वरिष्ठ पार्टी नेता शहजादा अनवर, सीपी संतन, जिलाध्यक्ष मुन्ना पासवान ने संबोधित करते हुए कहा कि केंद्र सरकार के इशारे पर राहुल गांधी को 2 वर्ष का सजा सुनाने का कार्य किया गया है। कहा कि सरकार चाहे कुछ भी करे कांग्रेस पार्टी देशहित में सरकार की जन विरोधी नीतियों का विरोध जारी रखेगी। कहा कि जब राहुल गांधी ने देशहित में कुछ मुद्दों को उठाया तो उन्हें दो वर्ष की सजा सुना दी गई ।पर कांग्रेस पार्टी देशहित में सरकार की जनविरोधी नीतियों का विरोध जारी रखेगी। मौके पर पूर्व प्रत्याशी बजरंग महतो, ब्रजनंदन सिंह, आसिफ खान सहित पार्टी के कई सदस्य मौजूद थे।

## पुल निर्माण को लेकर विधायक को सौंपा ज्ञापन



**बरकट्ठा।** आजादी के सात दशक बीत जाने के बाद भी प्रखंड अंतर्गत ग्राम केवालु के नोघरिया टोला में पुल नहीं बन पाई। वही पुल निर्माण को लेकर रविवार को ग्रामीणों ने विधायक अमित कुमार यादव को ज्ञापन सौंपा। जिसमें उन्होने कहा है कि पुल नहीं रहने से बरसात के समय लोगों का आवागमन ठप हो जाता है। साथ ही मरीजों को ले जाने और लाने में काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है।कहा कि पुल नहीं रहने से गाड़ियां का आवागमन नहीं हो पाता है और मरीज की मौत हो जाती है। ज्ञापन सौंपने वाले में स्थानीय निवासी सुनील कुमार,बासुदेव साव,रूपलाल साव, बासुदेव साव समेत दर्जनों लोग उपस्थित थे। तत्पश्चात विधायक ने स्थलीय जांच किया और कहा वास्तव में यह समस्या गंभीर है ।अतः जल्द ही डीएमटी फंड से पूल बनवाने का का प्रयास करूंगा। ज्ञात हो की लोग जान जोखिम में डालकर बिजली पोल के सहारे नदी को पार करते हैं और तब वे प्रखंड मुख्यालय बरकट्ठा तक आ पाते हैं।

## धनवार पंचायत में शांति समिति की बैठक

**बरही ।** रामनवमी और रमजान को लेकर धनवार पंचायत भावन में शांति समिति की बैठक संपन्न हुई । जिसमें हिंदू और मुस्लिम दोनों समुदाय के कई लोग शामिल हुए । बैठक की अध्यक्षता स्थानीय मुखिया राजेंद्र प्रसाद ने किया । जिसमे मुख्य रूप से इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी ललित कुमार और सब इंस्पेक्टर मो समसुद्दीन मौजूद रहे । इंस्पेक्टर ने उपस्थित लोगों से रामनवमी और रमजान आपसी सद्भाव से सौहार्दपूर्ण वातावरण में बनाने की अपील किया ।प्रशासनिक गाइडलाइन को भी बताया ।साथ ही रामनवमी की शोभायात्रा में डीजे, शराब, हथियार के प्रतिबंध पर चर्चा किया । किसी भी प्रकार के अफवाहों पर ध्यान नही देने और अफवाह फैलाने वाले के खिलाफ सख्त करवाई करने की बात कही । मुखिया ने भी लोगों से सौहार्दपूर्ण वातावरण में त्यौहार मनाने की अपील किया । साथ ही त्यौहार को लेकर गश्तियां बढ़ाने की मांग किया । बैठक में स्थानीय जनप्रतिनिधि, दोनों समुदायों के प्रबुद्ध जन सहित कई समाजसेवी मौजूद थे ।

NEWS इन ब्रीफ

### धूमधाम के साथ मनाया गया प्रकृति पर्व सरहुल

**बोलबा।** बोलबा प्रखंड मुख्यालय में धूमधाम के साथ मनाया गया प्रकृति पर्व सरहुल। इस मौके पर बोलबा शंख नदी तट पर स्थित सरना स्थल में विधिवत पूजन अर्चन के बाद बोलबा बाजार टांड़ के दुर्गा मंदिर से शोभायात्रा निकाली गई। जिसमें पैंकी एवं फगुआ नृत्य के साथ झूमते गाते नीचे बाजार होते हुए परिसर पहुंचा। वहां बोलबा थाना की ओर से शर्बत पिलाया गया। इस मौके पर थाना प्रभारी अरुनिष रोशन, अंचल अधिकारी बलिराम माझी, एसआई सुमन कुमार ने लोगों को सरहुल की शुभकामना एवं बधाई दिया है। इसके बाद शोभायात्रा यथा स्थान वापस हो गई। इस मौके पर अंचल निरीक्षक अनिल टूटी, एसआई सुनील टोपनो, सुरजन बड़ाईक, बिनोद बड़ाईक, मोतीराम सेनापति, भगवान माझी, गणेश सिंह के अलावे 26 गांव के पहान, पुजार एवं साथ में ग्रामीण मौजूद थे।

### अब मकान मालिकों को लेना होगा रेंटर का पूरा डिटेल

**कोलेबिरा।** प्रखंड के सभी मकान मालिक जिन्होंने अपना मकान किराया पर दिया है उनका आधार कार्ड एवं पूरी जानकारी इकट्ठा करनी होगी। थाना प्रभारी प्रभात कुमार ने बताया कि कोलेबिरा थाना क्षेत्र अंतर्गत सभी मकान मालिक अपने यहां जो रेंट दिए हैं उनका आधार कार्ड और उनकी पूर्ण सूचना थाना को प्रदान करें। इसके लिए सभी जगह बैठक भी की जा रही है जिसके माध्यम से यह जानकारी थाना तक पहुंचाया जा सके। पुलिस अधीक्षक के आदेश के बाद मकान मालिकों का पूरा विवरण रेंटर का देना अनिवार्य है। थाना प्रभारी ने बताया कि सभी मकान मालिक रेंटर की सूची विवरण और आधार कार्ड थाना में जमा करना सुनिश्चित करेंगे।

### विशालकाय आम का पेड़ गिरा बाल-बाल बचे लोग

**ठेठईटांगर।** प्रखंड मुख्यालय के लगने वाले सप्ताहिक बाजार मे लगभग 2:00 अपराहन तेज आंधी से विशालकाय आम का पेड़ दो होटल के ऊपर गिर गया, पेड़ गिरने से दो होटल का छप्पर सहित होटल का समान पूरी तरह से बिखर कर क्षतिग्रस्त हो गया। बताते चलें प्रखंड मुख्यालय में सप्ताह में 3 दिन सप्ताहिक बाजार लगते हैं जिसमें रविवार को छोटा बाजार लगता है जिसके कारण भीड़ भाड़ कम थी वरना बड़ा हादसा हो सकता था। पेड़ गिरने से लीलाधर बेसरा अवधेश सिंह विश्वनाथ सिंह कार्तिक कुमार जसुमति देवी सतनारायण साव शंकर बड़ाईक राजू लाल को मामूली चोटें आई हैं सभी घायलों का रेफरल अस्पताल ठेठईटांगर में इलाज किया गया।

# कैरो : सड़क पर जलजमाव से लोगों को हो रही परेशानी



**नवीन मेल संवाददाता। कैरो**

बरसात की बारिस व बेमौसम बारिश से प्रखंड मुख्यालय स्थित सड़क जो कैरो मस्जिद की ओर से साहू मुहल्ला होते हुए प्रखंड मुख्यालय को जोड़ती हैं इस रास्ते पर जगह-जगह जल जमाव के कारण सड़कों पर सफर करना लोगों के लिए परेशानी का सबब बना हुआ है। मुहल्ले निवासी अमित कुमार यादव का कहना हैं की हल्की बारिश के बाद ही सड़क पर जल जमा रहता है। जलजमाव की इस समस्या से निजात दिलाने को लेकर प्रशासन का ध्यान कई बार स्थानीय लोगों के द्वारा आकृष्ट कराया गया है, लेकिन प्रशासन का ध्यान इस ओर नहीं है। उन्होंने बताया की नाला नहीं होने से सड़कों पर जलजमाव की स्थिति बनी रहती है। जिससे राहगिरों व वाहन चालकों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। आए दिन इस जलजमाव से दुर्घटना का शिकार भी होते रहते है। लेकिन प्रशासनिक स्तर पर इस समस्या के समाधान के लिए कोई भी ठोस कदम नहीं उठाया गया है। जिससे यहां के लोगों में काफी आक्रोश व्याप्त है। जलनिकासी की कोई व्यवस्था नहीं रहने से जलजमाव की समस्या उत्पन्न हो जाती है। उन्होंने बताया की जलजमाव के कारण अगल बगल के लोगों के घरों में भी गंदा पानी घुस जाता है। बरसात के दिनों जल रिसाव से कच्चे एवं मिट्टी के मकान का गिरने की संभावनाएं बनी रहती हैं।

# सद्भावना साइकिल रैली का आयोजन



**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**

लोहरदगा जिलावासियों में आपसी सद्भाव व सौहार्द्र को प्रगाढ़ करने के उद्देश्य से युवा सद्भावना मंच, लोहरदगा की ओर से सद्भावना साइकिल रैली का आयोजन किया गया। इस साइकिल रैली की शुरूआत समाहरणालय मैदान से हुई। साइकिल का नेतृत्व उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण ने किया। जिसमें पुलिस अधीक्षक आर० रामकुमार, सीआरपीएफ कमांडेंट राहुल कुमार, अनुमण्डल पदाधिकारी अरविंद कुमार लाल, समेत बड़ी संख्या में सद्भावना मंच के सदस्य शामिल हुए। यह साइकिल रैली समाहरणालय मैदान से मैना बगीचा, पावरगंज चौक, न्यू रोड, मिशन चौक, गुदरी बाजार, शास्त्री चौक होते हुए बड़ा तालाब तक आयोजित किया गया। रैली के दौरान आमजनों द्वारा भी जिला प्रशासन के इस कार्यक्रम की सराहना की गई।

### बनारी फारेस्ट रेंज में जागरूकता शिविर आयोजित, डीएफओ बोले

# जंगल में नहीं लगाएं आग, जो आग बुझाएंगे वो होंगे पुरस्कृत



**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**

वन विभाग द्वारा रविवार को बनारी रेंज डिवीजन में जंगल में अगलगी की घटना को नियंत्रित करने को लेकर जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। बड़ी संख्या में मौजूद पठारी गांव के ग्रामीणों ने जंगल में किसी हाल पर आग नहीं लगने देने में प्रत्यक्ष भागीदारी निभाने का भरोसा दिया। आग लगने पर तत्काल इसकी सूचना वन विभाग को देने की अपील किया गया। आग लगने पर फायर ब्लोअर समेत तात्कालिक देशज उपाय करने की तकनीक ग्रामीणों को बताया गया। इस मौके पर वन प्रमंडल पदाधिकारी अरविंद कुमार ने कहा की मार्च-अप्रैल मई माह में लोग अज्ञानता से जंगल में आग लगा देते हैं। जंगल में आग लगने से बड़ी क्षति होती है इससे हरे खड़े बड़े पेड़ सूख जाते हैं। जंगल की भूमि में सतही नमी सुख जाने से पौधे नष्ट होने लगते हैं। आग से झुलस कर जंगल को गंभीर क्षति होती है। जंगल में रहने वाले छोटे बड़े सैकड़ों कीट जंगल के विकास में किसान की भूमिका में होते हैं। जलकर नष्ट हो जाते हैं। हर हाल में जागरूक होकर जंगल को आग से बचाने की जरूरत है। डीएफओ अरविंद कुमार ने कहा कि जंगल में आग लगने के बाद उसे बुझाने में सक्रिय भागीदारी निभाने वाले ग्रामीण को नगद राशि देकर प्रोत्साहित किया जाएगा। अब तक सैकड़ों ग्रामीणों को उनके खाते में नगद राशि देकर प्रोत्साहित किया गया है। आग लगने की घटना होने पर ग्रामीण सूचना देने के साथ तत्काल उसे बुझाने का भी प्रयास करें। कहा ग्रामीण सरकार के ऐप से भी अपने मोबाइल से जोड़ना सुनिश्चित करें। इससे जंगल में आग लगने पर तत्काल उन्हें जानकारी होगी और आग बुझाने की तकनीक और मार्गदर्शन भी मिलेगा। इस अवसर पर रेंजर अरुण कुमार समेत बड़ी संख्या में पठारी गांव के ग्रामीण मौजूद थे।

### वनदुर्गा में चैती दुर्गा पूजा सह वासंतिक नवरात्र महोत्सव की तैयारी पूरी

**बोलबा।** बोलबा प्रखंड के प्रसिद्ध दर्शनीय स्थल वनदुर्गा मन्दिर में चैती दुर्गा पूजा सह वासन्तिक नवरात्र महोत्सव की तैयारी पूरी कर ली गई है। प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी 26, 27 एवं 28 मार्च को चैती दुर्गा पूजा सह वासन्तिक नवरात्र महोत्सव का आयोजन सिमडेगा जिले के प्रसिद्ध दर्शनीय स्थल मालसाड़ा वनदुर्गा मन्दिर प्रागण में किया जायेगा। जिसमें 26 मार्च को कलश यात्रा एवं अधिवास पूजन, 27 मार्च को नामयज्ञ, अखंड कीर्तन आरम्भ एवं संध्या 6 बजे सन्त सम्मेलन, हिन्दू सम्मेलन एवं सरना सम्मेलन, 9:30 बजे रात्रि से सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा। 28 मार्च को नाम यज्ञ समापन। इसके साथ हो हवन पूजन, आरती, प्रसाद वितरण का आयोजन किया जायेगा। मौके पर मनोज सिंह, चन्द्रदेव सिंह, कैलाश बड़ाईक, इंद्रजीत बड़ाईक, अरुण सिंह, जयराम सिंह,राजू बड़ाईक, नंदलाल महतो, अन्य लोग क्रायक्रम को सफल बनाने में अपना महत्वपूर्ण योगदान दे रहे हैं।

# लोहरदगा में कांग्रेस पार्टी का संकल्प सत्याग्रह

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**

जिला कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान में नगर परिषद कार्यालय के पास स्थित महात्मा गांधी की प्रतिमा के समक्ष संकल्प सत्याग्रह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें जिले से आए सैकड़ों कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। जिला अध्यक्ष सुखैर भगत ने कहा कि राहुल गांधी की संसद की सदस्यता रद्द करवा दी गई है। इससे यह बात सत्य साबित हो रहा है कि आज देश का लोकतंत्र खतरे में है। बाबासाहेब अंबेडकर के द्वारा दिए गए संवैधानिक अधिकार खतरे में हैं। अभिव्यक्ति की आजादी को खत्म किया जा रहा है, जो देश के लिए दुर्भाग्य है। ऐसे में हम सभी को लोकतंत्र को बचाने के लिए एकजुट होकर के एक लंबी लड़ाई के लिए तैयार रहना होगा। इस मौके पर बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद थे।

# झरैन राजस्व ग्राम में धूमधाम से मनाया गया सरहुल



**नवीन मेल संवाददाता। कुरडेग**

कुरडेग प्रखंड के झरैन राजस्व ग्राम में धूमधाम से सरहुल मनाया गया। इस अवसर पर झारखंड जंगल बचाओ आंदोलन जनसंगठन के अनूप लकड़ा एवं खुशीराम कुमार को विशेष रूप से आमंत्रित किया गया था।इस अवसर पर अनूप लकड़ा ने कहा कि सरहुल प्रकृति की महापर्व है, इस महापर्व में आदिवासी समुदाय पहले ही जान लेते हैं कि इस वर्ष बारिश कैसे होगी।आदिवासी समुदाय सरहुल कई दिनों तक मानते हैं। जिसमें पारंपरिक नृत्य सरहुल नृत्य किया जाता है।सरहुल चैत्य महीना के शुक्लपक्ष में मनाया जाता है। मौके पर खुशीराम कुमार ने कहा कि सरहुल सिर्फ अच्छी फसल के लिए नहीं बल्कि मौसम की भविष्यवाणी के लिए भी जाना जाता है। आदिवासियों के नए साल की शुरूआत भी इसी पर्व के बाद होती है.जो पतझर के बाद ही नए पत्ते लगते है। सरहुल त्योहार धरती माता को समर्पित है - इस त्योहार के दौरान प्रकृति की पूजा की जाती है।सरना वह पवित्र कुंज है, जिसमें कुछ शालवृक्ष होते हैं। इस अवसर पर ग्राम सभा अध्यक्ष वेंसेलास लकड़ा, गंगाधर मांझी, फादर क्लेमेंट (पल्ली पुरोहित),पहान देवसिंह मांझी, पहान पितुराम मांझी, बिशेस्वर मांझी, मारियानुस कुजुर, फ्रिस्का लकड़ा, एथेलरीदा मिंज, मेरी रोज मिंज, जगदीश नायक, गुड्डू नायक,पौलुस बेक, शांता तिर्की, बालकिशोर मांझी, सुधीर मांझी, मानती टोप्पो, संतोष मांझी, समीर मिंज, फिल्मोंन किंडो, दिलीप मांझी, परमेश्वर मांझी, रुषतम मांझी रविन्द्र नायक सहित भारी संख्या में लोग उपस्थित थे।

### रामनवमी को ले शांति समिति की हुई बैठक

**सिमडेगा।** रामनवमी पर्व को लेकर रविवार की शाम तामड़ा पंचायत भवन में बीडीओ अजय कुमार रजक की अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक संपन्न हुई। बैठक में मुख्य रूप से थाना प्रभारी मुफस्सिल देव कुमार दास पंचायत की मुखिया अंजना एक्का, उप मुखिया अशोक गुप्ता, पंचायत समिति संदीप, पूर्व मुखिया सहित शांति समिति के तमाम पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे। बैठक में बीडीओ ने कहा कि जिस प्रकार प्रत्येक वर्ष यहां शांतिपूर्ण तरीके से रामनवमी का आयोजन किया जाता है इस बार भी उसी उत्साह के साथ करें किसी प्रकार की कोई भी विवाद ना हो इसका ध्यान रखें। प्रशासन अपनी ओर से पूरी तरह से यहां पर पुलिस बल एवं मजिस्ट्रेट की प्रतिनियुक्ति करेगी। जिससे कि किसी प्रकार की दिक्कत ना हो। जहां पर बताया की भेलवाडीह गांव से जुलूस आती है जिसकी विधि व्यवस्था संबंधित उन्होंने जानकारी ली। साथ ही मस्जिद के पास झंडा मिलान से संबंधित भी जानकारी प्राप्त की। थाना प्रभारी ने कहा कि पर्व त्योहार के दौरान माहौल खराब ना हो इसके लिए देसी शराब के विरुद्ध लगातार अभियान चलाई जाएगी साथ-साथ सघन वाहन जांच अभियान भी क्षेत्र में जारी रहेगी एवं सोशल मीडिया पर विशेष नजर रखी जाएगी ताकि कोई भी व्यक्ति किसी प्रकार की विवाद पोस्ट ना करें।

### रामनवमी पर्व को लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में पुलिस ने निकाला फ्लैग मार्च

# फ्लैग मार्च निकालकर लोगों को सुरक्षा व्यवस्था का कराया एहसास



**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**

आगामी रामनवमी त्योहार को लेकर रविवार को फ्लैग मार्च निकालकर पुलिस ने लोगों को सुरक्षा व्यवस्था का एहसास कराया। फ्लैग मार्च लोहरदगा सदर सीओ सनी कुमार दास, और पुलिस निरीक्षक सह सदर थाना प्रभारी अनिल उरांव की अगुवाई में निकाली गई। फ्लैग मार्च लोहरदगा सदर प्रखंड के हेसल, कुजार, मन्हो, रामपुर, तिगरा, आदि गांव का भ्रमण करते हुए वापस थाना लौटी। फ्लैग मार्च का नेतृत्व कर रहे सदर सीओ व पुलिस निरीक्षक अनिल उरांव ने आमजनों से मिलकर आपसी सौहार्द के साथ रामनवमी त्योहार मनाने की अपील की। उन्होंने कहा की पुलिस रामनवमी को लेकर पूरी तरह मुस्तैद है। फ्लैग मार्च के माध्यम से इलाके में शांति व्यवस्था बरकरार रखते हुए पर्व को आपसी सौहार्द वातावरण में मनाए। उन्होंने कहा कि असामाजिक तत्वों पर प्रशासन की पैनी नजर है। अफवाहों पर ध्यान नहीं देना है। वहीं शांति व्यवस्था भंग करने वाले तत्वों पर कड़ी कार्रवाई करने की बात कही। वही क्षेत्र में विधि-व्यवस्था शांतिपूर्ण रखने को लेकर प्रशासन के माध्यम से पूर्व में अपील की जा चुकी है। मौके पेशरार थाना प्रभारी मोहम्मद अख्तर अली, सब इंस्पेक्टर सूरज प्रसाद, सब इंस्पेक्टर, सनी कुमार, सब इंस्पेक्टर टीनू सवो, एएसआई रमेश कुमार तिवारी, एएसआई संजय कुमार, एएसआई गोवर्धन तुरी, सहित पुलिस के जवान उपस्थित थे।

### रामनवमी को ले पुलिस ने निकाला फ्लैग मार्च

**सेन्हा।** रामनवमी त्यौहार को लेकर प्रखंड प्रशासन व पुलिस प्रशासन द्वारा संयुक्त रूप से निकाला गया फ्लैग मार्च। सेन्हा थाना अन्तर्गत कल्हेपाट और सेन्हा में रामनवमी के त्यौहार को लेकर शांतिपूर्वक सौहार्द व भाईचारा के साथ पर्व मनाने के उद्देश्य से प्रखंड विकास पदाधिकारी अशोक कुमार चोपड़ा और थाना प्रभारी धनंजय कुमार पासवान के नेतृव में कल्हेपाट और सेन्हा में फ्लैग मार्च निकाला गया। प्रशासन द्वारा फ्लैग मार्च करते हुए सेन्हा मुख्य पथ से जगरनाथ मन्दिर, बड़ी मस्जिद, कोइरी मुहल्ला, सती मन्दिर पथ होते हुए वापस आया। वही कल्हेपाट में फ्लैग मार्च मेन रोड से प्रारम्भ हो कर पूरा बस्ती का भ्रमण किया। मौके पर मौजूद बीडीओ अशोक कुमार चोपड़ा और थाना प्रभारी धनंजय कुम पासवान ने ग्रामीणों से अपील करते हुए कहा कि त्यौहार को शांतिपूर्वक सौहार्द व भाईचारा के साथ मिलजुल कर मनाये सोशल मीडिया या किसी भी माध्यम से गलत अफवाह न फैलाये। जिससे त्यौहार के अवसर पर क्षेत्र में शांति भंग हो। कहा कि गलत करने वालों के प्रति नियम संगत करवाई किया जायेगा। मौके पर एसआई गणेश यादव, शर्मा भगत, एएसआई राजेश शर्मा, आयता खेस दल बल के साथ मौजूद थे।

### तेजस्विनी परियोजना ने मनाया पोषण पखवाड़ा

**सेन्हा।** तेजस्विनी परियोजना द्वारा प्रखंड क्षेत्र के सेरेंगहातु तोड़ार के पंचायत सचिवालय में पंचायत समिति सदस्य सफरुद्दीन अन्सारी की अध्यक्षता में पोषण पखवाड़ा कार्यक्रम आयोजित किया गया। आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि महिला थाना प्रभारी किरण पंडित मौजूद थीं। मुख्य अतिथि महिला थाना प्रभारी ने महिलाओं के लिये सही पोषण कि आवश्यकता एवं स्वास्थ्य से महिला सुरक्षा को जोड़ने के विषय पर प्रकाश डालते हुए सही पोषण देश रोशन का नारा को बुलंद किया। वही तेजस्विनी परियोजना के जोनल ट्रेनिंग स्पेशलिस्ट कृषण यादव ने कार्यक्रम के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए कहा की झारखंड सरकार के महिला एवं बाल विकास मंत्रालय के निर्देशानुसार 20 मार्च से 3 अप्रैल तक पोषण पखवाड़ा मनाने का निर्देश दिया गया है। पोषण पखवाड़ा का मुख्य उद्देश्य है। जन आंदोलन के तौर पर किशोरियों एवं युवतियों को पोषण का महत्व के बारे में जागरूक करना तथा खानपान और स्वास्थ्य की आदतों को बढ़ावा देना है। साथ ही बताया कि पोषण पखवाड़ा 2023 की थीम है। सभी के लिए पोषण एक साथ, स्वस्थ भारत की ओर वही वर्ष 2023 को अंतरराष्ट्रीय मोटे अनाज वर्ष के रूप में घोषित किया गया है।

### आस्था-मां वनदुर्गे शक्तिपीठ

### हर भक्त की मनोकामना पूर्ण करती हैं मां वनदुर्गे

# प्राचीन काल से वनों के बीच अवस्थित है मां वनदुर्गे



**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा**

सिमडेगा जिले के बोलबा प्रखंड अन्तर्गत मालसाडा गांव में मां वनदुर्गे शक्तिपीठ के रुप में विराजित भक्तों को दर्शन दे रही है। यहां सच्चे मन व श्रद्धा से मांगी गई हर मन्नते मां वनदुर्गे पूर्ण करती है। वनदुर्गा स्थल में ऊंचे - ऊंचे घने सखुए के पेड़ एवं चारो ओर जंगल व पहाड़ों से घिरे प्रकृतिक सौन्दर्य को विखेरते हुए अत्यंत ही रमणीक स्थल के रूप में विख्यात है। मां वनदुर्गा का ऐतिहासिक घटनाक्रम बुजुर्गों के अनुसार सन 1806 ई0 में मालसाडा गांव के महादान टोंगरी में घने सखुए पेड़ों के बीच एक सखुए पेड़ के खोड़हर में मां वनदुर्गे की मूर्ति को गाँव वालों ने देखा था। कुछ दिनों बाद मूर्ति वहाँ से विलुप्त हो गई। बताया जाता है कि गांव के विश्वनाथ सिंह पाहन को स्वपन मिला कि मूर्ति सरना स्थल के एक सखुए पेड़ के खोड़हर में मूर्ति विराजित है। पाहन ने गाँव के कुछ बुजुर्ग लोगों के पास रात में देखी गई स्वपन पर चर्चा किया। लोगों ने सरना स्थल जाकर देखने का निश्चय किया। जब वहां जाकर देखा तो सचमुच ही एक पाषाण मूर्ति मौजूद थी। मूर्ति मिलने की सूचना टैसेर के राजा जगतपाल सिंह को दिया गया। राजा जगतपाल सिंह, लालू नारायण सिंह एवं उनके परिवार के लोग मां दुर्गा के अनन्य भक्त थे। जंगलों में घूम-घूमकर पाषाणों पर अच्छत, चंदन, सिन्दूर लगाकर मां की आराधना किया करते थे। पाहन द्वारा मूर्ति मिलने की सूचना दिए जाने पर पुलकित होकर स्वयं उस स्थान पर जाकर देखा तो वहां एक नील रंग के पाषाण की मूर्ति विराजित थी। गांव वालों ने मूर्ति को पेड़ के खोड़हर से नीचे उतारा और मूर्ति की नामकरण पर विचार किया। मूर्ति वनों के बीच पाए जाने के कारण उसका नाम वनदुर्गा रखा गया। सरना स्थल में ही विधिवत पूजन के पश्चात मूर्ति को वहीं स्थापित कर दिया गया। इसके बाद तत्काल एक दिन में ही मिट्टी एवं खपड़ा का एक छोटा सा मन्दिर का निर्माण किया गया। राजा द्वारा माँ वनदुर्गा की अच्छी से सेवा पूजा हो इस विश्वास के साथ उन्होंने एक ब्राह्मण पण्डित को पुजारी के रूप में रखा गया। मां वनदुर्गे ने ब्राह्मण पण्डित का पूजा स्वीकार नहीं किया। एक दिन नाराज होकर माता ने उस पण्डित ब्राह्मण को मन्दिर से ही उठा कर बाहर फेंक दिया । जो एक पेड़ से जा टकराया और उसकी वहीं पर मौत हो गई। मां वनदुर्गा के भक्त गण इस घटना के बाद विचार-विमर्श किया और राजा की सहमति से विश्वनाथ सिंह पाहन को पुजारी के रूप में रखा गया। सन 1957 में दक्षिण भारतीय एक सन्यासी भ्रमण करते हुए केरसई गांव पहुंचा। केरसई से भ्रमण करते हुए वनदुर्गा स्थल पहुंचकर माता का दर्शन किया। सन्यासी ने माँ वनदुर्गा की विशेषता को बताते हुए इस क्षेत्र को माता का विशेष कृपा बताया ।सन्यासी ने ग्रामीणों से यज्ञ करने का प्रस्ताव रखा। लोगों ने यज्ञ करने की प्रस्ताव पर सहमत हो गए। वहीं प0 मदन गोपाल मिश्रा का कोई सन्तान नहीं था। उन्हें सन्यासी ने यज्ञ करने की सलाह दिया। इसके बाद ग्रामीणों ने मिलकर उस सन्यासी के देखरेख में यज्ञ शुरू कर दिया। यज्ञ के दौरान यज्ञ स्थल के आस पास चारो ओर साँप, बिच्छू आदि अनगिनत संख्या में निकल आए। वहीं दूसरी ओर उत्तर दिशा से शेर गरजते हुए यज्ञ स्थल के चारो ओर घूमते हुए माता की उत्पत्ति स्थल की ओर चला गया। किसी को कोई छति नहीं हुई। इसी बीच यज्ञ में हवन के दौरान घी कम पड़ गई। सन्यासी ने पास के ही बाईल धोवा नदी में कुछ लोगों को भेजकर तीन टीन नदी का जल मंगवाया। वह जल यज्ञ स्थल पहुंचते- पहुँचते घी में परवर्तित हो गया। यज्ञ की समाप्ति के पश्चात तीन टीन घी इकठ्ठा करके बाइलधोवा नदी में प्रवाहित कर घी वापस कर दिया गया। सन्यासी ने सारी घटना को माता की अपार महिमा बताया। उस सन्यासी के द्वारा भेंट स्वरूप दिया गया तलवार आज भी प्रमाण के रूप में मौजूद है।

सन 1984 में मां वनदुर्गा की उत्पत्ति स्थल को लेकर हिन्दू और ईसाइयों के बीच विवाद हो गया । दोनो पक्ष के लोगों ने बोलबा थाने में अपनी-अपनी शिकायतें दर्ज कराई। विवाद के दौरान माता की उत्पति स्थल महादान टोंगरी में एक और मूर्ति मिली। जिसका नाम मां समलेश्वरी रखा गया। विवाद का समझौता कराने के लिए उस समय के बोलबा थाना के ठाकुर सिंह, एसडीओ शिवपूजन राम, डीएसपी रामदयाल उरांव एवं अन्य अधिकारी विवादित स्थल पहुंचे। इस दौरान ईसाइयों द्वारा गाड़े गए क्रूस को वापस उखाड़कर ले गए। हिन्दुओ ने अपना झंडा नहीं हटाया। अधिकारियों ने झंडा एवं मूर्ति को वहाँ से उठाकर अपने साथ ले गए । इसके बाद प्रशासनिक अधिकारियों ने दैविक प्रकोप से परेशान हो गए। डीएसपी एवं एसडीओ ने माफी माँगते हुए मूर्ति को वनदुर्गा समिति को वापस कर दिया। वर्तमान में महादान टोंगरी पर एक छोटा सा मन्दिर माता के भक्तों ने निर्माण किया है।

### झामुमो बुद्धिजीवी मोर्चा के गठन को लेकर बैठक

# युवाओं के बेहतर भविष्य के लिए सरकार अग्रसर : मोजम्मिल




**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**

झारखंड मुक्ति मोर्चा जिला समिति की बैठक जिला अध्यक्ष मुजम्मिल अहमद की अध्यक्षता में जिला कार्यालय लोहरदगा में रखी गई। जिसमें मुख्य रुप से संगठन को लेकर चर्चा की गई। बुद्धिजीवी मोर्चा कमिटी गठन किया गया। आए हुए नामों को केंद्रीय समिति को भेजने का निर्णय लिया गया। जिला अध्यक्ष ने कहा कि राज सरकार झारखंड वासियों के लिए नए-नए योजना लाकर जनता को सुविधा पहुंचाने का काम कर रही है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन चुनाव के समय जो वादा किए थे वह वादा पूरा करने का काम कर रहे है। झारखंड मुक्ति मोर्चा के एक-एक कार्यकर्ता ने संगठन को मजबूत करने का काम कर रहे हैं और प्रखंड एवं पंचायत के पदाधिकारियों को दिशा निर्देश दिया गया है राज्य सरकार के लाए हुए योजनाओं को एक व्यक्ति तक पहुंचाने का काम करें। कहा कि हेमन्त सोरेन के सरकार में सभी वर्गों का विकास हो रहा है। आने वाले पंद्रह दिनों के अंदर सभी मोर्चा का गठन कर केंद्रीय समिति को भेजा जायेगा। बैठक में जिला सचिव अनिल उरांव, केंद्रीय सदस्य समीद अंसारी केंद्रीय सदस्य सरिता भगत केंद्रीय सदस्य विनोद यादव जिला उपाध्यक्ष तिवारी उरांव जिला उपाध्यक्ष मुकेश साहू कुडू उपप्रमुख अएनूल अंसारी मनोज कुमारी संजय कुमार आकाश साहू आशीष कुमार अजय उरांव साकिर अंसारी मनोज कुमार मनीषा कश्यप रश्मि कुमारी अफरोज अंसारी निर्ष्मणी कुमारी अख्तर अंसारी बिनु कुमार अजय कुमार समेत अन्य मौजूद थे।

NEWS इन ब्रीफ

## वार्ड पार्षद प्रत्याशी ने नाली की करायी मरम्मत



**मेदिनीनगर।** वार्ड पार्षद प्रत्याशी आकाश कुमार ने वार्ड नंबर 25 में वर्षों से टूटे हुए नाले का मरम्मत कराया । इस संबंध में वार्ड पार्षद प्रत्याशी आकाश कुमार ने बताया कि लोगों की शिकायत थी कि वर्षों से टूटे हुए नाले को वर्तमान वार्ड पार्षद के द्वारा मरम्मत नहीं कराया गया है। जिसके वजह से आए दिन यहां दुर्घटनाएं हो रही है। उन्होंने बताया कि हाल ही के दिनों में टूटे हुए नाले में वार्ड 25 का एक व्यक्ति स्कूटी सहित नाले में गिर कर गंभीर रूप से घायल हो गया था। जिसे स्थानीय लोगों के द्वारा इलाज के लिए मेदिनीनगर सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया था। स्थानीय लोगों ने बताया कि ऐसी घटना फिर ना हो इससे पूर्व नाले का निर्माण व मरम्मत कराया जाए। स्थानीय लोगों की बातों को ध्यान में रखते हुए वार्ड पार्षद प्रत्याशी अकाश कुमार ने रविवार को अपने निजी खर्च से नाली का मरम्मत करवाया। मौके पर उपस्थित आकाश कुमार ने कहा कि वार्ड नंबर 25 के जनता के लिए वे दिन रात सेवा में है । यदि किसी भी व्यक्ति को किसी भी समय हमारी जरूरत महसूस हो तो वह हमसे संपर्क कर सकते हैं। हम उनके साथ 24 घंटे साथ हैं।

## चिपको आंदोलन पर विचार गोष्ठी का आयोजन

**मेदिनीनगर।** बेरोजगार संघर्ष मोर्चा के जिला कार्यालय में चिपको आंदोलन के अवसर पर एक विचार गोष्ठी आयोजित की गई। जिसकी अध्यक्षता मोर्चा अध्यक्ष उदय राम ने की व संचालन संजय कुमार ने किया। मोर्चा अध्यक्ष उदय राम ने कहा कि 26 मार्च 1973 में चिपको आंदोलन शुरू हुआ था। उत्तराखण्ड एवं गढ़वाल की महिलाओं ने पेड़ों के साथ चिपक जाती थी। ताकि कोई पेड़ को काट न सकें । यह मुलतः पर्यावरण रक्षक आंदोलन था। सुन्दर लाल बहुगुना, गोविन्द सिंह रावत, गौरा देवी के नेतृत्व में शुरू हुआ था। ज्ञात हो कि उत्तरप्रदेश सरकार द्वारा दो हजार पेड़ों को काटने का आदेश था । उत्तराखण्ड एवं गढ़वाल के महिलाओं ने जंगलों पर अपना स्वामित्व को बताते हुए पेड़ों को काटने का विरोध किया। सैकड़ों महिलाओं ने सड़क पर उतर कर पेड़ों को काटने का विरोध किया तब जा कर 1980 में वन मंत्रालय अस्तित्व में आया था । इसी का नतीजा हैं कि पर्यावरण असंतुलित हो रहा हैं। वर्षा नहीं होने से-बार अकाल और सुखाड़ हो रहा हैं। शुद्व हवा के बिना कई तरह के बीमारी फैल रही है। मोर्चा अध्यक्ष उदय राम ने कहा कि पेड़ों की कटाई अबिलंब रोका जायें। अधिक से अधिक पेड़ पौधा लगाया जायें ,ताकि पर्यावरण संतुलित रह सकें। मौके पर शिव नरायण साव, संजित कुमार, सन्नी कुमार, अनिल राम, संजय चौरसिया, प्रमोद राम, मनोज सिंह, नन्हक सिंह सहित कई लोग उपस्थित थे। राम नरेश महतो ने धन्यवाद ज्ञापित किया ।

## बिजली की चपेट में आकर 60 वर्षीय व्यक्ति की मौत

**मेदिनीनगर।** पाटन थाना क्षेत्र के ग्राम निमिया निवासी बैजनाथ ठाकुर उम्र 60 वर्ष बिजली की करंट की चपेट में आकर गंभीर रूप से घायल हो गए। जानकारी के अनुसार पाटन थाना क्षेत्र के ग्राम निमिया निवासी बैजनाथ ठाकुर शनिवार की शाम अपने घर की छत पर टहल रहे थे। तभी वह बिजली करंट की चपेट में आकर गंभीर रूप से घायल हो गए। इसके बाद परिजनों के द्वारा उन्हें इलाज के लिए मेदिनीनगर सदर अस्पताल लाया गया। जहा इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। उनकी मौत की खबर सुनकर पाटन पश्चिमी जिला परिषद सदस्य संग्राम सिंह सदर अस्पताल पहुंचे और मृतक के परिजनों से मुलाकात की। मौके पर उपस्थित संग्राम सिंह ने कहा कि बिजली विभाग की लापरवाही की वजह से बैजनाथ ठाकुर की मौत हुई है।

# नियोजन नीति को लेकर बनी रणनीति

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू में सरकार द्वारा बनाई गई नियोजन नीति को लेकर युवाओ ने बैठक कर रणनीति बनाई है। जो सरकार की नियोजन नीति के विरोध में पलामू में देखने को मिली । रविवार को स्थानीय जीएलए कॉलेज के ग्राउंड में सरकार द्वारा पारित 60/40 नियोजन नीति के विरोध में युवाओं द्वारा एक मीटिंग किया गया । जिसमें सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि आगामी 3 अप्रैल दिन सोमवार को काली मंदिर स्थित खनन विभाग के पास स्थित कंपाउंड से रेड़मा चौक, छह मुहान, बस स्टैंड, मुंसफ रोड होते हुए कचहरी उपायुक्त कार्यालय तक पैदल मार्च निकाला जायेगा । मार्च के बाद ज्ञापन के माध्यम से सरकार को नीति बदलने हेतु विचार करने की बात रखी जायेगी।

## राष्ट्रीय जनता दल ने की बैठक

**मेदिनीनगर।** राष्ट्रीय जनता दल के द्वारा सम्मान समारोह सह सुझाव प्रस्ताव कार्यक्रम का आयोजन शहर स्थित पलामू क्लब मे किया गया। जिसकी अध्यक्षता जिला अध्यक्ष मोहन विश्वकर्मा की। वहीं प्रखण्ड और पंचायत स्तर तक राष्ट्रीय जनता दल पार्टी की विस्तार और पार्टी की मजबूती दिलाने पर विचार विमर्श किया गया। साथ ही निर्णय लिया गया कि सभी प्रखण्डों में राष्ट्रीय जनता दल के नेता व कार्यकर्ता जाकर लोगों से मुलाकात करेंगे और उनकी समस्याओं से अवगत भी होंगे।

# अस्पताल में शौचालय बंद रहने से मरीजों को परेशानी

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** सदर अस्पताल में अहम सेवाओं का हाल बदहाल है। पूरे पलामू प्रमंडल के इलाज का जिम्मेदार यह अस्पताल अनेक समस्याओं से जूझ रहा है। जिसके चलते यहां पर आने वाले मरीजों को बड़ी परेशानी उठानी पड़ती है। अस्पताल परिसर में बने सेकंड फ्लोर का शौचालय महीनों से बंद पड़ा है। जिससे अस्पताल में आने वाले मरीजों को शौच के लिए इधर-उधर भटकना पड़ता है। इसकी जानकारी होने के बावजूद भी स्वास्थ्य महकमा इसे नजर अंदाज किए हुए है। अस्पताल में पुरुष व महिला के लिए अलग-अलग शौचालय का निर्माण लाखों की लागत से किया गया है। इसके बावजूद शौचालय का दरवाजा हमेशा बंद रहता है। ऐसे में मरीजों को ही



नहीं तैनात स्टाफ को भी परेशानी होती हैं। सर्वाधिक समस्या महिलाओं को होती है। वहीं सदर अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती मरीजों ने बताया कि शौचालय तो बना है, लेकिन वह हमेशा बंद रहता है। जिससे लोगों को काफी परेशानी होती है। जो मरीज चलने लायक नहीं रहते है उन्हें शौच के लिए ग्राउंड फ्लोर पर जाना मजबूरी हो जाती है। जिसके वजह से मरीजों को आने जाने में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। मरीजों ने अस्पताल अधीक्षक से आग्रह किया है कि सेकेंड फ्लोर के शौचालय को अविलंब शुरू करवाया जाए, ताकि मरीजों को परेशानियों का सामना ना करना पड़े। वहीं अस्पताल अधीक्षक डीके सिंह ने बताया कि मरीजों की समस्याओं को देखते हुए सेकेंड फ्लोर का शौचालय जल्द ही शुरू करवाया जायेगा। इसकी सूचना अस्पताल के सुपरवाइजर को दे दी गई है । जल्द ही शौचालय की शुरू करवा दी जायेगी।

# महापर्व का खरना संपन्न, अस्ताचलगामी अर्घ्य आज



### कल सुबह में उदीयमान सूर्य को अर्घ्य देकर चार दिवसीय पर्व संपन्न

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू में चार दिवसीय लोक आस्था का महापर्व चैत छठ के दूसरे दिन व्रतियों ने रविवार की शाम में खरना का अनुष्ठान किया। शाम में स्नान दान कर भगवान भास्कर का ध्यान लगाया और अपने घर में खरना का भोग चढ़ाया। पूजा पाठ के बाद व्रतियों ने प्रसाद के रुप में खीर का भोजन किया। उसके बाद लोगों के बीच प्रसाद का वितरण किया गया। लोक आस्था के इस पर्व में प्रसाद पानें के लिए लोग व्रतियों के यहां पहुंचते रहे। देर रात तक प्रसाद पाने के लिए लोग एक दूसरे के घर जाते रहे। वही, आज शाम में अस्ताचलगामी सूर्य को अर्ध्य दिया जायेगा। जबकि कल सुबह में उदयीमान सूर्य को अर्घ्य देकर चार दिवसीय पर्व संपन्न होगा। छठ व्रतियों ने पूरे दिन उपवास पर रहकर मिट्टी के चूल्हे और आम की लकड़ी पर खरना का प्रसाद बनाया। शाम 5:45 से 6:18 बजे के बीच छठी मैया को प्रसाद के रूप में तैयार गुड़ से बनी खीर, रोटी और केला का भोग लगाकर पूजा-अर्चना की। इसके बाद प्रसाद ग्रहण किया। इसके साथ ही 36 घंटे का निर्जला उपवास शुरू हो गया। पलामू सहित आस पास के जिलों में महापर्व चैत छठ को लेकर आस्था और उत्साह का वातावरण है। पूजन एवं प्रसाद सामग्री की दुकानें सड़कों के दोनों ओर सजे हुए थे। छठ व्रती एवं उनके परिवार के सदस्य जरूरत के अनुरूप पूजन एवं प्रसाद सामग्री की खरीदारी कर रहे थे। रविवार को भी छठ पर्व में जरूरत पड़ने वाले पूजन सामग्री और प्रसाद सामग्री की खरीदारी के लिए दिन भर बाजार में चहल पहल रही। प्रसाद सामग्री के लिए फल केला, सेवा, नारियल, अनार, पानी फल, संतरा, गन्ना आदि के अलग से स्टॉल लगाकर बेच रहे थे। वहीं गांव से भी किसान अदरक, गाजर, बैर, बादाम, शकरकंद, आंवला, डंभा आदि के दुकान लगाए हुए थे। दुकानदारों में भी छठ पर्व के नाम पर निष्ठा के कारण शुद्धता और पवित्रता का अनुपालन किया जा रहा था। कई स्टाल व दुकानों में पूजन व प्रसाद सामग्री लागत मूल्य पर बेच कर पर्व के प्रति अपनी सेवा और आस्था भी प्रकट करते देखा गया।

**छठ व्रत से मनोकामना होती है पूर्ण :** चैत छठ करने वाले 59 वर्षीय वृद्ध महिला कर्मा देवी इस बार भी छठ व्रत कर रही है। वह पिछले 32 वर्षों से छठी मइया की उपासना कर रही है। वह कहती है कि पहली बार पुत्र की कामना के लिए छठ व्रत की थी। जब उनकी मनोकामना पूर्ण हो गई तब छठी मइया के प्रति आस्था प्रगाढ़ हो गया। वही चैत छठ में गर्मी का प्रकोप भी अधिक रहता है। जिसके कारण छठव्रतियों को अधिक कष्ट का सामना करना पड़ता है। पुरोहित ओम पाठक के अनुसार अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य देने का समय शाम में 6.25 से 6.36 बीच और उदयगामी सूर्य को अर्घ्य देने का समय सुबह 6:16 बजे से है। शाम में अर्घ्य गंगा जल से दिया जाता है। जबकि उदयगामी सूर्य को अर्घ्य कच्चे दूध से देना चाहिए।

## पूजन व प्रसाद सामग्री के लगे अस्थायी दुकान



बाजार,रेड़मा, हॉस्पिटल चौक,सुदना, बेलवाटिका में पूजन सामग्री और प्रसाद सामग्री के लिए अस्थायी दुकान लगाए गए है। छठ व्रती एवं उनके परिवार के सदस्य आवश्यकता के अनुसार पूजन सामग्री क्रय कर रहे थे। फल के लगे स्टाल में केला 400 से 500 रुपये कांधी, सेव 500 से 600 रुपये पेटी, संतरा साठ रुपये किलो, अनानस साठ रुपये पीस, डंभा दस रुपये पीस, आंवला साठ रुपये किलो, पानी फल 80 रुपये किलो, बादाम 40 रुपये किलो, कतारी 30 रुपये पीस, अनार सौ रुपये किलो, नारियल 18 से 25 रुपये पीस, केला 30 रुपये दर्जन, गुड़ 40 रुपये, गेंहू 28 रुपये, अरवा चावल 35 रुपये, घी ब्रांड के अनुरूप दो सौ सात सौ रुपये तक बिक रहे हैं। दुकानों में धूप दीप अच्छत अरता रूई बती, दीया आदि की भी लोगों ने खरीदारी करते देखे गए।

## थाना प्रभारी ने घायल को पहुंचाया अस्पताल

**मेदिनीनगर।** तरहसी थाना क्षेत्र के ग्राम कुसड़ी निवासी सरवन कुमार बाइक दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो गया। जानकारी के अनुसार सरवन कुमार कुछ काम के लिए मेदिनीनगर आया था। शाम को वह बाइक पर सवार होकर अपने घर जा रहा था। तभी रास्ते में महावीर मोड़ के पास बाइक दुर्घटना में वह गंभीर रूप से घायल हो गया। तभी लेस्लीगंज थाना प्रभारी किसी काम से मेदिनीनगर आ रहे थे। इसी बीच उनकी नजर दुर्घटनाग्रस्त युवक पर पड़ा। उन्होंने अपना वाहन रोककर घायल युवक को इलाज के लिए मेदिनीनगर सदर अस्पताल पहुंचाया। घटना की जानकारी मिलते ही टाइगर मोबाइल के जवान विनोद कुमार यादव और परवेज खान सदर अस्पताल पहुंचकर चिकित्सकों से मिलकर घायल का इलाज कराया। चिकित्सकों ने इलाज के बाद घायल सरवन कुमार की गंभीर स्थिति को देखते हुए उसे बेहतर इलाज के लिए रांची रिम्स रेफर कर दिया। वही इस घटना के बाद से परिजनों का सदर अस्पताल में रो रो कर बुरा हाल है।

# रैयत संघर्ष समिति ने पलामू सांसद को सौंपा ज्ञापन



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** एनएच 39 भूमि अधिग्रहित रैयत संघर्ष समिति का एक शिष्टमंडल अध्यक्ष रविंद्र तिवारी उर्फ गांधी के नेतृत्व में रविवार को पलामू सांसद विष्णु दयाल राम से मिला। रैयतो ने नए बाजार दर पर उन्हें मुआवजा मिले, इसके लिए रैयतों के लड़ाई में सहयोग करने के लिए मांग पत्र सौंपा। मांग पत्र सौंपने के बाद प्रेस को बताते हुए रविंद्र तिवारी ने कहा कि सांसद से हमने रैयतो की तरफ से 4 बिंदुओं पर मांग करते हुए निमार्णाधीन भोगु से शंखा एच 39 फोरलेन के लिए अधिग्रहित की जा रही भूमि के लिए अंतिम बड़े मूल्य के केवाला की राशि के अनुसार भुगतान करने हेतु पहल करने के लिए मांग पत्र सौंपा है । साथ ही उनसे मांग की गई है कि जिस प्रकार गढ़वा में खजूरी से विंढमगंज के रैयतों को नोटिश में ही तय मूल्य का उल्लेख किया गया है । उसी अनुरूप में यहां के रैयतों को भी अवगत कराया जाए । ताकि रैयतों को उनका सही हक मिल सके। सांसद ने हमारी मांगों को एनएचआई और सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय को अवगत कराने हेतु आश्वस्त किया है। उन्होंने रैयतों की मांग का समर्थन करते हुए उनकी बातों को सम्बंधित विभाग तक रखने का कार्य करेंगे। मौके पर रैयत संघर्ष समिति के बृजेश तिवारी, वरिष्ठ सामाजिक कार्यकर्ता अमित तिवारी, अभिमन्यु तिवारी, उमेश चंद्र झा, रामेश्वर यादव, शुशील सिंह, जवाहर राम, अनूप तिवारी सहित काफी संख्या में रैयत मौजूद रहे।

# अश्लील गीत व इंटरनेट मीडिया पूरी तरह प्रतिबंधित : एसडीपीओ

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** नावा बाजार त्योहार के दौरान रामनवमी पूजा अखाड़ा समिति के द्वारा अश्लील गीत एवं सोशल मीडिया से अफवाह फैलाने वाले शरारती तत्व के लोगों पर पैनी नजर रहेगी। पूजा के दौरान जुलूस एवं मेला तथा धार्मिक अनुष्ठान के दौरान समिति के द्वारा आपसी सौहार्द वातावरण मे त्योहार को संपन्न करें, उक्त बातें विश्रामपुर पुलिस अनुमंडल पदाधिकारी सुरजीत कुमार नावा बाजार थाना परिसर के सभाकक्ष में रामनवमी पूजा त्योहार को लेकर शांति समिति की बैठक में कहीं। बैठक की अध्यक्षता एसडीपीओ सुजीत कुमार व संचालन हिंदू मुस्लिम एकता समिति के सचिव मोहम्मद यासीन खान की। मौके पर इंस्पेक्टर अजय कुमार सिंह ने कहा कि जुलूस या मेला के दौरान दूसरे समुदाय के प्रति भ्रामक बातें या नारे नहीं लगाए जिससे ठेस पहुंचे । आपसी भाईचारे की मिल्लत के साथ त्योहार को संपन्न करें । जुलूस के दौरान



भड़काऊ भाषण गीत तथा पोस्ट करने वाले पर आईटी एक्ट के तहत कार्रवाई की जाएगी। वहीं थाना प्रभारी दीपक कुमार दास ने कहा कि त्योहार को शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने के लिए प्रशासन कटिबद्ध है। रामनवमी पूजा अखाड़ा समिति के लोग सहयोग करें। वही प्रखंड विकास पदाधिकारी मोहम्मद आमिर हमजा ने कहा कि रामनवमी त्योहार के दौरान 24 घंटा मजिस्ट्रेट के रूप में लोगों की निगरानी की जाएगी । ताकि किसी प्रकार त्योहार के दौरान बाधा उत्पन्न ना हो, उक्त मौके पर सांसद प्रतिनिधि पंकज तिवारी ,जिला परिषद सदस्य प्रतिनिधि राजबली महारा, रामनवमी पूजा इलाकाई अध्यक्ष दामोदर चौधरी ,मुखिया संघ अध्यक्ष विनोद विश्वकर्मा ,ईटको पंचायत मुखिया प्रतिनिधि सफीर आलम ,उप मुखिया मिस्टर अंसारी ,पूर्व मुखिया दीपक गुप्ता, अलीशेर अंसारी, सुरेश प्रसाद गुप्ता, प्रदीप जायसवाल, गिरीश प्रजापति, विजय शरण गुप्ता ,प्रदीप ठाकुर ,राजदेव यादव ,अखिलेश सिंह ,कपिल देव ठाकुर, दीपक गुप्ता सहित सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

## रामनवमी में स्टाल लगायेगी राष्ट्रीय परशुराम सेना

**मेदिनीनगर।** रामनवमी शोभायात्रा के दौरान टी स्टाल लगाएगी राष्ट्रीय परशुराम सेना युवा वाहिनी। उक्त निर्णय रविवार को युवा वाहिनी की बैठक में ली गई। स्थानीय रेड़मा रांची रोड स्थित युवा वाहिनी के प्रदेश कार्यालय में आयोजित बैठक की अध्यक्षता प्रदेशध्यक्ष देवेन्द्र तिवारी ने किया। बैठक में लिए गए निर्णयानुसार नवमी के रात्रि में थाना रोड में चाय और बिस्किट और पेयजल श्रद्धालुओं को उपलब्ध कराया जायेगा। बैठक में लिए गए निर्णयानुसार नवमी के रात्रि में सेवा भाव स्टाल प्रारंभ किया जाएगा। बैठक के अंत में पूर्व मंत्री चंद्रशेखर दूबे के पुत्रवधु के निधन पर दो मिनट का मौन धारण किया गया। बैठक में प्रदेश कोर कमेटी सदस्य नवीन तिवारी, संजय मिश्रा,जन्मोत्सव आयोजन समिति के अध्यक्ष संतोष तिवारी, पूर्व प्रदेश संरक्षक आशीष भारद्वाज, प्रदेश कार्यालय सहित कई सदस्य मौजूद थे।

## सदैव सृजन में हो विज्ञान का उपयोग : डीएसई

**मेदिनीनगर।** सदर बीसीसी बालिका मिशन स्कूल में झारखंड शिक्षा परियोजना,पलामू के तत्वावधान में राष्ट्रीय आविष्कार व नवाचार अभियान अंतर्गत जिला स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। उद्घाटन मुख्य अतिथि पलामू जिला शिक्षा अधीक्षक मनोज कुमार, विशिष्ट अतिथि जेल प्रोबेशन अधिकारी मनोज कुमार,सदर एईओ. हरेंद्र तिवारी,बीईईओ.महेन्द्र प्रजापति,रामानंद सिन्हा,जान मुथू व दिलीप सिंह ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया। अध्यक्षता पांकी क्षेत्र के शिक्षा पदाधिकारी अमृता सिंह,स्वागत भाषण एपीओ.अशोक कुमार रजक व धन्यवाद ज्ञापन एडीपीओ.उदय कुमार सिंह ने की। जबकि संचालन रजवाडीह मध्य विद्यालय के शिक्षक परशुराम तिवारी ने किया। विशिष्ट अतिथि जेल प्रोबेशन अधिकारी मनोज कुमार ने कहा कि यह खुशी की बात है कि आपकी प्रदर्शनी के विषय दैनिक जीवन में विज्ञान के उपयोग के बुनियाद पर बने हैं। विज्ञान प्रदर्शनी के सफल आयोजन के लिए जिला शिक्षा पदाधिकारी अनिल कुमार चौधरी ने पूरी टीम को बधाई दी है। इसे सफल बनाने में शादाब हुसैन क्षेत्र प्रबंधक व समग्र शिक्षा अभियान के सुनील भारती, विकास दूबे, राजीव चौबे,आमोद सिन्हा, वीरेंद्र तिवारी,रामसरेख पाण्डेय,श्याम किशोर सिंह,विनोद तिवारी व जावेद अंसारी व विजय शुक्ला ने सक्रिय भूमिका निभायी। इस मौके पर बीपीओ.मनोज तिवारी,कृष्णकांत द्विवेदी, राजीव रंजन सिंह,मणि पाण्डेय, रेखा कुमारी, ओमप्रकाश व नरेन्द्र सिंह सहित सैकड़ों छात्र-छात्राएं, शिक्षक-शिक्षिकाएं व पदाधिकारीगण मौजूद थे।

## नल जल योजना को लेकर आपस में भिड़े ग्रामीण

**मेदिनीनगर।** पलामू जिले के कसमार ओपी अंतर्गत एक गांव में रविवार को नल जल योजना को लेकर दो पक्षों के बीच विवाद हो गया। जिसमें लोग झगड़ा करने पर उतारू हो गए। ग्रामीणों के द्वारा इस घटना की जानकारी कसमार ओपी प्रभारी मंटू कुमार को दी गई। घटना की जानकारी मिलते ही मंटू कुमार अपने दल बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचकर दोनों पक्षों को समझा-बुझाकर मामला को शांत कराया। बताते चलें कि मंटू कुमार अपने क्षेत्र में किसी भी झगड़ा झंझट की खबर मिलने पर पहुंच जाते हैं, और विधिवत लोगों को समझा-बुझाकर मामला को शांत करा देते हैं। इससे पहले भी इस तरह के मामला को मंटू कुमार के द्वारा लोगों को समझा-बुझाकर सुलझाया गया है। इनके कार्य से ग्रामीण जनता भी काफी खुश नजर आते हैं। वहीं स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि कसमार ओपी प्रभारी मंटू कुमार के द्वारा कसमार ओपी क्षेत्र में हमेशा शांति व्यवस्था कायम रखा जाता है। वही दूसरी ओर रामनवमी त्योहार को लेकर भी ओपी प्रभारी पूरी तरह से अपने क्षेत्र में विधि व्यवस्था बनाए रखने का प्रयास कर रहे है।

## मुखिया ने नदी घाट पर कराया डोभा का निर्माण

**मेदिनीनगर।** सदर प्रखंड के रजवाडीह पंचायत के मुखिया अनुज कुमार त्रिपाठी के द्वारा छठ महान पर्व और पशुओं को पानी पीने को लेकर रविवार को सूर्य मंदिर अमानत नदी घाट के किनारे जेसीबी मशीन लगाकर डोभा का निर्माण कराया गया। मौके पर उपस्थित अनुज कुमार त्रिपाठी ने बताया कि अभी चैती छठ पूजा का शुभारंभ हुआ है। छठ पूजा में अमानत नदी घाट पर हजारों श्रद्धालु की भीड़ यहां उमड़ती है। उन्होंने कहा कि अमानत नदी पूरी तरह से सूख चुका है । जिसके वजह से यहां पानी की व्यवस्था नहीं थी। और इस पूजा में नदी में पानी होना अति आवश्यक था। ताकि श्रद्धालुओं को पूजा करने में कठिनाइयों का सामना ना करना पड़े। छठ व्रतियों को परेशानी ना हो इसी को लेकर नदी घाट पर डोभा का निर्माण कराया गया है। इस डोभा का लाभ पशुओं को भी मिलेगा। उन्होंने बताया कि कई पशु है, जो गर्मी में पानी के लिए इधर-उधर भटकते हैं। इस डोभा के निर्माण से पशु भी आसानी से पानी पीकर अपनी प्यास बुझा सकते हैं।



चिन्ता | किसानों को बेमौसम बरसात की चिंता बढ़ी

# सब्जी व गेहूं की खड़ी फसल बर्बाद होने की संभावना

### फसलों को बचाने के लिए कृषि वैज्ञानिको ने दी दवा छिड़काव की सलाह

**ओपी**

**मेदिनीनगर।** पलामू में मौसम ने पूरी तरह करवट ले ली है । मार्च के महीनों में मौसम बदलता है। यहां तक की बारिश नहीं होती है और इसी भरोसे से खेतों में महंगे खाद एवं बीज लेकर कृषि से आय की संभावना को लेकर खेतों में लगाया जाता है । लेकिन पिछले दो तीन दिनों से फिर मौसम ने किसानों के माथे पर चिंता की लकीर खींच दी है। रविवार को भी मौसम दिन भर बदलते दिखाई देता रहा। पलामू के किसानों का कहना है कि कुछ दिन पहले भी बेमौसम हो रही बारिश से खेतों में कटी हुई फसल भीग गई और तेज हवा की वजह से खड़ी फसल खेतो में गिर गई है। जिसकी वजह से किसानों को मौसम की दोहरी मार का सामना करना पड़ रहा है। इस समय पलामू में कुछ स्थानों पर फसलें कटी हुई पड़ी है तो कहीं पकी हुई फसल तैयार खड़ी है। ऐसे में बारिश के कारण फसलों में काफी हद तक नुकसान होगा। गेहूं की फसल कुछ स्थानों पर कटी पड़ी है, तो कहीं खड़ी है। वहीं गेहूं की फसल पूरी तरह से पक कर तैयार है। कुछ जगह इसकी कटाई का काम शुरू हो गया है तो कही कुछ दिनों में शुरू होने वाला है। इसी तरह चना की फसल पक चुकी है। साथ ही हरी सब्जियों को भी दोहरी मार पढ़ रही है। जैसे टमाटर लहसुन गोभी नेनुआ कद्दू करेला सहित अन्य फसल को नुकसान हुआ है। किसान को आशंका है कि ओला पढ़ने से बर्बाद हो जायेगी। हालांकि जिले में अब तक किसी क्षेत्र में ओला का प्रकोप नहीं हुआ है। लेकिन बेमौसम बारिश ने खेतों में लगी सब्जियां की खेती को बर्बाद कर दिया है। जिससे किसानों का काफी नुकसान होने की संभावना बनी हुई है । क्योंकि महंगी खाद एवं बीज लेकर खेतों में सब्जी की खेती लगाए हैं । कुछ सब्जियों की खेती के पौधे हरे भरे हो गए हैं तो कुछ अंकुरित हुए हैं। ऐसे में पानी जमने से पूरा खेती ही बर्बाद हो जाएगी। लेकिन बेमौसम बदलते किसान को चिन्ता और बढ़ती जा रही है। फसलों सहित हरी सब्जियां में काफी नुकसान हो सकता है। बे मौसम हो रही किसानो पर अब कहर बनती जा रही है। फसलों को बचाने के लिए कृषि वैज्ञानिक द्वारा तैयार फसलों में दवा छिड़काव की सलाह दी जा रही है।



ज्ञान की बात

**मनुष्य को आजीवन स्वयं को शांत रखना चाहिए पर मनुष्य के समस्त ज्ञान की शत्रु उसकी कामनाएं हैं। कामनाएं व्यक्ति के ज्ञान को पूर्णतः ढंक देती हैं। जब कामना पूर्ण नहीं होती तो मनुष्य को क्रोध आता है। वस्तुतः काम और क्रोध एक ही भाव के दो नाम अथवा पक्ष हैं। उस क्रोध से रही सही बुद्धि भी भ्रष्ट हो जाती है!**
*- ठाकुरजी*




# गर्मी में पानी की राजनीति

***झारखंड*** कई तरह की समस्याओं से घिरा हुआ है। प्राकृतिक संपदाओं के बावजूद यहां जल संकट महत्वपूर्ण है। गर्मी की दस्तक शुरू हो गयी है। ऐसे में हर जगह पानी की समस्या की आवाज सुनाई पड़ने लगी है। इस समस्या के निजात के लिए अभी तक जितने भी उपाय किये जा रहे हैं,वह नाकाफी साबित हो रहे हैं। कारण कि भूगर्भ जल का अनाप शनाप दोहन जारी है। दूसरी तरफ जंगलों की कटाई, प्रदूषण, जल संग्रह के प्रति लापरवाही और नदियों व तालाबों की जमीन पर अतिक्रमण बड़े कारण हैं। जब तक इन पर अंकुश नहीं लगाया जायेगा,यह समस्या आने वाले दिनों में और भयावह होने से कोई नहीं बचा पायेगा। मार्च में ही पानी के लिए त्राहिमाह मचा हुआ है। अभी मई बाकी है। यही कारण है कि सरकार जल संचय की बात बार-बार कर रही है। अमृत सरोवर के निमार्ण के पीछे यही कारण है। अब जरूरत है कि हम इन योजनाओं को लेकर ईमानदारी दिखायें। देखने में आता है कि जलस्त्रोतों पर दबंगों का कब्जा हो रहा है। पलामू में कोयल के किनारे बसने वाली बहुसंख्यक आबादी का अतिक्रमण बदस्तुर जारी है। ऐसे में कोयल की धारा बरसात में इन्हें अपने आगोश में ले लेती है। तब शुरू होती है यहां राजनीति। मुआवजे की बात भी सामने आती है। ऐसे में हम कब तक इन प्राकृतिक संसाधनों के साथ मजाक करते रहेगें। यह एक बड़ा सवाल है। इसका उत्तर ढूंढ़ा जाना चाहिए। ऐसे में जल संचय के प्रति जवाबदेही जरूरी है। जागरूकता के माध्यम से आवाज को बुलंद करने की जरूरत है। बहरहाल राज्य सरकार अपने स्तर से ग्राउंड वाटर बोर्ड बनाने की तैयारी में है। इससे नीचे जाते जलस्तर की समस्या की पहचान और इसके लिए निराकरण में मदद मिलेगी। हाल के दिनों में देखा जा रहा है कि विभिन्न जिलों में भू-गर्भ जल नीचे चला गया है। रांची, धनबाद और रामगढ़ जिले में स्थिति चिंताजनक है। कई जिलों में अलर्ट की स्थिति है। वैसे बजट सत्र में यह बात सामने आयी है कि राज्य में अपना ग्राउंड वाटर बोर्ड बनाया जायेगा। लेकिन एक बात का ध्यान रखना जरूरी है कि भू-जल का दोहन ना हो, इस पर सरकार को ध्यान देने की जरूरत है। साथ ही नीलांबर पीतांबर जल समृद्धि योजना की देख -रेख का काम उच्च अधिकारियों की निगरानी में कराने से सकारात्क परिणाम मिलने की संभावना है। इससे पहले यह देखना जरूरी है कि पानी की जहां भी बर्बादी होती है,उन्हें तुरंत रोका जाये। देखा जाता है कि हजारो लीटर पानी पाईप फट जाने से रोज बर्बाद हो रहे हैं। इस ओर किसी का ध्यान नहीं है। सड़कों पर प्रायः हर जगह देखा जाता है कि पानी की बर्बादी होती है। इस ओर ध्यान देकर पानी को बचाया जा सकता है। दूसरी तरफ अनावश्यक हर घरों में नलों को खोलकर छोड़ दिया जाता है। ऐसे में जागरूकता के माध्यम से इस बर्बादी को रोका जा सकता है। प्रत्येक वर्ष जल संचय के प्रति बड़े-बड़े कार्यक्रम आयोजित होते हैं। जल संचय की पाठशाला में व्याख्यान दिये जाते हैं, लेकिन दुर्भाग्य की बात है कि वह कहीं दिखते नहीं हैं। ऐसे में इस दिशा में कार्य हो,लेकिन वह जमीन पर दिखे भी। यह नितांत जरूरी है। यह देखा जाता है कि गर्मी के आते ही विभिन जगहों पर राजनीति शुरू हो जाती है। कमसे कम पानी को लेकर ऐसा न हो,यह सबको संकल्प लेने की जरूरत है।

**अमृत सरोवर के निर्माण के पीछे यही कारण है। अब जरूरत है कि हम इन योजनाओं को लेकर ईमानदारी दिखायें। देखने में आता है कि जलस्त्रोतों पर दबंगों का कब्जा हो रहा है।**

# राहुल को बोलने की सद्बुद्धि दे भगवान!





ललित गर्ग

***युगीन*** भारतीय राजनीतिक मनोरचना में शालीनता एवं शिष्टता के स्थान पर स्वच्छन्दता, अशालीन एवं अभद्र भाषा के व्यवहार का अधिक सक्रियता से प्रचलन चिन्ताजनक है। ऐसी स्थिति में शीर्ष राजनेता राजनीतिक शिष्टता एवं लोकतांत्रिक मर्यादा में अपना योगदान कैसे दे सकते हैं? यह प्रश्न समूचे विपक्ष के साथ कांग्रेस के राहुल गांधी को लेकर व्यापक चर्चा में हैं। किसी को कुछ भी कह देना और यहां तक अपमानजनक शब्दों का प्रयोग करना गैर जिम्मेदाराना हरकत ही नहीं स्वयं को अति विशिष्ट समझने की अहंकारी मानसिकता भी है, जो एक बड़ी राजनीतिक विसंगति बनती जा रही है। सार्वजनिक जीवन में ऐसी सामंती मानसिकता के लिए कोई स्थान नहीं हो सकता। इसीलिये सूरत की एक अदालत की ओर से आपराधिक मानहानि के एक मामले में राहुल गांधी को दो साल की सजा सुनाये जाने के बाद उनकी संसद सदस्यता भी चली गयी है। यह एक बड़ी राजनीतिक घटना है, इस तरह की सजा सुनाया जाना राजनीति के अहंकार को पाले लोगों के लिये एक सबक है, एक सन्देश है। यह विचित्र है कि कांग्रेसजन राहुल गांधी का बचाव करते हुए न्यायिक प्रक्रिया पर प्रश्न खड़े कर रहे हैं। इससे कुछ हासिल होने वाला नहीं है। भारतीय राजनीति में सभी स्तरों पर आदर्शहीनता, मूल्यहीनता व अभद्र वचनों की वाचाल आंधी चल रही है, जो नई कोपलों के साथ पुराने वट-वृक्षों को भी उखाड़ रही है। मूल्यों के बिखराव के इस चक्रवाती दौर में भारतीय राजनीति में उथल-पुथल मची हुई है। अब नायक नहीं बनते, खलनायक सम्मोहन पैदा कर रहे हैं। पर्दे के पीछे शतरंजी चाल चलने वाले मंच का संचालन कर रहे हैं। कइयों ने तो यह नीति अपना रखी है कि गलत करो और गलत कहो, तो हमें सब सुनेंगे। हम खबरों में रहेंगे। बदनाम हुए तो क्या हुआ, नाम तो हुआ। अब शब्दों की लीपा-पोती एवं गलत बयानबाजी की होशियारी से सवार्नुमति बनाने का प्रयास नहीं होना चाहिए, क्योंकि मात्र शब्दों एवं बयानों की सवार्नुमति किसी एक गलत शब्द के प्रयोग से ही पृष्ठभूमि में चली जाती है। यह रोज सुनते हैं और राहुल गांधी प्रकरण में समूचा राष्ट्र इसे देख रहा है। अपनी सजा पर राहुल गांधी के यह कहने का कोई मतलब नहीं कि सत्य मेरा भगवान है। महात्मा गांधी के इस कथन का उल्लेख करना इसलिए व्यर्थ है, क्योंकि उन्हें जिस बयान के लिए मानहानि का दोषी पाया गया, उसका सत्य से कोई लेना-देना नहीं। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर निशाना साधने के लिए ललित मोदी, नीरव मोदी का उल्लेख करते हुए यह जो कहा था कि सारे मोदी चोर क्यों होते हैं, वह हर दृष्टि से एक अपमानजनक और अभद्र बयान था, जिससे एक जाति-विशेष के लोगों का आहत होना स्वाभाविक है। निश्चित ही राहुल गांधी का पूर्वाग्रह, आग्रह एवं दुराग्रह से ग्रस्त, राजनीतिक स्वार्थ से प्रेरित पिछले लोकसभा चुनाव के अवसर पर उनकी ओर से दिया गया यह बयान एक जाति विशेष के लोगों के प्रति उनकी दुर्भावना का परिचायक था। यही कारण रहा कि उन्हें मानहानि का दोषी पाया गया। राहुल गांधी को यह आभास होना चाहिए था कि वह अपने बयान से एक जाति के लोगों को लांछित एवं अपमानित कर रहे थे। किसी राजनीतिक दल का सर्वेसर्वा होने का अर्थ यह कदापि नहीं कि वे किसी को भी कुछ भी कह दे। भले ही वह कांग्रेस के बड़े नेता हैं लेकिन इसका यह भी अर्थ नहीं हो सकता कि संभलकर बोलना छोड़ दें और जो मन में आए, बोल दें। समस्या यह है कि वह ऐसा ही करते रहते हैं और इसी कारण रह-रहकर आलोचना और विवाद का केंद्र बनते रहते हैं। राहुल गांधी जैसे राजनेताओं के कारण पूरी भारतीय लोकतांत्रिक व्यवस्था में अनुशासन, शालीनता, शिष्टता एवं मयार्दा की आदर्श पृष्ठभूमि बन ही नहीं रही है। ऐसे में नई पीढ़ी के बारे में, जो नये विश्व का आधार है, कोई आदर्श सोच पनप नहीं पा रही है, उनके लिये कोई आदर्श पदचिन्ह स्थापित नहीं कर पा रहे हैं अगर कोई प्रयास कर भी रहा है तो वह गर्म तवे पर हथेली रखकर ठण्डा करने के प्रयास जैसा है। जिस पर राजनीति की रोटी तो सिक सकती है पर निर्माण की हथेली जले बिना नहीं रहती। यही विचित्र कारण है कि कांग्रेसजन गलत का साथ देते हुए न्यायिक प्रक्रिया पर प्रश्न खड़े कर रहे हैं। किसी को राजनीति करने के नाम पर कुछ भी कहने की छूट कैसे दी जा सकती है? राहुल गांधी तो इससे और अच्छे से परिचित होंगे, क्योंकि सुप्रीम कोर्ट की एक टिप्पणी को गलत तरीके से उल्लेख करते हुए जब उन्होंने यह कह दिया था कि अब तो शीर्ष अदालत भी कह रही है कि चौकीदार चोर है, तो उन्हें माफी मांगनी पड़ी थी। चोरी ऊपर से सीना जोरी वाली स्थिति देखने को मिल रही है, अपमानजक बयान के लिए क्षमा याचना मांगने की बजाय वे और उनके हितैषी उसे सही ठहराने में जुटे हैं। भले ही राहुल गांधी अपने अपमानजक बयान के लिए राजनीतिक कारणों से माफी मांगने से इन्कार कर रहे हो, लेकिन परिणाम यह है कि अब उनकी राजनीति पर ही बन आई है। वह जिस कठिनाई में फंसे हैं, उसके लिए अपने अतिरिक्त अन्य किसी को दोष नहीं दे सकते। राहुल गांधी राजनीतिक दृष्टि से अपरिपक्व इंसान है, इस बात को उन्होंने बार-बार साबित किया है। उनके बचकाने बयानों को लेकर पहले से ही राजनीति गरमाई हुई है, अब सूरत अदालत का फैसला राजनीति में उबाल का एक और बिंदु जरूर बन गया है। यह फैसला ऐसे समय आया है, जब लंदन में दिए गये राहुल गांधी के बयान संसद में गतिरोध का कारण बने हुए हैं। सत्तारूढ़ बीजेपी विदेशी धरती पर दिये गये उन बयानों को देश का अपमान बताते हुए राहुल से माफी की मांग पर अड़ी हुई है। इस फैसले ने बीजेपी के तरकश में एक शक्तिशाली बाण तो डाल ही दिया है। बीजेपी नेता और कार्यकर्ता अब इस फैसले के हवाले से यह दावा कर सकते हैं कि राहुल गांधी के बयान अदालत की कसौटी पर भी खरे नहीं उतरते, आम जनता की अदालत में कैसे खरे उतरेंगे? निश्चित ही राहुल गांधी राजनीतिक हमले करते हुए कुछ ज्यादा पर्सनल हो जाते हैं। आजादी के अमृतकाल में भारतीय राजनीति के लिये बेहतर होगा हमारे नेता अपने बयानों के प्रति संवेदनशीलता बनाये रखें, शालीनत एवं शिष्ट भाषा एवं बयान का उपयोग करें। सवाल यह उठता है कि राजनैतिक पार्टियों और उनके नेताओं को ऐसी राष्ट्रीय ऊंचाई तक कैसे उठाया जाये? महात्मा गांधी के प्रिय भजन की वह पंक्ति- 'सबको सन्मति दे भगवान' में फिलहाल थोड़ा परिवर्तन हो- 'केवल आकाओं को सन्मति दे भगवान' एवं 'बोलने वालों को सद्बुद्धि दे भगवान'।

**पर्दे के पीछे शतरंजी चाल चलने वाले मंच का संचालन कर रहे हैं। कइयों ने तो यह नीति अपना रखी है कि गलत करो और गलत कहो, तो हमें सब सुनेंगे। हम खबरों में रहेंगे। बदनाम हुए तो क्या हुआ, नाम तो हुआ।**

इन दिनों

## बोधि वृक्ष

### *आईए सुनें महाभारत की कथा*

***युवावस्था*** में आकर जब गुणो में उससे अधिक श्रेष्ठ युधिष्ठर को युवराज बना दिया गया तो शकुनि ने लाक्ष के बने हुए भवन में पाण्डवों को रखकर आग लगाकर उन्हें जलाने का प्रयत्न किया किन्तु विदुर की सहायता से पाँचों पाण्डव अपनी माता के साथ उस जलते हुए घर से बाहर निकल गये। वहाँ से एकचक्रा नगरी में जाकर वे मुनि के वेष में एक ब्राह्मण के घर में निवास करने लगे। फिर बक नामक राक्षस का वध करके व्यास जी के कहने पर वे पांचाल-राज्य में, जहाँ द्रौपदी का स्वयंवर होनेवाला था, गये। पांचाल-राज्य में अर्जुन के लक्ष्य-भेदन के कौशल से मत्स्यभेद होने पर पाँचों पाण्डवों ने द्रौपदी को पत्नीरूप में प्राप्त किया। पाण्ड्व श्रीकृष्ण के साथ खाण्डववन में मय दानव तथा विश्वकर्मा द्वारा निर्मित इन्द्रप्रस्थ नगर को देखते हुए द्रौपदी स्वयंवर के पहले विदुर को छोड़ कर सभी पाण्ड्वो को मृत समझने लगे और इस कारण धृतराष्ट्र ने इस कारण शकुनि के कहने पर दुर्योधन को युवराज बना दिया। द्रौपदी स्वयंवर के तत्पश्चात दुर्योधन आदि को पाण्ड्वो के जीवित होने का पता चला। पाण्ड्वो ने कौरवों से अपना राज्य मांगा परन्तु गृहयुद्ध के संकट से बचने के लिए युधिष्ठर ने कौरवों द्वारा दिये खण्डहर स्वरुप खाण्डव वन आधे राज्य के रूप में प्राप्त किया। पाण्डुकुमार अर्जुन ने श्रीकृष्ण के साथ खाण्डव वन खाण्डव वन को जला दिया और इन्द्र के द्वारा की हुई वृष्टि का अपने बाणों के (छत्राकार) बाँध से निवारण करते हुए अग्नि को तृप्त किया। वहाँ अर्जुन और कृष्ण जी ने समस्त देवताओ को युद्ध में परास्त कर दिया। इसके फलस्वरुप अर्जुन ने अग्निदेव से दिव्य गाण्डीव धनुष और उत्तम रथ प्राप्त किया और कृष्ण जी ने सुदर्शन चक्र प्राप्त किया था। उन्हें युद्ध में भगवान कृष्ण-जैसे सारथि मिले थे तथा उन्होंने आचार्य द्रोण से ब्रह्मास्त्र आदि दिव्य आयुध और कभी नष्ट न होने वाले बाण प्राप्त किये थे

*(क्रमशः)*

# भविष्य की मांग पूरी करने की बनानी होगी रणनीति



डॉ. राजेन्द्र प्रसाद शर्मा

***2018*** में जब मोटे अनाज को पोषक अनाज घोषित कर प्रमोट करने का अभियान चलाया गया, तब पूरी तरह से आश्वस्त नहीं थे कि संयुक्त राष्ट्र संघ मोटे अनाज के महत्व को समझते हुए 2023 को इंटरनेशनल मिलेट ईयर घोषित कर देगा। यह भी नहीं लगता था कि दुनिया के देश इतनी जल्दी मोटे अनाज के प्रति जागरूक होंगे। दरअसल जिस तरह हमारे खानपान के चलते एक के बाद एक बीमारियों से दो-चार होने लगे हैं, ऐसे में मोटा अनाज बेहतर विकल्प के रूप में उभरा है। पर जिस तरह से मोटे अनाज को प्रमोट करने का अभियान चलाया गया है तो देश-विदेश में मोटे अनाज का गुणगान होने लगा है। मोटापा, डायबिटीज, विटामिन्स की डेफिसिएंसी, बढ़ती हार्ट डिजिज, एनिमिया, डाइजिनेशन प्राब्लम, कैल्शियम की कमी या यों कहें कि अच्छा खाने के बाद भी खोखले होते शरीर के कारण केमिकल्स पर आधारित दवाओं से अलग हटकर अब लोग मोटे अनाज में विकल्प खोजने लगे हैं। हालांकि यह तो शुरूआत है और सफर लंबा और कठिनाइयों से भरा है। हमें अभी से भविष्य की मांग पूरी करने की रणनीति बनानी होगी। दरअसल साठ के दशक तक हमारे यहां खासतौर से गांवों का मुख्य भोजन मोटा अनाज ही रहा है। 1960 के दशक में बार-बार अकाल के चलते खाद्यान्न संकट के विकल्प के रूप में हरित क्रांति का दौर आरंभ हुआ और ऐसे में खाद्यान्न उत्पादन बढ़ाना पहली प्राथमिकता बनी। यह समय की मांग भी थी तो आवश्यकता भी। इस तरह से गेहूं को प्रमुख विकल्प माना गया। इसके बाद एक ओर गेहूं के आयात, गेहूं के उत्पादन बढ़ाने और उत्पादन बढ़ाने के नाम पर रासायनिक उर्वरकों का दौर शुरू हुआ। रासायनिक उर्वरकों के उपयोग को बढ़ावा देने के लिए प्रचार तंत्र को एग्रेसिव किया गया और आज हमारे कृषि वैज्ञानिकों, नीति नियंताओं और अन्नदाता की मेहनत से देष खाद्यान्न को लेकर आत्मनिर्भर बन गया है। यहां तक कि कोरोना त्रासदी से लेकर अब तक जरूरतमंद लोगों तक निःशुल्क खाद्यान्न की उपलब्धता बड़ा सहारा बनी है। हरित क्रांति समय की मांग थी और आज भी है। हालांकि आज दुनिया के देश तेजी से ऑर्गेनिक खेती और परंपरागत खेती पर जोर देने लगे हैं। रासायनिक उर्वरकों के अत्यधिक उपयोग से उर्वरा शक्ति प्रभावित होने के साथ ही जहरीले कीटनाशकों के अत्यधिक उपयोग से स्वास्थ्य पर विपरीत प्रभाव को भी देखा जाने लगा है। मोटा अनाज एक समय हमारा प्रमुख भोजन होता था। आज भी दुनिया में कुल उत्पादित मोटे अनाज में हमारे देश की भागीदारी 41 प्रतिशत है। राजस्थान, महाराष्ट्र, कर्नाटक, गुजरात, मध्य प्रदेश, तमिलनाडू, आंध्र प्रदेश आदि प्रमुख राज्य है। आज मोटे अनाज के निर्यात में भी भारत प्रमुख देश है। हमारे देश से गये साल 2.69 करोड़ डॉलर का मोटा अनाज अमेरिका को निर्यात किया गया है। मोटे रूप से 13 प्रकार के अनाज को मोटे अनाज के रूप में माना जाता है। इनमें से प्रमुख रूप से 8 अनाज बाजरा, रागी, कुटकी, संवा, ज्वार, कंगनी, चेना और कांदो को माना जाता है। 2020 में देश में 1.2 करोड़ मैट्रिक टन उत्पादन रहा है। मोटे अनाज को प्रमोट करने के विश्वव्यापी प्रयास आरंभ हो गये हैं। युवा एंटरप्रोन्योर स्टार्टअप्स के माध्यम से आगे आ रहे हैं। लोगों को मिलेट रेसिपी भाने भी लगी है। लोग इनके महत्व को समझने लगे हैं। एक समय था जब घर पर मेहमान आने पर ही गेहूं की चपाती बनती थी। मोटा अनाज धीरे-धीरे पर्दे के पीछे चला गया और मोटे अनाज का उत्पादन और उपयोग दोनों ही प्रभावित हुए। यह सब तो तब रहा जब कि बाजरा आदि मोटे अनाज के खेती करने पर कम पानी और कम लागत आती है तो दूसरी और मोटा अनाज प्राकृतिक स्वास्थवर्धक तत्वों से भरपूर रहे हैं।

**आज भी दुनिया में कुल उत्पादित मोटे अनाज में हमारे देश की भागीदारी 41 प्रतिशत है। राजस्थान, महाराष्ट्र, कर्नाटक, गुजरात, मध्य प्रदेश, तमिलनाडू, आंध्र प्रदेश आदि प्रमुख राज्य है।**

मोटे अनाज

## फोटो की दुनिया




## ट्वीट-ट्वीट

Rohan Gupta
@rohanrgupta

नारण काचड़िया को 3 साल की सजा होने के बाद भी उनकी मेम्बरशिप खत्म नही की जाती है, मगर राहुल गांधी जी मेम्बरशिप खत्म करने में इतनी जल्दबाजी क्यों दिखाई?

## फेसबुक वॉल से




# संगठन, संवाद और समन्वय के केंद्र हैं हमारे कार्यालय



हितानंद शर्मा

***भारतीय*** जनता पार्टी ने अपनी स्थापना से लेकर अभी तक ऐतिहासिक सफलता के साथ विचार और ध्येय से निष्ठ रहकर सार्थक यात्रा तय की है। किसी भी संगठन को खड़ा करने में विचार रूपी साधना और कार्यकर्ता रूपी साधक आवश्यक है, वहीं विचारों के चिंतन-मनन, कार्यों की योजना हेतु कार्यालय रूपी साधन भी अपेक्षित है। वास्तव में कहा जाए तो कार्यालय वह साधन है जो साधकों व साधना के मध्य समन्वय का कार्य करते हैं, कार्य की लय और गति को बनाते रखते हैं। मध्य प्रदेश में जनसंघ के शुरूआती दिनों में एक छोटे कमरे में कार्यालय था, जिसमें एक दरी और एक मटका रखा होता था। स्वर्गीय श्रद्धेय कुशाभाऊ ठाकरे जी तब स्वयं अपने हाथ से लिखकर पत्रक भेजते थे। जैसे-जैसे संगठन का विस्तार होता गया, वैसे-वैसे कार्यालय का स्वरूप भी आवश्यकताओं के अनुरूप बनता गया। वर्तमान में भारतीय जनता पार्टी के स्वरूप में संगठन का व्यापक विस्तार हुआ है। कार्यकर्ताओं से संवाद जनसंघ के जमाने की भी जरूरत थी और आज भी है। कम कार्यकर्ताओं में सीधे मिलने और संवाद करने का कार्य संभव था लेकिन आज पंच से प्रधानमंत्री तक जनप्रतिनिधि और पन्ना प्रमुख, पन्ना समिति तक संगठन का विस्तार होने से सूचना, संदेश और संवाद की गति और व्यापकता बढ़ गयी है। इससे कार्यालय का स्वरूप बदलने के साथ कार्यालय से अपेक्षाएं भी अधिक हो गई हैं। बदलती तकनीक हो या कार्यकर्ताओं के सशक्तीकरण की दृष्टि से मोर्चा, प्रकोष्ठ, प्रशिक्षण, कार्यशाला हेतु भी कार्यालय कार्य का केन्द्र बनता गया है। कार्यालय हमारे लिए मंदिर की भांति पवित्र पावन स्थल हैं, जहां से राजनीति में शुचिता की मार्गदर्शी धारा प्रवाहित होती है। भारतीय जनता पार्टी जन-जन का संगठन है। विश्व के इस सबसे बड़े संगठन की हर स्तर पर सुव्यवस्थित रचना है। जनहित की प्राथमिकताओं को ध्यान में रखते हुए ही संगठन की योजनाएं, निर्णय, क्रियान्वयन होते हैं। ऐसे बृहद, विस्तारित कार्यों को पूर्ण करने में पार्टी कार्यालय की भूमिका अनिवार्यतः महत्वपूर्ण होती है। इस दृष्टि से संगठन के नगर, मंडल, जिला से प्रदेश और राष्ट्रीय राजधानी तक कार्यालयों की श्रृंखला है। इन कार्यालयों में पार्टी कार्यकर्ता अनथक कार्य करते हैं। भारतीय जनता पार्टी की विकास यात्रा में हमारे कार्यालय संगठन, शक्ति, समन्वय, योजना निर्माण, उनके क्रियान्वयन, कार्यों व योजनाओं की समीक्षा के केंद्र हैं। भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्ता आधारित पार्टी है। यहां कार्यकर्ता सबसे महत्वपूर्ण कड़ी है। भाजपा आज क्षेत्र में मजबूती के साथ उपस्थित हैं। इसमें कार्यकर्ताओ की अति महत्वपूर्ण भूमिका है। कार्यालय के मार्गदर्शन एवं योजनाओं को धरातल पर उतारने का कार्य कार्यकर्ताओं द्वारा किया जाता है। कार्यकर्ता, कार्यक्रम, कार्यालय और कोष संगठन के सुदृढ़ीकरण हेतु आवश्यक हैं। भाजपा कार्यालय को अपने कार्य का केन्द्र बिन्दु तो मानती ही है, साथ ही इसी कारण यह कार्यकर्ताओं की भावनाओं और आस्था का केन्द्र भी बन जाता है। भारतीय जनता पार्टी आज विश्व की सबसे बड़ी राजनैतिक पार्टी बन चुकी है। यह असंख्य साधकों की साधना, योजकों की योजना व अनगिनत कार्यकर्ताओं के अपरिमित परिश्रम के बल ही हो पाया है। इसमें कार्यालयों की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। संगठन में बैठकें एवं प्रशिक्षण भी नियमित चलते रहते हैं। इसके लिए एक सुव्यवस्थित कार्यालय की आवश्यकता होती है। आधुनिक समय में संचार एवं प्रौद्योगिकी से लैस कार्यालय की आवश्यकता को देखते हुए भारतीय जनता पार्टी ने अपने कार्यालयों का तकनीकी रूप से विस्तार किया है। एक राजनैतिक संगठन होने से संगठन की योजना, रणनीति निर्माण एवं क्रियान्वयन का केंद्र भी कार्यालय होते है।

**कार्यालय वह साधन है जो साधकों व साधना के मध्य समन्वय का कार्य करते हैं, कार्य की लय और गति को बनाते रखते हैं। मध्य प्रदेश में जनसंघ के शुरूआती दिनों में एक छोटे कमरे में कार्यालय था।**

राजनीति

स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. की ओर से 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं डीबी प्रिंट सौल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लि.) प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची, झारखंड में मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, स्थानीय संपादक : आनंद सिंह*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 222539, फैक्स नंबर : 06562-241176/ 231257, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-2283384, फैक्स नंबर : 0651-2283386, दिल्ली कार्यालय : 25, निचली मंजिल, तानसेन मार्ग, (बंगाली बाजार), नयी दिल्ली-1, ई-मेल : rnm_hb@yahoo.co.in, rnm.hvb@gmail.com, (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)।

# नौ मार्च को राजकीय समारोह के रूप में मनाई जाएगी रामलखन की जयंती : नीतीश

**एजेंसी। पटना**

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार रविवार को पटना स्थित श्रीकृष्ण मेमोरियल हॉल में आयोजित रामलखन सिंह यादव स्मृति समारोह में शामिल हुए। उन्होंने रामलखन सिंह यादव के तैल चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। मुख्यमंत्री ने कहा कि रामलखन यादव ने शिक्षा के क्षेत्र में बहुत काम किया था। प्रत्येक वर्ष नौ मार्च को उनकी जयंती को राजकीय समारोह के रूप में मनाया जाएगा।

नीतीश ने कहा कि रामलखन यादव आजादी की लड़ाई लड़े थे। उन्होंने शिक्षा के क्षेत्र में काफी काम किया। कई स्कूलों और कॉलेजों का निर्माण कराया। समाज के सभी वर्ग के लोगों को पढ़ने के लिए प्रेरित किया। वे चाहते थे कि सभी लोगों तक शिक्षा पहुंचे। राम लखन बाबू ने पटना, पालीगंज, बख्तियारपुर, गया, जहानाबाद, औरंगाबाद सहित कई जगहों में कॉलेज का निर्माण कराया।



मुख्यमंत्री ने कहा कि बिहार के किसी नेता ने इतने बड़े पैमाने पर कॉलेज नहीं बनवाया है। नीतीश ने कहा कि रामलखन बाबू को याद रखना है। वे अपने हित में नहीं, बल्कि लोगों के हित के लिए हमेशा काम करते रहे। पटना में रामलखन सिंह यादव कॉलेज परिसर में उनकी मूर्ति लगाई जाएगी। इस पर शीघ्र काम किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमलोग शिक्षा के क्षेत्र में लगातार काम कर रहे हैं। लड़कियों के लिए साइकिल योजना और पोशाक योजना चलाई गई। 22 हजार स्कूल के भवनों का निर्माण करवाया गया। अनुसूचित जाति-जनजाति समाज के जो बच्चे पहले स्कूल नहीं जा पाते थे, उन्हें स्कूल पहुंचाया गया। बड़ी संख्या में शिक्षकों की बहाली की गई। अब स्कूलों में पढ़ने वाली लड़कियों की संख्या लड़कों के बराबर हो गई है। बड़े पैमाने पर शिक्षकों की और बहाली की जाएगी। सभी जिलों में इंजीनियरिंग कॉलेज खोला गया। मेडिकल कॉलेज खोले जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि सभी लोग अपनी बच्चियों को जरूर पढ़ाएं। अपने बच्चों को भी पढ़ाएं। बिहार में पहले प्रजनन दर 4.3 था। लड़कियों के शिक्षित होने से यह घटकर 2.9 पर आ गया है। एक सर्वे से पता चला कि पति-पत्नी में अगर पत्नी मैट्रिक पास है तो देश का प्रजनन दर 2 था और बिहार का भी प्रजनन दर 2 था। पति-पत्नी में अगर पत्नी इंटर पास है तो देश का प्रजनन दर 1.7 था और बिहार का प्रजनन दर 1.6 था।

## NEWS इन ब्रीफ

### नई यूपी बीजेपी टीम ओबीसी व दलितों को देती है प्रमुखता

**लखनऊ।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की उत्तर प्रदेश इकाई ने राज्य में शहरी निकाय चुनाव से पहले अपनी टीम में कुछ बदलाव किए हैं। नई टीम में 18 उपाध्यक्ष, 16 सचिव और सात महासचिव बनाए गए हैं। टीम अगले साल होने वाले लोकसभा चुनाव को ध्यान में रखते हुए ओबीसी और दलित नेताओं को प्रमुखता देती है। नई टीम में प्रमुख चेहरों में भाजपा यूथ विंग के राष्ट्रीय महासचिव अभिजात मिश्रा, राज्य के पूर्व मंत्री सुरेश पासी, लखनऊ विश्वविद्यालय के पूर्व छात्र संघ नेता शिव भूषण सिंह और बसंत त्यागी शामिल हैं। इन सभी को भाजपा की मुख्य टीम में सचिव बनाया गया है। इसी तरह राम प्रताप सिंह चौहान अब टीम के नए महासचिव हैं। पार्टी ने तीन क्षेत्रीय प्रमुखों मानवेंद्र सिंह (कानपुर-बुंदेलखंड), धर्मेंद्र सिंह (गोरखपुर) और मोहित बेनीवाल (पश्चिम) को भी नया प्रदेश उपाध्यक्ष बनाया है। इस बीच नोएडा विधायक पंकज सिंह को उपाध्यक्ष बनाया गया है। दो राज्य सचिवों संजय राय, और सुभाष यदुवंश को महासचिव के पद पर पदोन्नत किया गया है।

### हाथी के हमले में दो महिलाओं की मौत

**पश्चिम मेदिनीपुर।** पश्चिम बंगाल में हाथी के हमले की दो अलग-अलग घटनाओं में दो महिलाओं की मौत हो गई। स्थानीय सूत्रों के अनुसार मृतकों की पहचान शीला घोराई (60) और ललिता महतो (50) के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि मेदिनीपुर सदर प्रखंड के मुरकथा जंगल में पत्ते चुनने के दौरान शीला घोराई हाथी के सामने आ गईं। उसे तुरंत मेदिनीपुर मेडिकल कॉलेज व अस्पताल ले जाया गया लेकिन अस्पताल में इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। उधर, खड़गपुर के खेमशुली स्थित गांव में रविवार तड़के चार-पांच हाथियों का दल घुस आया। उसी समय हाथियों के झुंड के सामने एक महिला ललिता महतो आ गईं। एक हाथी ने उन्हें सुंड से उठाकर जमीन पर पटक दिया। घटनास्थल पर ही ललिता ने दम तोड़ दिया।

### तीन महीने के बाद पहली कोविड मौत की मिली सूचना

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल ने तीन महीनों में पहली बार कोविड से मौत की सूचना दी है। शनिवार रात नदिया जिले के रहने वाले गोविंद कुंडू (72) का निधन हो गया। राज्य के स्वास्थ्य विभाग के सूत्रों ने कहा कि मृतक को कोलकाता के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। उन्हें सांस की गंभीर समस्या थी और उनका इलाज चल रहा था। बाद में उन्हें कोलकाता के बेलियाघाटा स्थित राजकीय संक्रमण रोग (आईडी) अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनकी मौत हो गई। उनके परिजनों ने बताया कि उनकी कोविड-19 की जांच रिपोर्ट पॉजिटिव आने के बाद निजी अस्पताल से आईडी अस्पताल में स्थानांतरित किया गया था। वर्तमान में, पश्चिम बंगाल में सक्रिय मामलों की कुल संख्या 61 है।

## कांग्रेस के सत्याग्रह पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का तंज

# लोकतंत्र को कमजोर करने वाले सत्याग्रह नहीं कर सकते



### सीएम योगी ने कहा- असत्य के मार्ग पर चलने वाला सत्याग्रह की बात नहीं कर सकता

### बोले सीएम योगी- अपने देश की निंदा करने वाला सत्याग्रह नहीं कर सकता

**नवीन मेल नेटवर्क। लखनऊ**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कांग्रेस पार्टी और राहुल गांधी को जमकर आड़े हाथों लिया। उन्होंने कांग्रेस के सत्याग्रह कार्यक्रम पर तंज कसते हुए कहा कि लोकतंत्र को कमजोर करने वाले सत्याग्रह नहीं कर सकते हैं। देश को भाषावाद, क्षेत्रवाद जैसे तमाम वादों में बांटने वाले भी सत्याग्रह नहीं कर सकते। मौन जीवों की बात तो दूर मनुष्य के प्रति भी जिनकी संवेदना न हो उन्हें सत्याग्रह का अधिकार नहीं है। सीएम योगी ने रविवार को एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कांग्रेस पार्टी पर जमकर कटाक्ष किया।

सीएम योगी ने कहा कि गांधी जी ने अपने जीवन में सदैव सत्य, अहिंसा और अस्तेय को स्थान दिया था। उनका इस बात के लिए आग्रह था। उनका आग्रह ही सत्याग्रह कहलाया। उन्होंने कहा कि देश के अंदर बहुत सारे लोगों को शासन करने का अवसर प्राप्त हुआ था, लेकिन मौन जीवों की बात दूर मनुष्य के प्रति भी जिनके अंदर भाव न हो वो क्या सत्याग्रह करेंगे। असत्य के मार्ग पर चलने वाला सत्याग्रह की बात नहीं कर सकता। आकंठ भ्रष्टाचार में डूबे हुए लोग सत्याग्रह नहीं सकते हैं। सीएम योगी ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के सत्याग्रह की व्याख्या करते हुए कहा कि मन, वचन और कर्म पर चलना ही सत्याग्रह है। उन्होंने कांग्रेस नेताओं को उनके आचार और व्यवहार पर आड़े हाथ लेते हुए कहा कि जिसके आचरण और व्यवहार, आचार और विचार, कथनी और करनी में फर्क होता है वह सत्याग्रह नहीं कर सकता। अपने देश की निंदा करने वाला, भारत को कटघरे में खड़ा करने वाला और जिसमें देश के बहादुर जवानों के प्रति श्रद्धा और सम्मान का भाव न हो तो वह सत्याग्रह की बात करे तो यह बड़ी विडंबना है।

## पिछड़ों के अपमान पर जदयू ने साधा भाजपा पर निशाना

**एजेंसी। पटना**

कांग्रेस नेता राहुल गांधी की संसद सदस्यता समाप्त होने के बाद देश में मचे सियासी घमासान के बीच कांग्रेस के समर्थन में जदयू भी उतर गया। जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष ललन सिंह ने 2015 में दिए गए बयानों को आधार बनाकर भाजपा पर निशाना साधा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर निशाना साधते हुए ललन सिंह ने एक पुराना वीडियो ट्वीट किया है। इस वीडियो में पीएम मोदी को नीतीश कुमार के डीएनए पर सवाल उठाते सुना जा सकता है। इसी को लेकर ललन सिंह ने भाजपा से पूछा है कि अगर पीएम पर सवाल उठाना पिछड़ों का अपमान है तो नीतीश पर सवाल उठाना क्या है? नीतीश भी तो पिछड़ी जाति से हैं।



तब भाजपा नीतीश और लालू यादव की पार्टी के खिलाफ चुनाव लड़ रही थी। उसी चुनावी कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नीतीश कुमार के डीएनए पर सवाल उठाए थे। ललन सिंह ने ट्वीट करते हुए लिखा है कि भाजपा के छोटे से लेकर बड़े सभी नेता एक सुर में बोल रहे हैं प्रधानमंत्री के खिलाफ बोलना पिछड़े वर्ग का अपमान है। मुझे तो हंसी भी आती है! हम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को 25 जुलाई 2015 की याद दिलाना चाहते हैं, जब नरेंद्र मोदी ने मंच से मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के डीएनए पर सवाल खड़े किए थे। नीतीश कुमार किस वर्ग से आते हैं..? भाजपा के नेता अब जरा जवाब दें..! उन्होंने उस समय का नरेन्द्र मोदी के भाषण का वीडियो भी ट्वीट किया है, जिसमें उन्हें सुना जा सकता है कि किस तरह से उन्होंने नीतीश के डीएनए पर सवाल उठाकर उनपर व्यक्तिगत हमला किया था। ललन सिंह ने इसी वीडियो के आधार पर अब भाजपा नेताओं से जवाब मांगा है। साथ ही उन्होंने कहा कि कैसे भाजपा प्रधानमंत्री के खिलाफ बोलने को पिछड़े वर्ग का अपमान बता रही है?

## पार्टी के संभागीय बूथ सम्मेलन में जेपी नड्डा ने कहा

# अहंकार बड़ा, समझदारी छोटी : नड्डा

**एजेंसी। भोपाल**

भारतीय जनता पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा ने आज बिना किसी का नाम लिए कांग्रेस पर जबर्दस्त हमला बोलते हुए कहा कि अहंकार बहुत बड़ा है, लेकिन समझदारी बहुत छोटी है। नड्डा यहां पार्टी के संभागीय बूथ सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल, मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान, पार्टी की प्रदेश इकाई के अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा, केंद्रीय मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर, प्रदेश प्रभारी मुरलीधर राव समेत पार्टी के बहुत से वरिष्ठ नेता और मंत्री उपस्थित थे।

नड्डा ने कहा कि वे कांग्रेस की हालत के संदर्भ में किसी का नाम नहीं लेना चाहते, लेकिन अहंकार बड़ा और समझदारी बहुत छोटी है। इसी क्रम में उन्होंने कहा कि उन्हें पता चला है कि आज पूरे देश में कांग्रेस सत्याग्रह कर रही है। सत्याग्रह तो 1906 में महात्मा गांधी ने किया था, लेकिन उनका सत्याग्रह भारत के सम्मान और अस्मिता के लिए था। कांग्रेस किसके लिए सत्याग्रह कर रही है।



उन्होंने बिना किसी का नाम लिए कहा कि आप लोकतंत्र की परंपरा तोड़ते हो, अतिपिछड़ी जातियों को जातिसूचक शब्द कह कर चोर बोलते हो, उसके बाद माफी मांगने से भी इंकार करते हो। रस्सी जल गई, पर बल नहीं गया। किसी से नहीं डरने की बात करते हो, पर संविधान और कानून से तो डरो। देश इसके लिए इन्हें कभी माफ नहीं करेगा।



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से रविवार को उनके सरकारी आवास पर नेपाल के राजदूत डॉ. शंकर प्रसाद शर्मा ने शिष्टाचार भेंट की।

### 84 रेफ्रिजरेटर खरीदने के बहाने यूपी के कारोबारी से ठगी



**लखनऊ।** लखनऊ के अलीगंज में 84 रेफ्रिजरेटर सप्लाई करने के बहाने शहर के एक कारोबारी से चार लाख रुपये से अधिक की ठगी की गयी है। पीड़ित मेहंदी टोला के प्रखर चौधरी को एक अज्ञात व्यक्ति का फोन आया, जिसने खुद को रेफ्रिजरेटर बेचने वाली कंपनी का प्रतिनिधि बताया। उसने सामान के बारे में काफी देर तक बात की और पीड़ित को कंपनी से रेफ्रिजरेटर खरीदने के लिए राजी करने में कामयाब रहा। प्रखर को 84 रेफ्रिजरेटर का ऑर्डर देने के लिए 4 लाख रुपये एडवांस देने को कहा गया। इसके अनुसार उसने बैंक खाते में राशि भेज दी, जिसे बदमाश ने कंपनी का होने का दावा किया। बाद में जब प्रखर को सामान नहीं मिला तो उन्होंने वही नंबर डायल किया, लेकिन वह स्विच ऑफ था। पीड़ित ने कहा, मैंने अपने ऑर्डर के बारे में जानने के लिए 18 मार्च को उसे फोन किया और उसने झूठ बोलना शुरू कर दिया और कुछ भी स्पष्ट नहीं किया। मुझे धोखाधड़ी के बारे में तब पता चला जब मैंने फोन स्विच ऑफ पाया। अलीगंज एसएचओ नागेश उपाध्याय ने कहा कि आरोपी के खिलाफ आईपीसी की धारा 406 (आपराधिक विश्वासघात) और आईपीसी 420 (धोखाधड़ी) के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है और जांच शुरू की गई है।

# अतीक को यूपी पुलिस गुजरात से लेकर निकली

**एजेंसी। अहमदाबाद**

माफिया अतीक अहमद के खिलाफ शिकंजा कसता जा रहा है। उत्तर प्रदेश पुलिस उसे प्रयागराज ला रही है। यूपी पुलिस की टीम उसे अपनी सुरक्षा में ला रही है। 29 मार्च को उसे एक मामले में पेश होना है। साथ ही यूपी पुलिस उससे उमेश पाल हत्या मामले में भी पूछताछ कर सकती है। ट्रांसफर वारंट समेत प्रक्रिया पूरी होने के बाद अतीक को प्रयागराज लाया जा रहा है। यूपी पुलिस उसे सड़क मार्ग से यूपी ला रही है। पुलिस किस रास्ते उसे लाएगी, इसका खुलासा नहीं किया गया है। हालांकि, मीडिया रिपोर्ट में बताया जा रहा है कि उसे झांसी के रास्ते यूपी लाया जा सकता है।



किडनैपिंग, दंगा और फिरौती मामले में 29 मार्च को उसे पेश किया जाना है। मामला 2007 का है। उमेश पाल हत्याकांड में पुलिस को अतीक अहमद की तलाश है। उमेश पाल राजू पाल हत्याकांड का मुख्य गवाह था। पुलिस ने इस मामले में अतीक अहमद और उसके बेटे पर मामला दर्ज किया है। इस मामले में पुलिस अब तक दो आरोपियों का एनकाउंटर कर चुकी है।

## मप्र में निरीक्षण के दौरान शराब, कंडोम मिलने के बाद मिशनरी स्कूल सील

**एजेंसी। भोपाल**

मध्य प्रदेश के मुरैना जिले में एक मिशनरी स्कूल के औचक निरीक्षण के दौरान प्रिंसिपल के कमरे में शराब और कंडोम पाए जाने के बाद उसके दफ्तर को सील कर दिया गया। राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग ने शनिवार को स्कूल का निरीक्षण किया। एससीपीसीआर टीम को बेड पर शराब और कंडोम के अलावा अंडे की ट्रे, एक गैस सिलेंडर और शराब की बोतलें सहित अन्य आपत्तिजनक सामान भी मिले।

एससीपीसीआर निरीक्षण दल की सदस्य निवेदिता शर्मा ने कहा कि उन्होंने मामले को जिला कलक्टर के संज्ञान में लाया है। पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है। स्कूल के प्रिंसिपल के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है और पुलिस से विस्तृत जांच की मांग की गई है।




शर्मा ने आईएएनएस को बताया कि जब हम रूटीन इंस्पेक्शन (नियमित निरीक्षण) के लिए वहां पहुंचे तो यह जानकर हैरान रह गए कि स्कूल के दोनों कोने अंदर से कैसे जुड़े हुए हैं, वह एक कमरा था और वहां शराब की बोतलें और कंडोम थे। यह एक पूर्ण आवासीय सेटअप की तरह था। ये सिर्फ एक शख्स का नहीं है बल्कि और भी लोग बिल्डिंग से बाहर निकल आए, जो वहां रह रहे थे। इसे आवास के रूप में इस्तेमाल किया जा रहा था।

उन्होंने आगे कहा कि उस कमरे में कम से कम 15 बेड पड़े थे और सीसीटीवी कैमरा नहीं था। सवाल यह उठता है कि जब बिल्डिंग की दूसरी जगहों पर सीसीटीवी कैमरे लगे हैं तो उस खास सेक्शन को क्यों छोड़ दिया गया। प्राचार्य ने कहा कि वह वहां नहीं रह रहे हैं, तो कौन रह रहा है और वहां 15 बेड क्यों मौजूद हैं। इससे भी महत्वपूर्ण बात यह है कि उस कमरे का सीधा प्रवेश छात्राओं की कक्षाओं से क्यों है।

शर्मा ने कहा कि स्कूल परिसर में शराब की अनुमति बिल्कुल नहीं है। यह कानून का उल्लंघन है। इस मामले में आबकारी विभाग भी कार्रवाई कर रहा है क्योंकि यह भी अवैध है कि कोई भी इतनी मात्रा में शराब नहीं रख सकता है। कंडोम समेत कुछ अन्य आपत्तिजनक सामान भी मिला है।

## विकास प्राधिकरण | सीएम योगी शुरू करेंगे आवास व स्वास्थ्य सुविधाओं का नया अध्याय

# खोराबार टाउनशिप व मेडिसिटी की लांचिंग कल

### 3838 करोड़ रुपये की 147 विकास परियोजनाओं का शिलान्यास व लोकार्पण भी करेंगे सीएम

**नवीन मेल नेटवर्क। गोरखपुर**

गोरखपुर को विश्व स्तरीय नगरों की सूची में शामिल कराने की मंशा से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मंगलवार को शहर में आवास व स्वास्थ्य सुविधाओं के लिहाज से नए अध्याय की शुरूआत करेंगे। उनके हाथों जीडीए (गोरखपुर विकास प्राधिकरण) की बहुप्रतीक्षित खोराबार टाउनशिप व मेडिसिटी की लांचिंग होगी। इसके साथ ही मुख्यमंत्री जीडीए, अवस्थापना और त्वरित आर्थिक विकास निधि की 3838 करोड़ रुपये की 147 विकास परियोजनाओं का शिलान्यास व लोकार्पण भी करेंगे।

खोराबार टाउनशिप व मेडिसिटी के लिए जीडीए ने खोराबार में 184.17 एकड़ भूमि का अधिग्रहण किया है। इसमें 109.25 एकड़ में टाउनशिप और 74.25 एकड़ में मेडिसिटी का विकास किया जाएगा। खोराबार टाउनशिप में विभिन्न श्रेणी के 692 प्लॉट, बहुमंजिला भवन के लिए ग्रुप हाउसिंग के 7 प्लॉट, ईडब्लूएस/एलआईजी के लिए एक प्लॉट की डिजाइनिंग की गई है। बहुमंजिला भवनों में अलग अलग श्रेणी के कुल 2080 फ्लैट बनाए जाएंगे। इसके अलावा टाउनशिप में व्यावसायिक भूखंड, दुकानों, विद्यालयों, क्रीड़ास्थल व पार्कों का भी प्रस्ताव है।



### उच्च स्तरीय सुविधाओं वाली होगी मेडिसिटी

जीडीए द्वारा बसाई जाने वाली मेडिसिटी उच्च स्तरीय सुविधाओं वाली होगी। मेडिसिटी में 8 बड़े भूखंड बड़े अस्पतालों/नर्सिंग होम्स के लिए होंगे। इसके अलावा 16 भूखंड मध्यम आकार के नर्सिंग होम्स के लिए, 48 भूखंड छोटे आकार के नर्सिंग होम्स के लिए आवंटित किए जाएंगे। जबकि आयुष चिकित्सा तथा आवासीय क्लिनिक के लिए भी एक-एक भूखंड की व्यवस्था बनाई गई है। मेडिसिटी में होटल, व्यावसायिक, मल्टीलेवल पार्किंग, पुलिस चौकी, फायर स्टेशन हेतु भूखंड व पार्क का भी प्रावधान किया गया है।

### यहां बनेंगे इतने फ्लैट

**खोराबार :** ईडब्लूएस - 512, एलआईजी - 512, सुपर एलआईजी - 528, एमआईजी - 528

**तारामंडल :** एचआईजी - 528, सुपर एचआईजी - 528

**राप्तीनगर विस्तार रोहिणी :** एमआईजी - 528

### इनका होगा शिलान्यास और लोकार्पण

जीडीए के 9 विकास कार्यों का शिलान्यास, लागत 3731 करोड़ रुपये

अवस्थापना के 64 कार्यों का लोकार्पण, लागत 67.37 करोड़ रुपये

त्वरित आर्थिक विकास के 74 कार्यों का लोकार्पण, लागत 39.68 करोड़ रुपये

### मिवान तकनीकी से बनेंगे 3664 फ्लैट

खोराबार टाउनशिप के साथ ही जीडीए की तरफ से सीएम योगी के हाथों राप्ती नगर विस्तार रोहिणी व तारामंडल की आवसीय योजना की लांचिंग कराई जाएगी। इन योजनाओं में कुल बनने वाले 3664 फ्लैट मिवान तकनीकी से बनाए जाएंगे। इस तकनीकी से फ्लैट की कीमत 25 प्रतिशत तक कम हो जाएगी। भवन निर्माण में ईंट का प्रयोग नहीं होगा। वहीं दीवारों पर प्लास्टर की भी नहीं जरूरत होगी।

## छत्तीसगढ़ में बड़ा हादसा

# बेकाबू डंपर ने छह बच्चियों को कुचला, दो की मौत, एक गंभीर

**एजेंसी। सारंगढ़/रायपुर**

सारंगढ़ के बटाउपाली में सारंगढ़-सरायपाली मार्ग पर रविवार सुबह एक तेज रफ्तार डंपर ने छह बच्चियों को कुचल दिया है। हादसे में दो की मौत हो गई है, जबकि एक गंभीर रूप से घायल है। तीन बच्चियां खतरे से बाहर हैं। इन सभी का इलाज चल रहा है। जानकारी के अनुसार सारंगढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बटाउपाली में सिदार मोहल्ले की छह बच्चियां एक पूजा कार्यक्रम में आईं थीं, जो रविवार सुबह करीब 7:30 बजे नहाने के लिए बटाउपाली में नेशनल हाइवे रोड के किनारे पैदल तालाब जा रही थीं। इसी दौरान एक तेज रफ्तार डंपर ने सभी को चपेट में ले लिया। दुर्घटना के बाद डंपर चालक फरार हो गया।



पुलिस के अनुसार दो बच्चियों की मौत हो गई है और एक की हालत गंभीर है, जिसे इलाज के लिए रायगढ़ रेफर किया गया है। बाकी तीन बच्चियां खतरे से बाहर हैं। डंपर की चपेट में आई बच्चियों में राखी सिदार (17), कविता सिदार (10), अंजू सिदार (16), भारती सिदार (1), डिंकी सिदार (10) और अंतरा सिदार (13) हैं। सड़क हादसे के बाद आक्रोशित ग्रामवासियों और परिजनों ने नेशनल हाइवे पर चक्काजाम कर धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया। सूचना के बाद पहुंची पुलिस ने लोगों को समझा बुझाकर उन्हें शांत कराया।

## NEWS इन ब्रीफ

### विश्व बैडमिंटन मिश्रित टीम चैंपियनशिप के ड्रॉ के परिणाम घोषित

**बीजिंग।** वर्ष 2023 सुडिर्मन कप विश्व बैंडमिंटन मिश्रित चैंपियनशिप की ड्रॉ रस्म 25 मार्च को पूर्वी चीन के सुचो शहर में आयोजित हुई। ड्रॉ के परिणामों के अनुसार, चीनी टीम, डेनमार्क, सिंगापुर और मिश्र के साथ ए ग्रुप में है, जबकि भारतीय टीम, मलेशिया, चीनी ताईपेइ और आस्ट्रेलिया के साथ सी ग्रुप की स्पर्धा में भाग लेगी। कुल 16 टीमें वर्ष 2023 सुडिर्मन कप में भाग लेंगी। मेजबान चीनी टीम नंबर 1 वरीयता वाली टीम है, जबकि जापानी टीम, इंडोनिशियाई टीम और मलेशियाई टीम अलग अलग तौर पर दूसरी, तीसरी और चौथी वरीयता वाली टीम है।

### हरकाज ने पांच मैच अंक बचाकर मैराथन मैच जीता

**मियामी।** पूर्व चैंपियन पोलैंड के ह्यूबर्ट हरकाज ने पांच मैच अंक बचाकर ऑस्ट्रेलिया के थानासी कोकिनाकिस को तीन घंटे 31 मिनट में 6-7(10), 7-6(7), 7-6(6) से हराकर मियामी ओपन के अगले दौर में प्रवेश किया। विश्व के नौवें नंबर के खिलाड़ी 26 वर्षीय हरकाज ने 2021 में जानिक सिनर को हराकर मियामी ओपन का खिताब जीता था। उन्होंने कोकिनाकिस के खिलाफ राउंड 32 का मैच जीता जो 2023 का सबसे लम्बा तीन सेट का मैच बन गया। हरकाज ने दूसरे सेट में तीन मैच अंक और आखिरी सेट में दो मैच अंक बचाये।

### स्पेन ने नॉर्वे को हराया, वेल्स ने क्रोएशिया को रोका

**बर्लिन/जर्मनी।** स्थानापन्न खिलाड़ी जोसेलू के दो मिनट में दो गोलों की मदद से स्पेन ने यूरो 2024 क्वालीफायर्स के ग्रुप ए मुकाबले में शनिवार को नॉर्वे को 3-0 से पीट दिया जबकि नाथन ब्रॉडहैड के 93वें मिनट के गोल से वेल्स ने क्रोएशिया को ग्रुप डी में 1-1 की बराबरी पर रोक दिया। दानी ओलमो ने 13वें मिनट में अलेजांद्रो बाल्डे के क्रॉस शॉट को नेट में पहुंचा दिया और स्पेन को बढ़त दिला दी। 81वें मिनट में स्थानापन्न के रूप में उतरे जोसेलू ने दो मिनट बाद ही टीम का दूसरा और एक मिनट बाद तीसरा गोल दाग दिया।

### मियामी ओपन के चौथे दौर में रिबाकिना

**अमेरिका।** विश्व की सातवें नंबर की खिलाड़ी एलेना रिबाकिना ने एक सेट से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए पूर्व नंबर दो पाउला बदौसा को मियामी ओपन के तीसरे दौर में 3-6, 7-5, 6-3 से हरा दिया। इस जीत से रिबाकिना का विजय क्रम 10 मैच पहुंच गया है और इसके साथ ही इंडियन वेल्स चैंपियन की फ्लोरिडा में डबल बनाने की उम्मीदें कायम हैं। रिबाकिना का सोमवार को राउंड 16 में बेल्जियम की एलिस मर्टेंस से मुकाबला होगा जिन्होंने 29वीं सीड सर्बिया की पेत्रा मार्टिच को 6-4, 6-3 से हराकर इस सत्र में पहली बार टूर्नामेंट के चौथे दौर में प्रवेश किया।

## वर्ल्ड यूथ वेटलिफ्टिंग चैम्पियनशिप

# पहले दिन भारत ने पांच पदक किए अपने नाम

**एजेंसी। नई दिल्ली**

यूरोप के अल्बेनिया देश में 25 मार्च से एक अप्रैल तक आयोजित वर्ल्ड यूथ वेटलिफ्टिंग चैंपियनशिप के पहले दिन भारत ने पांच पदक अपने नाम किया है। यह जानकारी भारत से एकमात्र तकनीकी पदाधिकारी अंतर्राष्ट्रीय कैटेगरी-वन रेफरी और बेगूसराय के जिलाध्यक्ष रजनीश भास्कर ने दी। विजेता प्रतिभागियों को सम्मानित करने के लिए आयोजन समिति द्वारा इंडियन वेटलिफ्टिंग फेडरेशन के अध्यक्ष सह इंडियन ओलंपिक एसोसिएशन के



कोषाध्यक्ष सहदेव यादव को गेस्ट ऑफ ऑनर के रूप में आमंत्रित किया था। उन्होंने देर रात भारत के सभी विजेता खिलाड़ियों को मेडल प्रदान किया है। प्रतियोगिता में 32 देशों से तकनीकी पदाधिकारी को आमंत्रित किया गया तथा उन्हें भिन्न-भिन्न जिम्मेदारियां दी गई है।

अंतर्राष्ट्रीय वेटलिफ्टिंग फेडरेशन की तकनीकी कमेटी के जूरी सदस्य रजनीश भास्कर ने बताया कि इस प्रतियोगिता में 57 देशों से कुल 268 खिलाड़ी भाग ले रहे हैं, जिसमें 133 लड़कियां और 135 लड़के हैं। 57 देशों में से यूएसए से सबसे ज्यादा 17 खिलाड़ी इस प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए क्वालीफाई किया है। इसके बाद दूसरे स्थान पर सबसे ज्यादा भारत से 13 खिलाड़ी इस प्रतियोगिता में भाग ले रहे हैं।

प्रतियोगिता के पहले दिन 49 किलो पुरुष भार वर्ग में खेलते हुए भारत के धनुष लोगानथान स्नैच इवेंट में 88 किलो का वजन उठाकर दूसरे स्थान पर रहे। धनुष लोगानथान क्लीनर एंड जर्क इवेंट में 112 किलो का भार उठाकर तीसरे स्थान पर रहे। इस प्रकार धनुष लोगानथान ने कुल दो सौ किलो का वजन उठाकर इस प्रतियोगिता में तीसरा स्थान प्राप्त किया तथा दो कांस्य पदक और एक सिल्वर पदक भारत के नाम किया।

इसके बाद अगले दौर की प्रतियोगिता में 49 किलो महिला भार वर्ग में भारत की जोशना साबर ने स्नैच इवेंट में 53 किलो का वजन उठाकर दूसरा स्थान प्राप्त किया। जोशना साबर क्लीन एंड जर्क इवेंट में 62 किलो का भार उठाकर छठे स्थान पर रहे। लेकिन ओवरऑल तालिका में कुल 115 किलो का वर्ग उठाकर तीसरे स्थान प्राप्त की। इस प्रकार जोशना साबर ने भारत के लिए एक सिल्वर और एक कांस्य पदक जीते।

## आईपीएल 2023 : चोटों से जूझ रहे कई खिलाड़ी

# खिलाड़ियों को फिट रखना बड़ी चुनौती

**एजेंसी। मुंबई**

इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2023 काइल जैमीसन, विल जैक्स और ऋषभ पंत के लिए एक्शन शुरू होने से पहले ही खत्म हो गया। श्रेयस अय्यर और लॉकी फर्ग्यूसन चोटों से जूझ रहे हैं और संदिग्ध शुरुआत कर रहे हैं और टूर्नामेंट को पूरी तरह से याद कर सकते हैं। भारत के तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह अभी भी चोट से उबर रहे हैं और चीजें अभी तक स्पष्ट नहीं हैं कि वह आईपीएल में मुंबई इंडियंस का प्रतिनिधित्व करेंगे या नहीं। चोट लगना एक खिलाड़ी के जीवन का अभिन्न अंग है और हर खिलाड़ी को इसका शिकार होने का डर होता है।

अय्यर के आईपीएल 2023 सीजन के कम से कम आधे हिस्से में नहीं खेलने की उम्मीद है, जबकि चीजें स्पष्ट नहीं हैं कि कुछ महीने पहले गुजरात टाइटंस से कोलकाता नाइट राइडर्स में ट्रेडिंग करने वाले फर्ग्यूसन को हैमस्ट्रिंग की चोट से ठीक होने में कितना समय लगेगा। श्रीलंका के खिलाफ न्यूजीलैंड की एकदिवसीय श्रृंखला की शुरुआत के दौरान, जबकि पंत को दिसम्बर में एक कार दुर्घटना के दौरान गंभीर चोटें आई थीं और उन्होंने सहायता के साथ चलना शुरू कर दिया था। जबकि चेन्नई सुपर किंग्स ने काइल जैमीसन (पीठ की चोट) के प्रतिस्थापन के रूप में सिसंडा मगाला को लाया है, माइकल ब्रेसवेल विल जैक्स (मांसपेशियों की चोट) के विकल्प के रूप में रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर में शामिल हो गए हैं।

इसके अलावा, मुंबई इंडियंस ने आस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज झाई रिचर्डसन को खो दिया है, जिनकी हैमस्ट्रिंग की समस्या के लिए सर्जरी हुई है। आईपीएल 2023 की शुरुआत से पहले खिलाड़ियों की चोटों से निपटना फ्रेंचाइजी के लिए एक बड़ा मुद्दा नहीं है, क्योंकि वे समान प्रतिस्थापन की तलाश कर सकते हैं और प्राप्त कर सकते हैं, उनके लिए प्रमुख चिंता का विषय टूर्नामेंट के दौरान खिलाड़ियों को लगी चोटें हैं। टूर्नामेंट लगभग दो महीने (31 मार्च से 28 मई तक) तक चलेगा और घर और बाहर के प्रारूप के कारण बहुत अधिक यात्रा करनी होगी। लेकिन यह बड़ी चोटें हैं जो न केवल खिलाड़ियों और उनकी आईपीएल फ्रेंचाइजी बल्कि उनके राष्ट्रीय महासंघ की भी रातों की नींद हराम कर सकती हैं, क्योंकि खिलाड़ियों को चोट लगने का मतलब होगा कि वे अपने देश के लिए नहीं खेलेंगे।



### बड़े हिटर और लगातार रन बनाने वाले शीर्ष बल्लेबाजों पर रखनी होगी नजर

**एजेंसी। मुंबई**

जब 31 मार्च से प्रतिष्ठित इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) खिताब के लिए 10 फ्रेंचाइजियों के बीच गौरव की लड़ाई शुरू होगी, तो क्रिकेट प्रशंसकों की आंखें टेलीविजन स्क्रीन पर टिकी रहेंगी। आकर्षक क्रिकेट लीग के 16वें सीजन की शुरुआत करने के लिए गत चैम्पियन गुजरात टाइटंस अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में चार बार की विजेता चेन्नई सुपर किंग्स से भिड़ेगी। जैसे-जैसे कैश-रिच लीग की उलटी गिनती करीब आ रही है, आईएएनएस ने उन शीर्ष पांच बल्लेबाजों पर एक नजर डाली, जो हाल ही में शानदार फॉर्म में हैं और तूफानी अंदाज में मैदान में उतर सकते हैं।

**जोस बटलर :** तेजतर्रार विकेटकीपर-बल्लेबाज प्रभाव छोड़ने के लिए बेताब होंगे, क्योंकि राजस्थान रॉयल्स को दूसरे खिताब के लिए अपनी लम्बी प्रतीक्षा को समाप्त करने को अपने अंतरराष्ट्रीय अनुभव का उपयोग करने की उम्मीद है।

**शुभमन गिल :** शुभमन गिल, जिन्होंने इस साल की शुरुआत में न्यूजीलैंड के खिलाफ अपना पहला टी-20 शतक जड़ा था, ने पिछले साल गुजरात टाइटन्स के लिए 483 रन बनाए थे, जिससे टाइटन्स को अपने पहले सीजन में अपना पहला आईपीएल खिताब जीतने में मदद मिली थी।

**हैरी ब्रूक :** इंग्लैंड के लिए खेल के सभी प्रारूपों में अपनी वीरता से क्रिकेट की दुनिया में तूफान लाने के बाद हैरी ब्रूक इस साल आईपीएल में डेब्यू करेंगे। 24 वर्षीय ने 2016 के चैंपियन सनराइजर्स हैदराबाद से 13.25 करोड़ रुपए का बड़ा सौदा किया और मध्य क्रम में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने की उम्मीद है।

**शिमरोन हेटमायर :** 2022 की मेगा नीलामी के दौरान राजस्थान रॉयल्स द्वारा 8.5 करोड़ रुपए की भारी भरकम राशि के लिए जाने जाने वाले वेस्टइंडीज के बाएं हाथ के बल्लेबाज को राजस्थान रॉयल्स द्वारा लिया गया था और उन्होंने कुछ प्रभावशाली बल्लेबाजी प्रदर्शनों के साथ इसका भुगतान किया था।

**माइकल ब्रेसवेल :** विल जैक्स के रिप्लेसमेंट के रूप में आए कीवी आलराउंडर, खेल के सबसे छोटे प्रारूप में अपने समृद्ध अनुभव को देखते हुए आरसीबी सेटअप में एक महत्वपूर्ण खिलाड़ी साबित हो सकते हैं। ब्रेसवेल ने 117 टी-20 मैच खेले हैं, जिसमें 2,284 रन बनाए हैं, जिसमें नाबाद 141 का उच्चतम स्कोर है। वह एक अच्छे गेंदबाज भी हैं और उन्होंने प्रारूप में 40 विकेट लिए हैं।

### जम्मू-कश्मीर के दो और खिलाड़ी आईपीएल में शामिल

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर क्रिकेट एसोसिएशन ने अपने दो खिलाड़ियों को इंडियन प्रीमियर लीग 2023 के लिए सनराइजर्स हैदराबाद में शामिल होने की अनुमति दे दी है, ऐसे में यूटी के 13 खिलाड़ी विभिन्न फ्रेंचाइजी के लिए नेट गेंदबाज के रूप में शामिल होंगे। एसआरएच आईपीएल टीम में शामिल होने वाले कश्मीर से नवीनतम खिलाड़ी मोहम्मद ताहिर और आकिब नबी हैं। जेकेसीए ने जम्मू-कश्मीर क्रिकेट एसोसिएशन के खिलाड़ियों में विश्वास दिखाने के लिए फ्रेंचाइजी का आभार व्यक्त किया है और दोनों खिलाड़ियों को एसआरएच टीम में शामिल होने की अनुमति दी है। इससे आईपीएल 2023 में भाग लेने वाले जेकेसीए खिलाड़ियों की कुल संख्या 13 हो गई है।

## स्विस ओपन : सात्विक-चिराग ने पुरुष युगल खिताब जीता

### चीनी जोड़ी को लगातार गेमों में 21-19, 24-22 से हराकर 2023 सत्र का अपना पहला खिताब जीता




**एजेंसी। बासेल/स्विट्जरलैंड**

भारतीय बैडमिंटन जोड़ी सात्विकसैराज रन्किरेड्डी और चिराग शेट्टी ने रविवार को फाइनल में चीनी जोड़ी को लगातार गेमों में हराकर स्विस ओपन का पुरुष युगल खिताब जीत लिया।

बैडमिंटन रैंकिंग में छठे नंबर के सात्विक और चिराग ने चीन के तान कियांग और रेन जियांग यू को 21-19, 24-22 से हराकर 2023 सत्र का अपना पहला खिताब जीता। राष्ट्रमंडल खेलों के विजेता का पिछले बीडब्ल्यूएफ खिताब अक्टूबर 2022 में फ्रेंच ओपन में आया था।

चीनी जोड़ी ने कड़ा संघर्ष किया लेकिन भारतीय जोड़ी बेहतर साबित हुई। दोनों के बीच पहले गेम में पांचवें अंक पर 47 शॉट की लम्बी रैली हुई। चीनी जोड़ी ने चार मैच अंक बचाये लेकिन सात्विक और चिराग ने 54 मिनट में मैच समाप्त कर खिताब अपने नाम किया।



### रैना, हरभजन और श्रीसंत ने पंत से की मुलाकात

**नई दिल्ली।** पूर्व भारतीय क्रिकेटरों सुरेश रैना, हरभजन सिंह और शांतकुमारन श्रीसंत ने विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत से मुलाकात जो पिछले वर्ष 30 दिसम्बर को एक कार दुर्घटना का शिकार हो गए थे। फिलहाल पंत अपनी चोटों से उबर रहे हैं। पूर्व बाएं हाथ के बल्लेबाज रैना ने ट्वीट कियाः भाईचारा ही सब कुछ है...जहां परिवार है वहां हमारा दिल है...अपने भाई ऋषभ पंत को जल्द ठीक होने के लिए अपनी शुभकामनाएं देते हैं। श्रीसंत ने इंस्टाग्राम पर लिखाः ऋषभ पंत, मेरे भाई, मैं तुमसे प्यार करता हूं-खुद पर भरोसा और विश्वास रखो। हरभजन ने ट्वीट कियाः तुम्हारे अंदर ऐसा कुछ है जो सब बाधाओं से बड़ा है। तुम्हे देखकर अच्छा लगा छोटे भाई। तुम्हारी वापसी का इंतजार है।

## रिपोर्ट — आरसीबी के रजत पाटीदार को एड़ी में चोट

# आईपीएल के पहले हाफ में नहीं खेल पाएंगे

**एजेंसी। नई दिल्ली**

आईपीएल 2022 में रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर (आरसीबी) के लिए प्रभावशाली प्रदर्शन करने वाले दाएं हाथ के बल्लेबाज रजत पाटीदार का एड़ी की चोट के कारण आगामी सत्र के कम से कम पहले भाग में खेलना संदिग्ध है। ईएसपीएन क्रिकइन्फो की रिपोर्ट के मुताबिक, पाटीदार फिलहाल बेंगलुरु के एनसीए में रिहैब से गुजर रहे हैं और उन्हें अगले तीन हफ्तों तक आराम करने की सलाह दी गई है। एक एमआरआई स्कैन टूर्नामेंट के दूसरे भाग में उनकी भागीदारी तय करेगा। रिपोर्ट में कहा गया है, शिविर में शामिल होने से पहले उन्हें चोट लग गई थी और रॉयल चैलेंजर्स के साथ जुड़ने से पहले उन्हें एनसीए की मंजूरी की आवश्यकता होगी।



29 वर्षीय बल्लेबाज की अनुपस्थिति आरसीबी को अपने बल्लेबाजी संयोजन पर पुनर्विचार करने के लिए मजबूर कर सकती है। उनके साथ मिश्रण में विराट कोहली फाफ डु प्लेसिस के साथ बल्लेबाजी करना जारी रखेंगे। हालांकि, अब यह देखना दिलचस्प होगा कि कोहली तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करते हैं या फिन एलन या अनुज रावत डु प्लेसिस के साथ ओपनिंग करते हैं या भारत के पूर्व कप्तान सलामी बल्लेबाज के रूप में खेलते हैं। विशेष रूप से पाटीदार को पिछले साल की मेगा नीलामी में नहीं चुना गया था, लेकिन विकेटकीपर लवनिथ सिसोदिया के चोटिल होने के बाद सीजन के बीच में एक प्रतिस्थापन के रूप में आया था। उन्होंने डु प्लेसिस और कोहली के बाद आरसीबी के लिए तीसरे सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी के रूप में आईपीएल 2022 को समाप्त किया, 152.75 की स्ट्राइक रेट से सात पारियों में 333 रन बनाए। पाटीदार के अलावा, जोश हेजलवुड की भागीदारी पर भी संदेह है, जो वर्तमान में अकिलीज टेंडोनाइटिस से उबर रहे हैं।

### पंत को उबरने के लिए समय लेना चाहिए : गांगुली



**दिल्ली** कैपिटल्स के क्रिकेट निदेशक सौरव गांगुली ने कहा है कि फ्रेंचाइजी को आगामी आईपीएल 2023 में ऋषभ पंत की कमी खलेगी और उन्होंने खिलाड़ी से कहा है कि वह कुछ महीने पहले एक कार दुर्घटना में लगी चोटों से उबरने के बाद मैदान में लौटने के लिए अपना समय लें। गांगुली ने रविवार को एक विज्ञप्ति में कहाः मुझे यकीन है कि राष्ट्रीय टीम को भी पंत की कमी खलेगी। वह युवा हैं और उनके पास अपने करियर में काफी समय बचा है। वह एक विशेष खिलाड़ी हैं और उन्हें ठीक होने के लिए अपना समय निकालना चाहिए। हम सभी उन्हें शुभकामनाएं देते हैं। गांगुली आईपीएल 2023 के लिए नई दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में प्री-सीजन कैंप के दौरान दिल्ली कैपिटल्स के सभी खिलाड़ियों पर नजर रख रहे हैं। सीजन के बारे में बोलते हुए भारत के पूर्व कप्तान ने कहाः खिलाड़ियों के साथ काम करना बहुत अच्छा रहा है और मैं सीजन के शुरू होने का इंतजार कर रहा हूं।



# पर्सनल केयर सेगमेंट में उतरी रिलायंस रिटेल, कम रखे प्रोडक्ट्स के दाम



**एजेंसी। नई दिल्ली**

कैंपा कोला को सॉफ्ट डिंक बाजार में अपनी प्रतिद्वंदी कंपनी से कम दाम पर रीलॉन्च करने के बाद मुकेश अंबानी के नेतृत्व वाली रिलायंस अब एफएमसीजी के पर्सनल और होम केयर सेगमेंट में एंट्री कर ली है। रिलायंस अन्य कंपनियों के मुकाबले 30 से 35 प्रतिशत कम दाम पर अपने उत्पादों को बेच रहा है। एक्सपर्ट्स का कहना है कि इसके जरिए कंपनी की कोशिश ग्राहकों को आकर्षित करना है, जिससे वे उत्पादों को खरीदें और बाजार में पहले ही मौजूद प्रोडक्ट से तुलना करें। पर्सनल और होम केयर सेगमेंट के उत्पादों को आरसीपीएल द्वारा बेचा रहा है, जो कि रिलायंस रिटेल वेंनचर्स लिमिटेड की सहयोगी कंपनी है। फिलहाल कंपनी के उत्पाद कुछ चुनिंदा बाजारों में उपलब्ध है। कंपनी तेजी से डीलर नेटवर्क पर भी अपना फोकस कर रही है। देश में एफएमजीसी मार्केट लगभग 110 अरब डॉलर का है और इसमें एचयूएल, पीएंडजी, रेकिट और नेस्ले जैसी कंपनियों का वर्चस्व है। रिलायंस की कोशिश इस बाजार में अपनी पहचान स्थापित करना है। आरसीपीएल ने अपने ग्लिमर ब्यूटी सोप, गेट रियल नेचुरल साबुन और प्यूरिक हाइजीन सोप की कीमत 25 रुपये रखी है, जो लक्स (100 ग्राम के लिए 35 रुपये), डेटॉल (75 ग्राम के लिए 40 रुपये) और संतूर (100 ग्राम के लिए 34 रुपये) जैसे प्रमुख ब्रांडों के उत्पादों की तुलना में कम है। इसके अलावा एन्ल९ङ्ग 2 लीटर फ्रंट लोड और टॉप लोड लिक्विड डिटर्जेंट की कीमत जियो मार्ट पर 250 रुपये रखी है, जबकि एक्सेल मैटिक के 325 रुपये के 2-लीटर पैक की तुलना में कम है। एन्ल९ङ्ग फ्रंट-लोड और टॉप-लोड डिटर्जेंट पाउडर के 1 किलोग्राम के पैक की कीमत जियो मार्ट पर 149 रुपये रखी गई है। इस महीने की शुरूआत में आरसीपीएल ने सॉफ्ट डिंक बाजार में कैंपा कोला के जरिए दस्तक दी थी।

# 30 मार्च को भारत में लॉन्च होगा रेडमी 12सी



**एजेंसी। नई दिल्ली**

चीनी कंपनी शाओमी 30 मार्च को भारतीय मार्केट में रेडमी 12सी स्मार्टफोन लॉन्च करेगी। जैसा की नाम से पता चला है कि यह सी-सीरीज का मोबाइल होगा, जो किफायती कीमत में आएगा। शाओमी ने लॉन्च इवेंट के बारे में बताते हुए मोबाइल को ऑफिशियल वेबसाइट पर टीज किया है, जिसमें डिजाइन और कुछ स्पेसिफिकेशंस के बारे में खुलासा किया है। रेडमी 12सी में सेल्फी कैमले के लिए एक वॉटरड्रॉप नॉच और नीचे थोड़ा मोटा बेजल दिया गया है। वॉल्यूम और पॉवर बटन को राइट साइड में दिया गया है। वहीं बैक पैनल में बड़ा कैमरा आइलैंड दिया गया है, जिसमें एलइडी फ्लैश के साथ दो कैमरा और एक कटआउट में 'एमआइ टेक्स्ट लिखा हुआ दिखाई दे रहा है। उसी के बगल में फिजिकल फिंगरप्रिंट सेंसर है और पूरे बैंक पैनल में एक पैटर्न फिनिश दी गई है। रेडमी 12सी में 6.71-इंच का एक बड़ा डिस्प्ले मिलेगा, जिसमें कंपनी एचडी+ रिजॉल्यूशन, 20:9 आस्पेक्ट रेश्यो और 60एचजेड का स्टैंडर्ड रिफ्रेश रेट दे सकती है। फोटोग्राफी के लिए बैक पैनल पर डुअल कैमरा सेटअप मिलता है, जिसमें मेन कैमरा 50-50एमपी का होगा और दूसरे कैमरे के बारे में अभी तक कंपनी ने कोई भी जानकारी शेयर नहीं की है। रेडमी 12सी में जी85 एसओसी प्रोसेस दिया गया है, जिसकी बदौलत कंपनी ने दावा किया है कि इस सेगमेंट में यह सबसे फास्ट स्मार्टफोन होगा। इस स्मार्टफोन में कंपनी ने 5000एमएएच की बैटरी दी है। रेडमी 12सी चार कलर (ब्लैक, ब्लू, पर्पल और ग्रीन) ऑप्सन के साथ लांच होगा। 30 मार्च को शाओमी रेडमी 12उ के साथ रेडमी नोट 12 भी भारतीय मार्केट में लॉन्च होगा, जिसे कंपनी पहले ही ग्लोबल मार्केट में लांच कर चुकी है। इसमें कंपनी स्नैपड्रैगन का 685 प्रोसेस देगी, जो 4जी नेटवर्क सपोर्ट के साथ आएगा।

### गैस की बढ़ती कीमतों पर लगाम कसने की तैयारी

# सरकार तय कर सकती है अधिकतम कीमत



**एजेंसी। नई दिल्ली**

केंद्रीय कैबिनेट देश में उत्पादित प्राकृतिक गैस की कीमतों की सीमा तय करने पर जल्द विचार कर सकता है। सूत्रों का कहना है कि इसका उद्देश्य सीएनजी और उर्वरक कंपनियों के लिए इनपुट कॉस्ट को नियंत्रण में रखना है। सरकार की ओर से साल में दो बार देश में उत्पादित प्राकृतिक गैस के दाम तय किए जाते हैं, जिसे बाद में गाड़ियों में उपयोग के लिए सीएनजी और घरों एवं उर्वरक कंपनियों में उपयोग होने वाली पीएनजी और एलएनजी में परिवर्तित किया जाता है। केंद्र सरकार द्वारा प्राकृतिक गैस के दाम दो फॉमूर्ला से तय किए जाते हैं। पुराने गैस फील्ड जहां से गैस निकालना काफी आसान है, उससे निकलने वाली गैस के दाम अलग होते हैं। वहीं, नए गैस फील्ड जहां से गैस निकालना कठिन है तो उसके दाम अलग तरीके से तय किए जाते हैं। मौजूदा समय में बात करें तो पुराने गैस फील्ड्स से निकलने वाली गैस का दाम 8.57 डॉलर प्रति `इ३४ है और नए गैस फील्ड्स से निकलने वाली गैस का दाम 12.46 डॉलर प्रति `इ३४ है। समाचार एजेंसी पीटीआई ने सूत्रों के हवाले से खबर दी है कि एक अप्रैल को सरकार की ओर से दोबारा देश में उत्पादित प्राकृतिक गैस का दाम तय किया जाना है। अगर मौजूदा फॉमूर्ला के हिसाब से निकाला जाए, तो पुराने गैस फील्ड्स से निकलने वाली गैस का दाम 10.7 डॉलर प्रति `इ३४ तक पहुंच सकता है, जबकि नए गैस फील्ड्स से निकलने वाली गैस के दाम में भी कुछ बदलाव आ सकता है। जब पिछली बार सरकार की ओर से देश में उत्पादित प्राकृतिक गैस के दामों में बढ़ोतरी की गई थी, तब से लेकर अब तक सीएनजी के साथ घरों में उपयोग होने वाली गैस के दामों में 70 प्रतिशत का इजाफा हो गया है। अगर एक अप्रैल को गैस की कीमतों में बदलाव होता है, तो एक बार फिर से गैस की कीमतें बढ़ सकती हैं।

## पान मसाला-सिगरेट पर जीएसटी सेस की अधिकतम दर तय

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने पान मसाला, सिगरेट और तंबाकू के अन्य उत्पादों पर जीएसटी कंपनसेशन सेस की अधिकतम सीमा को तय कर दिया है। साथ ही इसे अधिकम खदरा मूल्य से जोड़ दिया गया है। सेस की अधिकतम दर फाइनेंस बिल 2023 में लाए गए संशोधनों के तहत तय की गई है, जिसे लोकसभा में शुक्रवार को पास किया गया है। संशोधन के अनुसार, अब पान मसाला पर अधिकतम जीएसटी कंपनसेशन सेस खुदरा बाजार मूल्य का 51 प्रतिशत होगा। मौजूदा समय में सेस यथामूल्य पर 135 प्रतिशत लगाया जाता है। सरकार की ओर से तंबाकू की कीमत 4170 रुपये प्रति हजार स्टिक और 290 प्रतिशत यथामूल्य या प्रति यूनिट खुदरा बिक्री मूल्य का 100 प्रतिशत तय की गई है। बता दें, सेस 28 प्रतिशत की उच्चतम वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) दर के तहत आने वाली वस्तुओं पर अतिरिक्त लगाया जाता है। फाइनेंस बिल 2023 में जीएसटी कंपनसेशन सेस एक्ट की शेड्यूल -1 में पान मसाला, सिगरेट और तंबाकू के अन्य उत्पादों पर लगने वाले सेस की अधिकतम सीमा तय कर दी गई है। राज्य के वित्त मंत्रियों ने सिफारिश की थी कि राजस्व बढ़ाने के पहले चरण में पान मसाला और चबाने वाले तंबाकू उत्पादों पर कंपनसेशन सेस यथामूल्य के हटाकर एक विशिष्ट दर से लिया जाना चाहिए।

# बीएस 6.2 इंजन के साथ जल्द लॉन्च होगी महिंद्रा थार



**एजेंसी। नई दिल्ली।**

महिंद्रा एंड महिंद्रा नए इंजन के साथ 'थार' को भारतीय मार्केट में पेश करने वाली है। जिसमें कंपनी रियल ड्राइविंग इमिशन नॉर्म्स और बीएस6 फेज-टू के तहत इंजन को अपडेट करेगी। लेकिन, लॉन्च से पहले ही इसकी डिटेल्स लीक हो गई हैं। रिपोर्ट के अनुसार, इसमें बीएस6 फेज-टू मॉडल में रेड नॉर्म्स के तहत ए20 पेट्रोल और डीजल वाला इंजन होगा। इसके अलावा कंपनी अपने मौजूदा एसयूवी पोर्टफोलियो को भी अपडेट करने का प्लान बना रही है। जिसमें एसयूवी 300, एसयूवी 700, स्कॉर्पियो, बोलेरो, बोलेरो नियो और मराजो एमपीवी शामिल है। दरअसल 1 अप्रैल से शुरू होने वाले नए फाइनेंशियल ईयर से देशभर में रियल ड्राइविंग इमिशन नॉर्म्स लागू होने जा रहा है। जिसकी वजह से ऑटोमोबाइल कंपनियां गाड़ियों के इंजन को अपडेट कर रही हैं। इस नॉर्म्स को लागू करने के पीछे सरकार का उद्देश्य गाड़ियों से होने वाले पॉल्युशन को कम करना है। इससे पहले इसी साल जनवरी महीने में कंपनी ने थार एसयूवी के किफायती वैरिएंट को 9.99 लाख रुपए की शुरूआती कीमत में लॉन्च किया था। हालांकि अब इसकी कीमत में 50 हजार रुपए की बढ़ोतरी कर दी गई है। मौजूदा थार 4X4 मॉडल 2.2 लीटर डीजल इंजन और 2.0 लीटर पेट्रोल इंजन के साथ आती है। जबकि रियर व्हील ड्राइव वैरिएंट थार 1.5 लीटर डीजल इंजन के साथ आती है, जो 117बीएसपी की पावर और 300एमएम का टॉर्क जेनरेट करती है। हाल ही में कंपनी ने महिंद्रा थार 4डब्ल्यूडी वैरिएंट में दो नए कलर ऑप्शन पेश किए हैं, जो एवरेस्ट व्हाइट और ब्लेजिंग ब्रॉन्ज हैं। यह कलर ऑप्शन अभी तक केवल 2डब्ल्यूडी मॉडल में अवेलेबल थे। अब इस ऑफ-रोडर एसयूवी को 6 कलर ऑप्शन- एवरेस्ट व्हाइट, ब्लेजिंग ब्रोंज, एक्वा मरीन, रेड रेज, नेपोली ब्लैक और गैलेक्सी ग्रे में खरीद सकते हैं।

# फायर-बोल्ट की लीगेसी एडिशन 4 स्मार्टवॉच लॉन्च




**नई दिल्ली।** भारतीय इलेक्ट्रॉनिक गैजेट्स मेकर कंपनी फायर-बोल्ट ने देश में नई स्मार्टवॉच 'फायर बोल्ट लीगेसी' लॉन्च कर दी है। लग्जरी एडिशन में कंपनी की ये चौथी स्मार्टवॉच है। इससे पहले कंपनी क्वांटम,ब्लिजार्ड और इनविंसिबल प्लस लॉन्च कर चुकी है। राउंड डायल वाली यह स्मार्टवॉच स्टेनलेस स्टील डिजाइन के साथ आती है। कंपनी ने स्मार्टवॉच की कीमत 21 हजार रखी है। बायर्स इसे ऑफिशियल वेबसाइट और ई-कॉमर्स वेबसाइट फ्लिपकार्ट से 3,799 रुपए के लॉन्च ऑफर में खरीद सकेंगे। नई फायर-बोल्ट लीगेसी स्मार्टवॉच में 36.3एमएम की एमोएलइडी डिस्प्ले, 100 से अधिक स्पोर्ट्स मोड, कॉलिंग और ऑलवेज ऑन डिस्प्ले के साथ कई खास फीचर्स दिए गए हैं। इसमें 330एमओएच की बैटरी दी गई है।

## विदेश

## NEWS इन ब्रीफ

### अमेरिका में टॉरनेडो से 26 लोगों की मौत

**मिसिसिपी।** अमेरिका के मिसिसिपी में देर रात आए टॉरनेडो की चपेट में आने से 26 लोगों की मौत हो गई। इलाके में तेज बारिश के बीच गोल्फ बॉल जितने बड़े ओले गिरे। हजारों लोगों के घरों की बिजली चली गई। शनिवार को इमरजेंसी सर्विसेज ने मलबे में फंसे लोगों को बाहर निकालने के लिए रेस्क्यू अभियान चलाया। हालांकि, टॉरनेडो से तबाह हुई इमारतों में अभी भी कई लोगों के दबे होने की आशंका है। अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडेन ने अधिकारियों से बात करके जल्द से जल्द मदद पहुंचाने के आदेश दिए। इमरजेंसी सर्विसेज ने बताया है कि खतरनाक तूफान के चलते दर्जनों लोग घायल हुए हैं और कई लोग लापता हैं। मरने वालों की संख्या बढ़ सकती है। उधर, आज यानी रविवार रात को यहां फिर तूफान आने की आशंका है, जिससे करीब 20 लाख लोग खतरे में हैं।

### खालिस्तान समर्थकों ने पत्रकार को दी गालियां मारपीट भी की

**वाशिंगटन।** अमेरिका की राजधानी वाशिंगटन डीसी में भारतीय दूतावास के समक्ष प्रदर्शन करने के दौरान खालिस्तान समर्थकों ने एक भारतीय पत्रकार को गालियां देते हुए उसके साथ मारपीट की। पत्रकार ललित झा शनिवार दोपहर भारतीय दूतावास के बाहर खालिस्तान समर्थकों के प्रदर्शन को कवर कर रहे थे। पत्रकार ने खालिस्तान समर्थकों के हमले के बाद यूएस सीक्रेट सर्विस को कॉल किया जिसके बाद उन्हें तत्काल मदद मिली और खालिस्तान समर्थकों के बीच से उन्हें सुरक्षित निकाल लिया गया। पत्रकार ने खालिस्तान समर्थकों का एक वीडियो भी ट्वीट किया है।

### पुतिन की अमेरिका-ब्रिटेन को दो टूक

# यूक्रेन को हथियार देकर रूस को नहीं हरा सकते



**एजेंसी। मॉस्को**

रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने यूक्रेन को नाटो देशों की हथियार सप्लाई पर जोरदार हमला बोला है। पुतिन ने दो टूक-लहजे में कहा कि पश्चिमी देश यूक्रेन को हथियार देकर रूस को नहीं हरा सकते हैं। उन्होंने कहा कि यूक्रेन को बाहरी देशों से हथियार मिल रहे हैं। यह चिंता की बात जरूर है, लेकिन इससे कोई फर्क नहीं पड़ता। उन्होंने कहा कि रूस के पास जवाब देने के कई साधन हैं। पुतिन ने बताया कि रूस के पास हथियारों का जखीरा पड़ा हुआ है, जिसका अभी तक इस्तेमाल ही नहीं किया गया है। उन्होंने रूसी हथियार उत्पादन को लेकर भी पश्चिमी देशों को नसीहत दी। पुतिन ने कहा कि खतरे निश्चित रूप से मौजूद हैं। जब हथियारों की आपूर्ति किसी ऐसे देश को की जाती है जिसके साथ हम संघर्ष में हैं, तो यह हमेशा एक खतरा होता है। उन्होंने यह भी कहा कि हम जानते हैं कि कौन सा देश यूक्रेन को किस हद तक हथियारों की आपूर्ति कर सकता है। पश्चिमी देशों के यूक्रेन को हथियारों की सप्लाई पर पुतिन ने कहा कि हम इन डिलीवरी योजनाओं के बारे में देखते, सुनते और जानते हैं। आपने टैंकों की डिलीवरी के बारे में 10 लाख गोले का उल्लेख किया है। 10 लाख झ्र यह बहुत है या थोड़ा? मेरे हिसाब से यह एक महत्वपूर्ण राशि है। रूसी राष्ट्रपति ने बताया कि मान लें कि अमेरिका हमारी जानकारी के अनुसार, प्रति माह लगभग 14000 से 15000 गोले का उत्पादन करता है।

# इंग्लैंड-वेल्स में 'हिंदू' सबसे अधिक स्वस्थ और योग्य



**एजेंसी। लंदन**

इंग्लैंड और वेल्स में सभी धार्मिक समूहों के बीच हिंदू सबसे अधिक स्वस्थ और योग्य हैं। उनमें दिव्यांगता का प्रसार भी सबसे कम है। नई जनगणना के आंकड़ों से यह बात पता चली है। ऑफिस फॉर नेशनल स्टैटिस्टिक्स द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार, 2021 में कुल आबादी 82 प्रतिशत की तुलना में 87.8 प्रतिशत हिंदुओं का स्वास्थ्य या तो 'बहुत अच्छा' या 'अच्छा' था। हिंदुओं में दिव्यांगता का सबसे कम प्रसार (8.8 प्रतिशत) है, जबकि इसके बाद सिख (10.8 प्रतिशत) और मुस्लिम (11.3 प्रतिशत) थे, जो इंग्लैंड और वेल्स के लिए 17.5 प्रतिशत के कुल आंकड़े से काफी नीचे है। स्व-घोषणा पर आधारित आंकड़ों के अनुसार, कुल जनसंख्या के 33.8 प्रतिशत की तुलना में हिंदुओं में 'स्तर 4 या उससे ऊपर' योग्यता का उच्चतम प्रतिशत 54.8 प्रतिशत है। केवल 31.6 प्रतिशत ईसाइयों ने बताया कि उनके पास समान स्तर की शिक्षा है, जो किसी भी धर्म द्वारा सबसे कम रिपोर्ट की गई है। जनगणना के आंकड़ों से खुलासा हुआ है कि यहूदियों के बाद हिंदुओं का 'पेशेवर व्यवसायों' में सबसे अधिक प्रतिशत है। वे 14.2 प्रतिशत के साथ 'प्रबंधकों, निदेशकों या वरिष्ठ अधिकारी' व्यवसाय में दूसरे स्थान पर हैं। पेशेवर व्यवसायों में लोगों का उच्चतम प्रतिशत 34.2 है। तीन-चौथाई से अधिक या 77.7 प्रतिशत सिखों के पास अपना खुद का घर था, जो किसी भी धार्मिक समूह के लिए सबसे ज्यादा है।

## पाक में ईशनिंदा के दोषी को मौत की सजा

**लाहौर।** पाकिस्तान में एक एंटी टेररिज्म कोर्ट ने एक व्हाट्सएप ग्रुप में ईशनिंदा से जुड़ा कमेंट डालने के आरोप में मुस्लिम शख्स को मौत की सजा सुनाई है। कोर्ट ने दोषी पर 12 लाख (1.2 मिलियन) का जुर्माना भी लगाया है। कोर्ट ने कहा कि ईशनिंदा मुस्लिम बहुल पाकिस्तान में बेहद संवेदनशील मुद्दा है, जिससे हिंसा भड़क सकती है। सैयद मुहम्मद जीशान को शुक्रवार को पेशावर की कोर्ट ने इलेक्ट्रॉनिक अपराध निवारण अधिनियम और आतंकवाद विरोधी अधिनियम के तहत दोषी ठहराया है। कोर्ट ने अपने आदेश में कहा कि सैयद जकाउल्ला के बेटे सैयद मुहम्मद जीशान को दोषी पाया गया है।

## पेज एक के शेष

### देवघर-पटना के...

घंटे में पूरा होगा। जब इंडिगो ने प्लाइट का शेड्यूल जारी किया था तो इस सफर का किराया 2200 था और वर्तमान में 2900 के करीब है। जानकारी हो कि सोमवार से राज्य की सांस्कृतिक नगरी देवघर से राजधानी रांची के लिए भी हवाई जहाज की सेवा शुरू हो जाएगी। यह फ्लाइट सेवा सप्ताह में तीन दिन सोमवार, बुधवार और शुक्रवार को रहेगा। पटना के लिए हवाई सेवा शुरू होने के वक्त मौजूद देवघर एयरपोर्ट के निदेशक संदीप ढींगरा ने कहा कि दिल्ली-कोलकाता के बाद अब पटना के लिए विमान सेवा शुरू हो गई है। यहां से काफी लोग बाबा भोले का दर्शन करने आते हैं और उन्हें प्लेन सेवा शुरू होने से आने में आसानी होगी। वहीं, सोमवार से रांची के लिए विमान सेवा शुरू हो जाएगी। कई अन्य जगहों के लिए स्लॉट जारी किया गया है।

### पत्नी छोड़ कर...

अपना घर बसा लिया। चुम्बरू आहत हुए, लेकिन उन्होंने तालाब खुदाई की गति और तेज कर दी। आखिरकार कुछ ही सालों में तालाब बनकर तैयार हो गया। उसमें इतना पानी जमा होने लगा कि उनकी बागवानी और खेती की जरूरतें पूरी होने लगीं।

चुम्बरू की अपनी खेती और बागवानी की जरूरतों के लिए छोटा तालाब तो वर्षों पहले बन गया था, लेकिन उन्होंने अपना अभियान किसी रोज थमने नहीं दिया। तालाब का व्यास और उसकी गहराई बढ़ाने के लिए हर रोज इंच-इंच खुदाई जारी रही और कुछ साल पहले इसका आकार सौ गुणा सौ फीट हो गया। अब इसमें सालों भर पानी रहता है। वह इसमें मछली पालन भी करते हैं। चुम्बरू इसी तालाब की बदौलत लगभग पांच एकड़ भूमि पर खेती करते हैं। उन्होंने पचास-साठ पेड़ों की बागवानी भी विकसित कर रखी है। यहां आम, अर्जुन, नीम और साल के पेड़-पौधे हैं। तालाब के पानी का उपयोग गांव के दूसरे किसान भी खेती से लेकर नहाने-धोने के लिए करते हैं। इलाके में पहले वर्ष भर में केवल धान की एक फसल होती थी। अब चुम्बरू के साथ गांव के लोग अपने खेतों में टमाटर, गोभी, हरी मिर्च, धनिया आदि की भी खेती कर रहे हैं।

चुम्बरू की चाहत है कि यह तालाब कम से कम 200 गुणा 200 फीट का हो जाए, ताकि आने वाले दिनों में पूरे गांव में कभी पानी का संकट पैदा न हो। वह आज भी इसके विस्तार के लिए थोड़ी-थोड़ी खुदाई करते हैं। वह बीच में बीमार भी पड़े, लेकिन स्वस्थ होते ही फिर से अपने अभियान में जुट गए। चुम्बरू कहते हैं कि जब तक हाथों में दम है, तब तक उनका यह अभियान नहीं रुकेगा। हैरत की बात यह है कि सरकार या किसी संस्था ने उनकी अब तक कोई मदद नहीं की। वर्ष 2017 में एक बार रांची में मत्स्य विभाग की ओर से आयोजित कार्यक्रम में उन्हें जरूर सम्मानित किया गया, लेकिन इसके बाद किसी ने उनकी कोई सुध नहीं ली। चुम्बरू को इसका बहुत मलाल भी नहीं है। वह कहते हैं कि ऊपर वाले ने जितनी क्षमता दी, उसके अनुसार उन्होंने अपना काम करने की कोशिश की है।

### संकट | पाकिस्तान में राजनीतिक उथल-पुथल जारी, जेआई प्रमुख का दावा

# देश में लागू हो सकता है मार्शल लॉ

**एजेंसी। इस्लामाबाद**

बदहाल पाकिस्तान में सत्तारूढ़ गठबंधन और पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ के बीच तनाव के चलते देश में मार्शल लॉ लागू हो सकता है। पाकिस्तान जमात-ए-इस्लामी के प्रमुख सिराजुल हक ने रविवार को यह बात कही। पिछले साल अप्रैल में तत्कालीन प्रधानमंत्री इमरान खान के सत्ता से बेदखल होने के बाद से पड़ोसी मुल्क नकदी संकट से जूझ रहा है और दिन-प्रतिदिन वहां के हालात असामान्य हो रहे हैं। साथ ही राजनीतिक उथल-पुथल का दौर जारी है। द एक्सप्रेस ट्रिब्यून ने सिराजुल हक के हवाले से बताया कि मौजूदा पाकिस्तान डेमोक्रेटिक मूवमेंट सरकार देश पर बोझ बन गई है। उन्होंने कहा कि सत्तारूढ़ गठबंधन और पीटीआई के बीच तनाव के चलते देश में मार्शल लॉ लागू हो सकता है।इसी बीच सिराजुल हक ने विरोध प्रदर्शनों को दबाने के सरकार के प्रयासों की निंदा की। साथ ही कहा कि शांतिपूर्ण प्रदर्शन हर राजनीतिक दल का संवैधानिक अधिकार है। उन्होंने कहा कि सरकार और पाकिस्तान का निर्वाचन आयोग (एउढ) चुनाव से भागकर संविधान और सुप्रीम कोर्ट के आदेशों का उल्लंघन कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि कार्यवाहक पंजाब प्रांतीय सरकार पीडीएम का हिस्सा है। सिराजुल हक ने कहा कि उनके (कार्यवाहक सरकार के) बयानों से लगता है कि वे लंबे समय तक रहेंगे। मैं यह स्पष्ट करना चाहता हूं कि यह देश एक लोकतांत्रिक प्रक्रिया से अस्तित्व में आया है और केवल लोकतांत्रिक तरीके से ही टिका रह सकता है।



उन्होंने गंभीर परिणामों की चेतावनी देते हुए एलान किया कि वे संविधान को कमजोर करने वालों का विरोध करेंगे। जेआई प्रमुख ने कहा कि पीपीपी और पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज सत्ता में आने से पहले मुद्रास्फीति का विरोध कर रहे थे। उन्होंने कहा कि मुफ्त गेहूं के आटे की कतारें मौत बेच रही हैं। बुनियादी जरूरतों को एकत्रित करने की दौड़ में 5 गरीबों की मौत हो चुकी है। उन्होंने आरोप लगाया कि पीपीपी, पीएमएल-एन और पीटीआई समेत ये पार्टियां अपने प्रोटोकॉल, भत्तों, लग्जरी कारों और हवेलियों को छोड़ने को तैयार नहीं हैं। इसी बीच जेआई प्रमुख ने राजनीतिक मामलों को अदालतों में घसीटने के बजाय संसद में हल करने की मांग की। उन्होंने कहा कि अदालतें अगर अपनी जिम्मेदारी निभा रही होतीं, तो हालात ऐसे नहीं होते।




NEWS इन ब्रीफ

### सलमान को धमकी देने वाला आरोपी जोधपुर से पकड़ा गया

**मुंबई।** फिल्म अभिनेता सलमान खान को धमकी देने के मामले में मुंबई पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। आरोपी धाकड़ राम विश्नोई को पुलिस ने जोधपुर से गिरफ्तार किया है। मुंबई पुलिस और लूणी थाना पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई की। आरोपी ने ई-मेल के जरिए सलमान खान को जान से मारने की धमकी दी थी। जान से मारने की धमकी का मामला मुंबई के बांद्रा थाने में दर्ज हुआ था। गिरफ्तारी के बाद पुलिस रोहिचा कला निवासी 21 वर्षीय धाकड़ राम विश्नोई को मुंबई ले गई है। धाकड़ राम विश्नोई पर पंजाबी सिंगर सिद्धू मुसेवाला के पिता को भी धमकी देने का आरोप है।

### उत्तराखंड बीजेपी में जल्द होगा दायित्वों का बंटवारा

**देहरादून।** उत्तराखंड भाजपा में लंबे समय से दायित्वों के बंटवारे को लेकर कार्यकर्ता इंतजार कर रहे हैं। बीजेपी के कार्यकर्ताओं का इंतजार अब कभी भी खत्म हो सकता है। बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट के अनुसार एक दो दिन में कभी भी दायित्वों की घोषणा हो सकती है। भट्ट के अनुसार दिल्ली से मुख्यमंत्री को बता दिया गया है कि कितनी संख्या में कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी दी जानी है। उनके अनुसार बीजेपी संगठन ने अपना काम पूरा कर दिया है। अब सीएम से पूछें, वो बताएंगे कब कार्यकर्ताओं को दायित्व मिलेगा।

### सऊदी अरब से उपहार में मिले चीता की मौत



**हैदराबाद।** एक दशक पहले सऊदी राजकुमार से उपहार में मिले 15 वर्षीय नर चीता की हैदराबाद के नेहरू जूलॉजिकल पार्क में दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया। चिड़ियाघर के एक अधिकारी ने आईएएनएस को बताया कि 'अब्दुल्ला' नाम का चीता शनिवार को मर गया। चिड़ियाघर के अधिकारियों ने पोस्टमार्टम किया, जिसमें पता चला कि उसकी मौत दिल का दौरा पड़ने से हुई है। हैदराबाद में आयोजित सीओपी11 शिखर सम्मेलन-2012 के दौरान सऊदी प्रिंस बंदार बिन सऊद बिन मोहम्मद अल सऊद ने अफ्रीकी शेरों और चीतों के दो जोड़े उपहार में देने की घोषणा की थी।

# सावरकर से खुद की तुलना न करें राहुल : अनुराग ठाकुर

**केंद्रीय मंत्री बोले** ○ वीर सावरकर के सम्मान में इंदिरा गांधी का लिखा पत्र पढ़ें



**एजेंसी। नई दिल्ली**

केंद्रीय मंत्री एवं भाजपा के वरिष्ठ नेता अनुराग सिंह ठाकुर ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी को उनकी दादी तत्कालीन प्रधानमंत्री दिवंगत इंदिरा गांधी के वीर सावरकर के सम्मान में लिखे पत्र की याद दिलाते हुए कहा है कि उन्हें सावरकर से अपनी तुलना नहीं करनी चाहिए। केंद्रीय मंत्री ने रविवार को ट्वीट कर कहा कि राहुल गांधी दूर-दूर तक भी वीर सावरकर नहीं हो सकते हैं। सावरकर ने ब्रिटेन की धरती पर जाकर महाभारती को गुलामी की जंजीरों से मुक्त कराने के लिए शंखनाद किया था।

वहीं, राहुल गांधी साल के 6 महीने विदेशों में छुट्टियां मनाने जाते हैं और देश के खिलाफ विदेशियों से मदद मांगते हैं। उन्होंने कहा कि इस संबंध में उन्हें अपनी दादी का लिखा पत्र पढ़ना चाहिए। जिससे उन्हें उनके कुतर्क का जवाब मिल जाएगा। उन्हें खुद से सावरकर की तुलना नहीं करनी चाहिए। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने शनिवार को पार्टी मुख्यालय में पत्रकार वार्ता के दौरान कहा था कि वह सावरकर नहीं हैं बल्कि गांधी हैं और माफी नहीं मांगेंगे।

### सावरकर से मिलने रत्नागिरी गए थे भगत सिंह

**ठाकुर** ने कहा कि राहुल उन स्वातंत्र्य वीर सावरकर का अपमान करते हैं, जिनकी किताब भारत का प्रथम स्वातंत्र्य समर का पंजाबी में अनुवाद करवाकर बांटने के लिए खुद भगत सिंह वीर सावरकर से मिलने रत्नागिरी गए थे और छापी भी। फांसी से पहले भगत सिंह जिनकी दो-दो किताबों से अपनी डायरी में नोट्स बना रहे थे, उन सावरकर का अपमान कोई नासमझ ही कर सकता है। उन्होंने कहा कि सावरकर जी ने यह इज्जत ऐसे ही नहीं कमाई, उस दौर के जितने भी बड़े नेता थे, सावरकर जी की देशभक्ति और साहस के आगे नतमस्तक थे। यहां तक की कांग्रेस ने भी 1923 के काकीनाडा अधिवेशन में सावरकर जी के लिए रिजोल्यूशन पास किया था। केंद्रीय मंत्री ठाकुर ने कहा कि भारत के स्वतंत्रता आंदोलन में सावरकर के योगदान को स्वीकार करने के लिए इंदिरा गांधी के प्रधानमंत्रित्वकाल में एक डाक टिकट भी जारी किया गया था।

उल्लेखनीय है कि इंदिरा गांधी ने 20 मई 1980 को स्वतंत्र्यवीर सावरकर राष्ट्रीय स्मारक के सचिव पंडित बाखले को संबोधित करते हुए लिखी चिट्ठी में सावरकर के स्वतंत्रता आंदोलन में योगदान का जिक्र किया था। इंदिरा ने लिखा था कि वीर सावरकर का ब्रिटिश सरकार के खिलाफ मजबूत प्रतिरोध हमारे स्वतंत्रता आंदोलन में एक विशेष स्थान रखता है। वे देश के महान सपूत के शताब्दी समारोह के आयोजन के लिए बधाई देती हैं।

# नौसेना के अग्निवीरों का पहला बैच तैयार

**कल होगी पासिंग आउट परेड, नौसेनाध्यक्ष होंगे मुख्य अतिथि**

**पहले बैच के 2600 अग्निवीरों में 273 महिलाएं भी**



**एजेंसी। नई दिल्ली**

नौसेना के अग्निवीरों का पहला बैच तैयार हो गया है, जिसकी पासिंग आउट परेड (पीओपी) 28 मार्च को आईएनएस चिल्का पर होगी। पहले बैच के 2600 अग्निवीरों में 273 महिलाएं भी हैं। प्रशिक्षण के सफल समापन का प्रतीक पीओपी के मुख्य अतिथि और समीक्षा अधिकारी नौसेनाध्यक्ष एडमिरल आर हरि कुमार होंगे। सफल प्रशिक्षुओं को समुद्री प्रशिक्षण देने के लिए सीमावर्ती युद्धपोतों पर तैनात किया जाएगा।

दक्षिणी नौसेना कमान के फ्लैग ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ वाइस एडमिरल एमए हम्पी होली ने बताया कि नौसेना ने 273 महिलाओं सहित करीब 2600 अग्निवीरों का चयन करके उनका प्रशिक्षण नवम्बर, 2022 में आईएनएस चिल्का में शुरू किया था। समुद्री योद्धा के रूप में अग्निवीरों ने भारतीय नौसेना के नाविकों के प्रमुख प्रशिक्षण प्रतिष्ठान आईएनएस चिल्का में प्रारंभिक प्रशिक्षण के 16 सप्ताह पूरे किए। आईएनएस चिल्का के प्रशिक्षण में कर्तव्य, सम्मान और साहस के मूल नौसेना मूल्यों के आधार पर शैक्षणिक, सेवा और बाहरी प्रशिक्षण शामिल है।

इस बैच में शामिल अग्निवीर 26 जनवरी को कर्तव्य पथ पर भारतीय नौसेना की गणतंत्र दिवस परेड टुकड़ी के हिस्सा थे। उन्होंने बताया कि यह पासिंग आउट परेड प्रशिक्षुओं के लिए महत्वपूर्ण अवसर और उनके परिवारों के लिए गर्व का क्षण है। नौसेना के अग्निवीरों का यह पहला पासिंग आउट बैच है, जो सशस्त्र बलों और राष्ट्र के लिए नई शुरुआत की दिशा में महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। परंपरागत रूप से पासिंग आउट परेड सुबह के वक्त होती है, लेकिन भारतीय सशस्त्र बलों में पहली बार इस ऐतिहासिक पीओपी को सूर्यास्त के बाद आयोजित किया जाएगा।

मुख्य अतिथि एवं समीक्षा अधिकारी नौसेनाध्यक्ष एडमिरल आर. हरि कुमार अग्निवीरों को विभिन्न श्रेणियों में पुरस्कार प्रदान करेंगे। नौसेना ने देश के पहले चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (सीडीएस) दिवंगत जनरल बिपिन रावत की याद में योग्यता के लिहाज से प्रथम रहने वाली महिला अग्निवीर प्रशिक्षु के लिए 'रोलिंग ट्रॉफी' शुरू की है, जो अगले बैच से दी जाएगी। यह ट्रॉफी स्वर्गीय जनरल रावत की बेटियां कृतिका और तारिनी योग्य महिला अग्निवीर को देंगी।

# सॉफ्टवेयर इंजीनियर ने पूरे परिवार के साथ की आत्महत्या

**पुलिस को फ्लैट से मिला है एक सुसाइड नोट**

**दंपति ने दावा किया है कि उन्होंने इतना बड़ा कदम उठाने का फैसला किया है और उनकी मौत के लिए कोई और नहीं है जिम्मेदार**



**एजेंसी। हैदराबाद**

हैदराबाद में एक सॉफ्टवेयर इंजीनियर ने आत्महत्या करने से पहले अपनी पत्नी और दो बच्चों को जहर दे कर मार डाला। प्रथम दृष्ट्या यह एक सुसाइड पैक्ट लगता है। जी. सतीश (39), उनकी पत्नी जी. वेदा (35) और उनके बच्चे जी. निशिकेत (9) और जी. निहार (5) के शव शनिवार देर रात हैदराबाद के कुशाईगुड़ा इलाके में उनके फ्लैट में मिले। पुलिस को संदेह है कि दंपति ने अपने बच्चों की खराब तबीयत के कारण यह कदम उठाया। पुलिस को फ्लैट से एक सुसाइड नोट मिला है जिसमें दंपति ने दावा किया है कि उन्होंने इतना बड़ा कदम उठाने का फैसला किया है और उनकी मौत के लिए कोई और जिम्मेदार नहीं है।

आत्महत्या में दंपति ने अनुरोध किया कि कोई भी उन्हें बचाने की कोशिश न करे और उन्हें शांति से मरने दिया जाए। दुखद घटना का पता तब चला जब सतीश के जीजा मणिकांत अपार्टमेंट पहुंचे। जब दरवाजे की घंटी बजने पर कोई प्रतिक्रिया नहीं हुई तो उन्होंने सुरक्षा गार्ड को सतर्क किया।

उन्होंने पहली मंजिल के फ्लैट की बालकनी में चढ़ने के लिए सीढ़ी का इस्तेमाल किया और पीछे के दरवाजे की कुंडी तोड़ दी। उन्होंने सतीश को एक कमरे में मृत पाया जबकि उसकी पत्नी और बच्चे दूसरे कमरे में बिस्तर पर मृत पड़े मिले। मणिकांत ने पुलिस को सूचित किया, जो घटनास्थल पर पहुंची और शवों को पोस्टमार्टम के लिए गांधी अस्पताल भेज दिया। फ्लैट से एक सुसाइड नोट भी बरामद हुआ है। दंपति के परिजनों के मुताबिक, वे अपने बच्चों की तबीयत को लेकर तनाव में थे। निजामाबाद जिले के रहने वाले सतीश ने 2012 में सिद्दीपेट जिले की रहने वाली वेदा से शादी की थी।

# भारत ने कनाडा के दूत को किया तलब

**एजेंसी। नई दिल्ली**

पिछले कुछ दिनों में भारतीय मिशनों और वाणिज्य दूतावासों के बाहर खालिस्तान को लेकर प्रदर्शनों पर भारत ने कनाडा के उच्चायुक्त को तलब किया है। उच्चायुक्त को शनिवार को तलब किया गया। विदेश मंत्रालय ने एक बयान में कहाः इस सप्ताह कनाडा में हमारे राजनयिक मिशन और वाणिज्य दूतावासों पर अलगाववादी और चरमपंथी तत्वों की कार्रवाइयों के



India lodges strong protest with Canada

The High Commissioner of Canada was summoned yesterday to convey our strong concern about the actions of separatist and extremist elements against our diplomatic Mission and Consulates in Canada this week.

The Government of India sought an explanation on how such elements were allowed, in the presence of police, to breach the security of our diplomatic Mission and Consulates.

The Government of Canada was reminded of its obligations under the Vienna Convention, and asked to arrest and prosecute the individuals who have already been identified as being involved in such acts.

It is expected that the Canadian Government will take all steps which are required to ensure the safety of our diplomats and security of our diplomatic premises so that they are able to fulfil their normal diplomatic functions.

26 March 2023

बारे में गहरी चिंता व्यक्त करने के लिए कनाडा के उच्चायुक्त को कल तलब किया गया था। इसमें आगे कहा गयाः भारत सरकार ने स्पष्टीकरण मांगा है कि ऐसे तत्वों को पुलिस की मौजूदगी में हमारे राजनयिक मिशन और वाणिज्य दूतावासों की सुरक्षा में सेंध लगाने की अनुमति कैसे दी गई। मंत्रालय के बयान में कहा गया है कि कनाडा सरकार को वियना कन्वेंशन के तहत अपने दायित्वों की याद दिलाई गई और ऐसे लोगों को गिरफ्तार करने और उन पर मुकदमा चलाने के लिए कहा गया, जिन्हें पहले से ही इस तरह के कृत्यों में शामिल होना बताया गया है।

### कोच्चि में तटरक्षक बल का हेलीकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त

**तिरुवनंतपुरम।** भारतीय तटरक्षक बल का एक हेलीकॉप्टर रविवार को कोच्चि में नेदुंबसेरी हवाईअड्डे के रनवे के पास दुर्घटनाग्रस्त हो गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम पर गया हेलीकॉप्टर नेदुम्बस्सेरी हवाईअड्डे से उड़ान भरने के तुरंत बाद दुर्घटनाग्रस्त हो गया। हेलिकॉप्टर में तीन लोग सवार थे। घटना में तटरक्षक अधिकारी सुनील लोटला घायल हो गए और उन्हें अस्पताल ले जाया गया। कोचीन इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड (सीआईएएल) के एक वरिष्ठ अधिकारी ने आईएएनएस को बताया कि दुर्घटना रविवार दोपहर 12 बजकर 25 मिनट पर हुई। अधिकारी ने कहा कि हवाई अड्डे के रनवे को अस्थायी रूप से बंद कर दिया गया है।

# कर्नाटक में शाह ने कांग्रेस व बीआरएस पर साधा निशाना

**एजेंसी। बीदर/कर्नाटक**

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को निजाम के शासन से हैदराबाद को मुक्त करने वाले शहीदों के बलिदान को नजरअंदाज करने के लिए कांग्रेस और बीआरएस को दोषी ठहराया। अमित शाह ने यह बयान कर्नाटक के बीदर जिले के गोरता गांव में गोरता शहीद स्मारक और देश के पहले गृह मंत्री स्वर्गीय सरदार वल्लभभाई पटेल की प्रतिमा के उद्घाटन के दौरान दिया। अमति शाह ने इस मौके पर 103 फुट ऊंचा राष्ट्रीय ध्वज भी फहराया। अमित शाह ने सभा को संबोधित करते हुए याद किया कि एक छोटा झंडा फहराने के लिए गोरता के सैकड़ों लोगों को निजाम की सेना ने मार डाला था। आज हमने यहां एक विशाल झंडा फहराया है।




### राम चरण ने आरसी15 के सेट पर कियारा के साथ बर्थडे केक काटा

**फिल्म** अभिनेता राम चरण सोमवार को 38 साल के हो जाएंगे। उन्होंने अपना जन्मदिन अपनी आगामी फिल्म आरसी15 के सेट पर



अपने क्रू और सह-कलाकार कियारा आडवाणी के साथ मनाया। राम चरण ने शनिवार को सेट पर अपना जन्मदिन मनाया और केक काटने की रस्म भी अदा की। उन पर गुलाब की पंखुड़ियां बरसाई गईं। उनके साथ कियारा, निर्देशक एस. शंकर और कोरियोग्राफर-अभिनेता प्रभु देवा भी शामिल हुए। सोशल मीडिया पर कई तस्वीरें वायरल हो रही हैं, जहां राम चरण नीले रंग की शर्ट, पैन्ट्स और सनग्लासेज पहने नजर आ रहे हैं। कियारा व्हाइट टॉप और ब्लू जींस में थी। खबरों के मुताबिक, आगामी फिल्म वर्तमान समय की राजनीति के साथ एक एक्शन ड्रामा के रूप में पेश की जाएगी। यह तीन भाषाओं - तेलुगु, तमिल और हिंदी में रिलीज होगी।

### कावेरी प्रियम ने किया खुलासा, कैसे पेशेवर और निजी जीवन में बनाती हैं बैलेंस



**अभिनेत्री** कावेरी प्रियम को शो 'ये रिश्ते हैं प्यार के' में एक नकारात्मक किरदार निभाने के लिए काफी सराहना मिली है और वर्तमान में वह 'दिल दियां गल्लां' में मुख्य भूमिका निभाती नजर आ रही हैं। उन्होंने साझा किया कि किस तरह फैमिली ड्रामा में अमृता का किरदार निभाने के बाद उन्हें अपने जीवन में रिश्तों के महत्व का एहसास होने लगा है। उन्होंने कहाः मुझे अमृता का किरदार निभाए हुए काफी समय हो गया है और मुझे कहना होगा कि जिस तरह से शो ने जीवन की जटिलताओं को चित्रित किया है और दिखाया है कि गलत संचार के कारण मनुष्य कैसे दूर हो जाते हैं, वह सराहनीय है। मुझे लगता है कि 'दिल दियां गल्लां' के साथ, मैं अपने माता-पिता की भावनाओं के बारे में अधिक जागरूक हो गई हूं। अभिनेत्री ने आगे बताया कि कैसे वह अपने पेशेवर और निजी जीवन के बीच संतुलन बनाती हैं और अपने परिवार के लिए समय निकालती हैं। उन्होंने कहाः मेरा मानना है कि यह आपके व्यक्तिगत और पेशेवर जीवन को संतुलित करने का सबसे अच्छा तरीका है। यदि आप अपने करीबी लोगों के साथ संवाद करते हैं तो गलतफहमी के लिए कोई जगह नहीं हो सकती। इस तरह के व्यस्त कार्यक्रम के साथ मुझे आमतौर पर मेरे माता-पिता के साथ बात करने का मौका नहीं मिलता है।

**मान्यता** मनोकामना पूर्ति के लिए क्या-क्या नहीं करते लोग!

# विश पूरी करने के लिए पुरुष बन जाते हैं स्त्री

**एजेंसी। तिरुवनंतपुरम**

कोल्लम के चावरा में प्रसिद्ध कोट्टानकुलंगरा देवी मंदिर में पारंपरिक अनुष्ठान के हिस्से के रूप में, इस साल रविवार को समाप्त होने वाले त्योहार के अंतिम दो दिनों में हजारों पुरुष महिलाओं के रूप में तैयार होते हैं। मान्यता है कि यदि पुरुष 19 दिनों तक चलने वाले वार्षिक मंदिर उत्सव के अंतिम दो दिनों में महिलाओं के रूप में तैयार होते हैं, तो स्थानीय देवता प्रसन्न होते हैं और मनोकामना पूरी करते हैं।

पिछले कुछ सालों में, अपने रिश्तेदारों और दोस्तों के साथ आने वाले पुरुषों की संख्या में वृद्धि हुई है और 10 हजार का आंकड़ा पार कर लिया गया है। इस विशेष घटना



को कोट्टनकुलंगरा चमायविलक्कू कहा जाता है। सबसे लोकप्रिय कहानी के अनुसार, परंपरा की शुरुआत लड़कों के एक समूह द्वारा की गई थी, जो गायों को पालते थे और लड़कियों के रूप में तैयार होते थे। फूल और 'कोटन' (नारियल से बनने वाली डिश) चढ़ाते थे। एक दिन देवी एक लड़के के सामने प्रकट हुईं। इसके बाद, देवी की पूजा करने के लिए महिलाओं के रूप में पुरुषों के कपड़े पहनने की रस्म शुरू हुई। पत्थर को देवता माना जाता है। एक मान्यता यह भी है कि पत्थर सालों से आकार में बढ़ता जा रहा है। अब जब यह अनुष्ठान बेहद लोकप्रिय हो गया है, तो यह त्योहार विभिन्न धर्मों के लोगों को आकर्षित करता है और उनमें से बड़ी संख्या लोग केरल के बाहर से आते हैं। तमिलनाडु के एक युवक शेल्डन ने कहाः मैं कुछ सालों से इस अनुष्ठान के बारे में सुन रहा था और मैं आना चाहता था और आखिरकार मैं इस साल आ गया। एक महिला के रूप में तैयार होने के बाद, मुझे लगा कि मैंने वह हासिल कर लिया है जिसकी मैं कुछ समय से योजना बना रही थी।

### तैयार होने के लिए ले जाना पड़ता है दीपक

**पुरुषों** को महिलाओं या लड़कियों के रूप में तैयार होने के लिए दीपक ले जाना पड़ता है, जो किराए पर उपलब्ध हैं, लेकिन उन्हें अपनी पोशाक लेनी पड़ती है। अगर किसी को मदद की जरूरत है, तो सहायता के लिए ब्यूटीशियन हैं। जब त्योहार रविवार को समाप्त हुआ, तो हजारों लोग आशा और खुशी से भरे हुए लौटे।

### 'नुमानी' की शूटिंग के दौरान पुरानी यादें ताजा कर रहीं शिल्पा राव



**हाल** ही में नए सिंगल 'नुमानी' के लिए पॉप रॉक बैंड फरीदकोट के साथ जोड़ी बनाने वाली पाश्र्व गायिका शिल्पा राव इस समय ट्रैक के लिए संगीत वीडियो की शूटिंग कर रही हैं और अपने गृहनगर जमशेदपुर की पुरानी यादों को ताजा कर रही हैं। गाने की शूटिंग के दौरान, सुंदर प्राकृतिक स्थान ने शिल्पा को उनके बचपन के दिनों की याद दिला दी, जब वह एक आम के पेड़ के नीचे गायन का अभ्यास करती थीं। 'मनमर्जियां' की हिटमेकर ने अपने अनुभव के बारे में बात करते हुए कहा : हम एक जंगल के बीच में शूटिंग कर रहे हैं और मैं कुछ आम के पेड़ों की छाया में बैठकर इस ट्रैक को फिल्मा रही हूं - यह मुझे अपने बचपन के बारे में सोचने पर मजबूर कर देता है, क्योंकि जमशेदपुर में मैं मेरे घर के पास आम के पेड़ों के नीचे मेरा रियाज करने के लिए आओ.. तो मुझे वही वाइब महसूस हो रहा है। और गाना बहुत सुंदर है।

### प्रियंका ने पति निक के साथ 'सैटरडे नाइट' एन्जॉय की

**भारतीय** अभिनेत्री प्रियंका चोपड़ा जोनस ने एक नया वीडियो साझा किया है, जहां वो और उनके पति निक जोनस 'सैटरडे नाइट' का आनंद लेते नजर आ रहे हैं। ऐसा लगता है कि दोनों सैटरडे नाइट के लिए अपने बच्चे से दूर थे। हालांकि, रविवार को प्रियंका ने अपने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो पोस्ट किया, जिसमें उनकी और निक की सैटरडे नाइट की झलक दिखाई गई। वीडियो में कपल को एक रेस्टोरेंट में बैठकर खाना एंजॉय करते हुए देखा जा सकता है, लेकिन दोनों थके हुए नजर आ रहे हैं। क्लिप के अंत में, निक को संगीत के लिए अपना सिर हिलाते हुए देखा जा सकता है, जबकि प्रियंका हंसती नजर आ रही हैं। वीडियो में लिखा है, जब मम्मी और पापा शनिवार की रात ऐसा करने की कोशिश करते हैं।